धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार

07.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 145



12 'वनवास' की कहानी दिल को छू गयी

## न्यूज डायरी

### रेपो रेट यथावत, एमआइ में कोई राहत नहीं

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में आयी शिथिलता और खुदरा महंगाई में हाल की तेजी पर कड़ी नजर रखते भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को लगातार 11वीं बार नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर को यथावत रखा। आरबीआइ के इस फैसले से ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है।

### पलामू में टीएसपीसी का नक्सली गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पुलिस ने नक्सली संगठन टीएसपीसी दस्ते के सदस्य जितेन्द्र सिंह उर्फ मंत्री उर्फ अभियंता (28) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। दस्ता को छोड़कर घर आने के कारण वह हथियार नहीं ला पाया था। जितेन्द्र जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सलैयाखुर्द का रहने वाला है। इसके खिलाफ आधा दर्जन आपराधिक मामले छतरपुर और नौडीहा बाजार थाना में दर्ज है। एएसपी (अभियान) राकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### पंजाब से आ रही शराब की पकड़ी गयी बड़ी खेप

**रांची।** पंजाब के लुधियाना से झारखंड आ रही अवैध शराब की बड़ी खेप गढ़वा जिले में पकड़ी गयी। इस सिलसिले में हरियाणा के दो और राजस्थान के एक तस्करी के आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब लाखों रुपये मूल्य की बतायी गयी है। एसपी ने शुक्रवार को बताया कि शराब यूपी की ओर से नगर उंटारी होते हुए बिहार एवं झारखंड के अन्य स्थानों पर जाने वाली थी।

### हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल में विभागों का किया गया बंटवारा

# राधाकृष्ण को मिला वित्त विभाग इरफान अंसारी संभालेंगे स्वास्थ्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत मंत्रिमंडल में शुक्रवार को विभागों का बंटवारा हो गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, गृह, कारा सहित पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, संसदीय कार्य रहित के अलावा वैसे सारे विभाग जो अन्य मंत्रियों को आवंटित नहीं हुए, मिले हैं। वहीं राधा कृष्ण किशोर को वित्त और इरफान अंसारी को स्वास्थ्य विभाग मिला है।

### हेमंत सोरेन, सीएम



कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, गृह-कारा सहित विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, संसदीय कार्य रहित तथा वैसे सारे विभाग जो अन्य मंत्रियों को आवंटित नहीं है।

### राधा कृष्ण किशोर



वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग।

### दीपक बिरुवा



राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, निबंधन रहित, परिवहन विभाग।

### चमरा लिंडा



झामुमो के चमरा लिंडा को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर।

### इरफान अंसारी



स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, आपदा प्रबंधन।

### सुदिव्य कुमार



नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग।

### दीपिका पांडेय सिंह



कांग्रेस नेत्री दीपिका पांडेय सिंह को ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, और पंचायती राज विभाग आवंटित किया गया।

### योगेंद्र प्रसाद



झामुमो कोटे से गोमिया विधानसभा सीट से निर्वाचित विधायक योगेंद्र प्रसाद को हेमंत सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग आवंटित किया गया है।

### रामदास सोरेन



घाटशिला से निर्वाचित झामुमो नेता रामदास सोरेन को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, निबंधन विभाग आवंटित किया गया है।

### संजय प्रसाद यादव



राजद कोटे से निर्वाचित विधायक संजय प्रसाद यादव को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग।

### हफीजुल हसन



झामुमो नेता हफीजुल हसन को हेमंत सरकार में जल संसाधन विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की जिम्मेवारी मिली है।

### शिल्पी नेहा तिर्की



मांडर विधानसभा सीट से विधायक बनीं शिल्पी नेहा तिर्की को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मिला है।

### कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को दिया टास्क

# कर्मियों के प्रमोशन की होगी समीक्षा

- आप्त सचिव व निजी स्टाफ के चयन में सावधानी बरतें
- दो महीने के भीतर हर जिले का दौरा करें
- झारखंड को बेहतर दिशा देने पर किया गया विचार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कैबिनेट विस्तार के शुक्रवार को बैठक कर सभी मंत्रियों को कई दिशा निर्देश दिये। बैठक में काम को लेकर 15 से 16 बिंदु बनाये गये। बैठक के बाद उन्होंने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के कर्मियों के प्रमोशन की समीक्षा होगी। समस्याओं का जल्द से जल्द निदान होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को बेहतर दिशा कैसे दी जा सकती है इस पर हमने चर्चा की। हमने इसकी परेखा तैयार की है। इसके तहत सभी मंत्री अपने-अपने विभागों की समीक्षा करना शुरू करेंगे। प्रत्येक जिले में विभागवार बैठक होगी। इसमें समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान होगा। सीएम ने सलाह दी कि आप्त सचिव तथा निजी स्टॉफ रखते समय उसकी पृष्ठभूमि जरूर देख लें ताकि विवादित कर्मी मंत्री कार्यालय में स्थान नहीं पायें।

### सभी मंत्री करेंगे हर जिले का दौरा

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने सभी विभागों में जो भी समस्या है, उसके लिए सुधार के निर्देश दे दिये हैं। सभी मंत्री 2 महीने के भीतर हर जिले का दौरा करेंगे। इसके बाद सभी अपने अपने विभाग के काम को लेकर रोडमैप तैयार करेंगे। इसकी सूचना वे मुझे समय समय पर देते रहेंगे। इस दौरान जो भी समस्या आयेगी, हम उसका समाधान निकालेंगे। बैठक में सभी विभागों के मंत्री शामिल थे।

## उपायुक्त मंजू नाथ भजंत्री मामले में सुप्रीम कोर्ट का इसीआइ को नोटिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले के उपायुक्त के पद पर पदस्थापित मंजू नाथ भजंत्री की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने भारत का चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए पक्ष रखने का निर्देश दिया है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 7 जनवरी को निर्धारित की गई है। मंजू नाथ भजंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए चुनावी कार्य से दूर रखे जाने के आदेश को रद्द करने की मांग की है। दरअसल 22 सितंबर को हाईकोर्ट ने आइएएस अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और उन्हें चुनावी कार्यों से अलग रखने के आदेश के खिलाफ दायर अपील याचिका स्वीकार कर ली थी। जिसके बाद उन्हें चुनाव के कार्य से दूर रखा गया था।

### 43 सेकेंड में ही लोस की कार्यवाही स्थगित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शुक्रवार को विपक्ष के भारी हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही को 43 सेकेंड में ही स्थगित कर दिया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि चाहे कुछ भी हो जाए, वे सदन की गरिमा नहीं गिरने देंगे। उन्होंने विपक्षी सांसदों से सवालिया लहजे में कहा, यह प्रश्नकाल है, क्या आप सदन नहीं चलने देना चाहते हैं? उन्होंने कहा, मेरा आपसे आग्रह है कि आप लोग प्रश्नकाल में सहयोग करें। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ने सदन को एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धिपत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–19/2024–25 ,PR संख्या–331730 Building (24-25)D द्वारा प्रकाशित निविदा ग्रुप सं0–01 कार्य का नाम– Renovation work for Primary School, Huduwa, Block- Barka gaon, Hazaribag को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 341363 Building(24-25).D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची**
कमरा नं० 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची- 834001
ई-मेल - eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com, फोन नं० - 0651–3512781

पत्रांक................./ राँची, दिनांक ......../......../2024

**शुद्धि-पत्र**

प्रखण्ड– चान्हो अन्तर्गत सिलागाई सोलर उद्धव सिंचाई योजना का निर्माण कार्य का समाचर पत्रों में प्रकाशित निविदा जिसका PR No.340780 Minor Irrigation (24-25)_D है। उसमें ई० निविदा आमंत्रण सं० WRD/MID/01 BD (DE)/2024-25 के जगह पर ई० निविदा आमंत्रण सं० WRD/MID/01 BD/SLI/2024-25 पढ़ा जाए एवं कार्य के नाम Construction of Silagai Lift Irrigation Scheme (Solar Pannel System) at Village- Silagain, Block- Chanho, District- Ranchi के जगह पर Construction of Silagai Solar Lift Irrigation Scheme at Village- Silagain, Block- Chanho, District- Ranchi पढ़ा जाए।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची

PR 341372 Minor Irrigation (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा**
Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com

पत्रांक................./सिमडेगा, दिनांक ................../

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **RDD/SD/SIMDEGA/09/2024-25** जिसका **Pr. N0. 340411 (Simdega) 24-25 (D)** है के द्वारा प्राकाशित निविदा में अपरिहार्य कारणवश निम्न रूपेण आंशिक संसोधन किया जाता है :–

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–08.12.2024 को 11:00 बजे पूवाह्न में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 08.12.2024 से 15.12.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :– 16.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा।

PR.NO.341404 Simdega(24-25):D



**Department of Higher and Technical Education**
**Government of Jharkhand**
**3rd Floor, Yojna Bhawan, Nepal House Campus**
**Doranda, Ranchi - 834002**

**PRESS RELEASE**
**Data Sheet for Notice Inviting Proposal**

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Notice issuing Authority and address for Proposal Submission | Joint Secretary Department of Higher and Technical Education Government of Jharkhand 3rd Floor, Yojna Bhawan, Nepal House Campus Doranda, Ranchi - 834002 |
| 2. | Document Reference No. | **1878, Dated: 05-12-2024** |
| 3. | Availability of the Notice Inviting Proposal | Notice Inviting Proposal is available and downloadable at: https://www.jharkhand.gov.in/hte All subsequent changes to the Notice Inviting Proposal shall be published on the above-mentioned website. |
| 4. | Mode of Submission of Notice Inviting Proposal | Hard Copy at the address of the issuing authority mentioned in Sl. No. 01 |
| 5. | Last date for submission of hard copy of Proposal | 18.12.2023 till 03:00 PM |
| 6. | Date and Time of the Presentation | 24.12.2024, 03:30 PM onwards |
| 7. | Mode of Submission | Hard Copy |
| 8. | Helpline Number | 0651-3511031 |

Sd/-
(Ramniwas Yadav), I.A.S
Director, Higher Education

PR 341387 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(24-25)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER. MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
**Tender Reference No:-**
**WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-02/2024-25**
**Letter no:- 647 Date :- 05.12.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of BakhariSolar Lift Irrigation Scheme |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,09,43,400=00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | **Rs. 10,000=00**only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | **Rs. 1,09,500=00** only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publicationof Tender on website(http:// jharkhandtenders.gov.in) | Date: 23 .12.2024, Time - 04.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submissionof Tender on Website | Date: - 03.01.2025, Time :- 04.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 23 .12.2024, Time -4.00 PM Last Date:- 03.01.202 5, Time :- 3. 00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: - 04.01 .202 5, Time :-04.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division Medininagar |
| 12 | Contact No. of Procurement Officere-mail of Procurement Officer | 06562 - 240100 eemidmed - cemr -jhr@gmail.com |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 0651 - 2214784 |

**Note:-**

➢ Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics ( confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps **(DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

➢ **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Medininagar**

PR.NO.341353 Minor Irrigation(24-25):D


## प्रोटेम स्पीकर ने वरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# विशेष सत्र को लेकर मुकम्मल व्यवस्था हो : स्टीफन मरांडी

- **प्रोटेम स्पीकर ने सत्र को ध्यान में रखते हुये मुख्य सचिव सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 9से 12 दिसंबर तक होने वाले झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के संचाल को ले कर प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने शुक्रवार को वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। प्रोटेम स्पीकर ने मुख्य सचिव अलका तिवारी सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने नये सदस्य के बैठने एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने बैठक में प्रोटेम स्पीकर को अवगत कराया कि सत्र को ले कर पर्याप्त सुरक्षा बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। सत्र के दौरान पर्याप्त चिकित्सकों की व्यवस्था के अलावे आवश्यक जीवन रक्षक दवा व एम्बुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश बैठक में दिया गया। विधानसभा आने के क्रम में किसी भी प्रकार के अनावश्यक भीड़-भाड़ तथा उचित ट्रैफिक प्रबंधन के संबंध में भी बैठक में चर्चा हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने अवगत कराया कि सत्र के दौरान पदाधिकारी दीर्घा में वरीय पदाधिकारियों के प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश निर्गत किये जा चुके हैं। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी के अलावा पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव वंदना दादेल, मस्तराम मीणा, प्रशांत कुमार, राजेश शरण सिंह, रांची डीसी मंजुनाथ भजंत्री, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा एवं झारखंड विधान सभा के प्रभारी सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम उपस्थित थे।

इसके बाद श्री मरांडी ने प्रेस-मीडिया के प्रतिनिधियों संग भी बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से मीडिया कवरेज के बारे में चर्चा की गयी। इस बैठक में बिनय कुमार, आनंद मोहन, दीवाकर कुमार, बिनोद ओझा, भरत भूषण प्रसाद, सुरेंद्र लाल सोरेन, अशोक गोप, एसएम खुर्शीद, सरफराज हुसैन, मनोज कुमार, उदय चौहान, नमीता दास, सत्यजीत कुमार, जयदीप देवघरिया आदि उपस्थित थे। विशेष सत्र में 11 को सीएम हेमंत सोरेन विस्वास मत हासिल करेंगे।

## नक्शा नियमितीकरण और पेयजल प्राथमिकता : सुदिव्य कुमार सोनू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटन एवं कला संस्कृति मंत्री सुदिवय कुमार का नगर विकास एवं आवास विभाग में प्रधान सचिव सुनील कुमार ने स्वागत किया। इस अवसर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र में भवनों का नियमितीकरण का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये हरसंभव कदम उठाया जायेगा। नगर विकास विभाग की शहरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की जवाबदेही है। इस जवाबदेही को प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शहरों में स्वच्छता एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिये सिवरेज सिस्टम पर विशेष बल दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर निकायों के संसाधनों और आधारभूत संरचना को विकसित कर उनकी स्थिति सुदृढ़ की जायेगी। जल्द ही नगरों के विकास, शहरों के सौंदर्यीकरण और प्राथमिक सुविधाओं से संबंधित चालू एवं जारी होने वाली योजनाओं की जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली जायेगी। नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक सत्येन्द्र कुमार, विभाग के अपर सचिव मनोहर मरांडी, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, सुडा के सहायक निदेशक सूरज उरांव, अवर सचिव अतुल कुमार ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। साथ विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों ने भी मंत्री से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया।

## मुख्यमंत्री से मिले विभिन्न जिलों के लोग



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री से कई सामाजिक संगठन के लोगों ने भी मुलाकात की तथा उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये उन्हें धन्यवाद दिया।

## मेदिनीनगर बालिका गृह घटना की हो न्यायिक जांच : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर बालिका गृह में बच्चियों के शोषण के मामले में बाल संरक्षण आयोग के अधिकारियों की भूमिका बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सीडब्ल्यूसी सदस्य द्वारा बालिका गृह में रह रहीं बच्चियों की तस्वीर खींचना और गलत कार्यों के लिये दबाव डालना बेहद गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है। बल्कि यह घटना प्रशासनिक तंत्र की असफलता और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के उपर सुरक्षा और न्याय के संरक्षक होने की जिम्मेदारी है, वही शर्मनाक कृत्य में लिप्त पाये गये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले में न्यायिक जांच करा के सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आग्रह किया। ताकि पीड़ित बच्चियों को न्याय मिल सके।

## भाजपा मुख्यालय में दी गयी डॉ आंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि


# बाबासाहेब बड़े समाज सुधारक और अर्थशास्त्री थे : रवींद्र राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा मुख्यालय में संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि डॉ अंबेडकर समाज सुधारक के अलावा एक अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने कहा कि भीमराव आंबेडकर की विरासत देशभर में प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के क्षेत्र में जो क्रांति शुरू की। वह हमेशा प्रासंगिक रहेगी। उनके विचार और योगदान वंचितों के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित हुये। संविधान निर्माता, समाज सुधारक और दलितों के मसीहा कहे जाने वाले आंबेडकर का छह दिसंबर 1956 में निधन हुआ था। उन्होंने कहा कि लगातार अभाव, भेदभाव और संघर्ष से जूझते हुये जीवन में सफल होने का साहस बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन से सीखा जा सकता है। उन्होंने लगातार संघर्ष से बीएए एमए, एएम, एससी, पीएचडी, बैरिस्टर आदि के साथ लगभग 32डिग्रियां हासिल की तथा 9 भाषाओं में महारथ हासिल की थी। कार्यक्रम में हेमंत दास, रामचन्द्र नायक, जोगेन्द्र लाल, रंजन पासवान, सुबोध कांत, खुदा राम, कमलेश राम, राजीव राज लाल, राकेश राम, गोविंद बाल्मिकी, मनोज राम, संजय चौधरी, प्रेम मित्तल, सूरज चौरसिया, बबीता वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सैनिक कल्याण निदेशालय का शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को सैनिक कल्याण निदेशालय का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट कर सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में बैज लगाया। इस अवसर पर राज्यपाल ने भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि हमारे वीर जवानों के शौर्य, सतर्कता और समर्पण के कारण ही देश की सीमायें एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं द्वारा युद्धकाल और आपदा के समय निभाये गये अतुलनीय कर्तव्यों और साहसिक योगदान की सराहना करते हुये कहा कि उनकी निष्ठा और बलिदान से हमारा राष्ट्र सदैव गौरवान्वित हुआ है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे। राज्यपाल ने सभी नागरिकों से आशान किया कि वे अपनी क्षमता के अनुसार श्सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोषश में योगदान देकर उन वीर सैनिकों और उनके परिवारजनों के प्रति अपना आभार प्रकट करें। शिष्टमंडल में निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय ब्रिगेडियर निरंजन कुमार, अपर निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय कर्नल एसपी गुप्ता, राज्य प्रबंधक, सैनिक बाजार ले कर्नल प्रदीप झा आदि मौजूद थे।

## बच्चों के ऑनलाइन यौन शोषण पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था झारखंड सरकार के मार्गदर्शन में बाल कल्याण संघ एवं चिल्ड्रेन ऑफ इंडिया फाउंडेशन के सयुक्त तत्वधान में राजधानी के होटल कैपिटल हिल में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय बच्चों का ऑनलाइन यौन शोषण था। कार्यशाला का शुभारंभ समाज कल्याण विभाग झारखंड सरकार के उप सचिव विकास कुमार, झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य विकास दोदराजका, उप श्रम अधीक्षक राजेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर मुख्य अतिथि विकास कुमार ने कहा कि डिजिटल युग में बच्चों की सुरक्षा आज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने ऑनलाइन शोषण के बढ़ते मामलों को गंभीर चिंता का विषय बताते हुये कहा कि सरकार और समाज को मिलकर इस समस्या का समाधान खोजना होगा। और हमारा विभाग इसे गंभीरता से लिया और इसका शुभारंभ हम यहां से कर रहे हैं। कार्यक्रम में बच्चों के ऑनलाइन शोषण को रोकने के लिये नीतिगत सुधार, तकनीकी ऑनलाइन खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में विकास दोदराजका सदस्य झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने कहा कि बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्ति करने के लिए सरकार और आयोग के स्तर में हम बेहतर करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि परिवार और समाज को सतर्क बनाया जाये। बाल कल्याण संघ के संस्थापक संजय मिश्र ने कार्यशाला में अपने विचार रखते हुये कहा कि बच्चों के शोषण के तरीके समय के साथ बदल गये हैं।


**शपथ पत्र**

**शपथ पत्र संख्या: 25064**

दिनांक :20-12-2023 के अनुसार मैं, प्रमेन्द्र राम, पिता-कन्हाई राम, जन्म दिनांक 18.02.1986, निवासी ग्राम-चेरीपोखर, पोस्ट-बेलहारा, थाना-गढ़वा, जिला गढ़वा, झारखण्ड राज्य, शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ:-

1- कि मेरा आधार कार्ड सं०- 9800 2302 6197 में एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम PRAMENDRA RAM अंकित है जो कि सही एवं सत्य है।

2- यह कि मेरा सर्विस बुक में मेरा नाम PRAMENDR RAM दर्ज है, जो कि गलत है।

3- यह कि उक्त सर्विस बुक में अपना नाम PRAMENDR RAM के स्थान पर PRAMENDRA RAM दर्ज कराना चाहता हूँ इसी के सत्यता के प्रमाण में मैं इस शपथपत्र का निष्पादन कर रहा हूँ।

4- यह कि शपथपत्र मेरे निर्देशानुसार तैयार कराई गई है जिसमें वर्णित सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है। गलत पाये जाने पर समस्त जिम्मेवारी मेरी होगी।


# पुलिस मुख्यालय का सख्त निर्देश : उग्रवादी आगजनी की वारदातें नहीं रुकीं तो नपेंगे अफसर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के कुछ जिलों में नक्सली और उग्रवादियों के साथ साथ कुछ आपराधिक तत्वों द्वारा लगातार की जा रही आगजनी एवं गोलीबारी कर लोगों के बीच फैलायी जा रही दहशत को रोकने के लिए झारखंड पुलिस ने सख्त फैसला लिया है। इस तरह की घटनाओं को लेकर लातेहार, खूंटी और हजारीबाग जैसे जिले बेहद संवेदनशील हो गए हैं। यहां आए दिन इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसे मामलों को लेकर अब पुलिस मुख्यालय बेहद सख्त हो गया। झारखंड के डीजीपी ने आगजनी के सभी मामलों की डिटेल रिपोर्ट के साथ-साथ 7 दिनों के अंदर एक्शन टेकन रिपोर्ट भी मांगी है। इसके साथ ही कार्रवाई की भी तैयारी है।

### कड़े निर्देश जारी

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि हाल के दिनों में हजारीबाग, खूंटी, चतरा, रांची और लातेहार में नक्सली उग्रवादी स्प्लिंटर ग्रुप और अपराधी गुटों के द्वारा आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। जिन स्थानों पर आगजनी और फायरिंग की वारदातें हुई हैं अधिकतर मामलों में स्थानीय थाना को सूचना दी जाती है। पूर्व में यह निर्देश दिया गया था कि ऐसे सभी मामलों में एफआईआर दर्ज करते हुए सभी आवश्यक कार्रवाई की जाए। ऐसे सभी मामलों में थाना प्रभारी को बेहद सचेत रहने की जरूरत है। प्रभावित जिलों के एसपी को खुद से पूरे मामले की मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया गया है।

### लापरवाह थाना प्रभारियों पर मुख्यालय लेगा एक्शन

आईजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि आपराधिक गुटों द्वारा आगजनी और फायरिंग के मामलों में अगर सही समय पर एक्शन नहीं लिया गया। साथ ही ऐसे मामलों में अगर संबंधित थाना प्रभारियों की भूमिका लापरवाही भरी रही तो उनके ऊपर सीधे पुलिस मुख्यालय से कार्रवाई की जाएगी।



### अभियान चलाएं, कसें नकेल

आईजी अभियान ने बताया कि जिन जिलों में उग्रवादियों, नक्सलियों और अपराधी गुटों के द्वारा वारदातों को अंजाम दिया गया है। वहां उनके खिलाफ मजबूत पुलिसिया कार्रवाई के निर्देश सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को दिया गया है।

### थाना प्रभारी ही करेंगे मामले की जांच

आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि डीजीपी झारखंड ने कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि जिन थाना क्षेत्रों में आगजनी से लेकर फायरिंग की घटनाएं हुई हैं उस मामले की जांच थाना का कोई भी कनीय अफसर नहीं करेगा। इस मामले में डीजीपी का स्पष्ट निर्देश है कि मामले की जांच सिर्फ और सिर्फ थाना प्रभारी ही करेंगे। केस का आईओ खुद थाना प्रभारी ही रहेंगे।

### लातेहार, खूंटी, हजारीबाग और चतरा में वारदात

राजधानी रांची के ग्रामीण इलाके खूंटी, चतरा, लातेहार और हजारीबाग जैसे जिलों में उग्रवादी संगठन टीपीसी, पीएलएफआई, जेजेएमपी के साथ-साथ कुछ आपराधिक गुट दहशत फैलाने में लगे हुए हैं। नक्सलियों के खात्मे में लगी झारखंड पुलिस के लिए स्प्लिंटर ग्रुप परेशानी का सबक बने हुए हैं। स्प्लिंटर ग्रुप न सिर्फ बल्कि अमन साव, अमन श्रीवास्तव और सुजीत श्रीवास्तव गिरोह भी उग्रवादियों के तर्ज पर फायरिंग और आगजनी कर रहे हैं।

25 नवंबर को तो पीएलएफआई के हथियार बंद दस्ते ने चाईबासा के गुदड़ी में बालू तस्करी को लेकर दो युवकों की हत्या कर दी थी। वहीं 26 नवंबर और 3 दिसंबर को पीएलएफआई के द्वारा खूंटी में कई वाहनों में आगजनी की गई।

### लातेहार में ज्यादा दहशत

सबसे ज्यादा दहशत झारखंड के लातेहार जिला में कायम किया जा रहा है। यहां एक महीने के भीतर आगजनी और गोलाबारी की 10 वारदातें सामने आ चुकी हैं। लातेहार में 20 नवंबर को जेजेएमपी के उग्रवादियों ने चार हाइवा वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। 24 नवंबर को अमन साव के गुर्गों के द्वारा एके 47 से एक कोयला ट्रक पर फायरिंग की गई। 15 नवंबर को लातेहार के चंदवा में पेट्रोल पंप पर फायरिंग की गयी।

इसी तरह नवंबर महीने में ही लातेहार के बालूमाथ स्थित कोयला साइडिंग पर भी फायरिंग की गई। इस मामले की जांच में यह बात सामने आई है कि फायरिंग और आगजनी करने वाले उग्रवादी संगठनों के स्प्लिंटर ग्रुप हैं जो सिर्फ और सिर्फ पैसे वसूलने के लिए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

सुप्रभात
शनिवार 07.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 226
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



# जन समस्याओं को दूर करना प्रशासन का दायित्व

## जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी ने आज समाहरणालय में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया।




जनता दरबार में सरकारी जमीन पर कब्जा, जमीन बंदोबस्ती, रोड चौड़ीकरण, अवैध निर्माण पर रोक लगाने, आवास एवं भरण पोषण से संबंधित, पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि जनता की समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। मौके पर जिला भूअर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलखो, प्रभारी जन शिकायत कोषांग सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री आलोक कुमार मिश्रा मौजूद रहें।

# सिंदरी में आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण

## बाबासाहेब के सिद्धांतों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा नेता सह जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने अपने समर्थकों संग रोहड़ाबाँध स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर शुक्रवार को फूलों की माला पहना कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर भाजपा नेता ने कहा की हमें बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए उनके बनाए सिद्धांतो और संविधान पर चलने की जरूरत है। मौके पर बलबीर जेदिया उर्फ बिल्लू, जे पी सिंह, संजय सिंह, संजय मिश्रा, सरवन महतो,उत्तम सिंह, दीपक सिंह, सुरेश प्रसाद, गुड्डु सिंह, मनीष राय, अखिलेश यादव, मालाकार महतो आदि लोग मौजूद थे।



उधर सिंदरी के रोहड़ाबाँध स्थित बाबासाहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा नेता दिनेश सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि देश के संविधान का निर्माण कर बाबासाहेब ने देश को सर्वोपरि बनाया। वे एक प्रखर व्यक्तित्व, ज्ञान के प्रतीक और भारत के सुपुत्र थे। बाबासाहेब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में भाजपा नेता दिनेश सिंह, बुधन राम, शिवपूजन राम, बलबीर जेदिया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू



**जोड़ापोखर।** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डिगवाडी मे आज से दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक डॉ आर. एन. चौबे ने मसाल जलाकर एवं गुब्बारे उड़ाकर उद्घघाटन किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस प्रकार का आयोजन करने के लिए स्कूल प्रबंधन की सराहना की। सर्वप्रथम आलफिया सलीम, शिफा साहिज, जिया कुमारी, सुप्रिया, सिमरंन, रॉकी सिन्हा, ऋषिकेश आनंद एवम सुजल बाउरी ने मसाल जलाकर खेल का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स इवेंट एवं छोटे छोटे बच्चे ने शशि भाटिया एवं रमा चक्रवर्ती के निदेर्शानुसार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### बिरनी प्रखंड में चिरुडीह से पोखरिया सड़क निर्माण कार्य अधूरा



**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के चिरुडीह गाँव से पोखरिया संपर्क सड़क का निर्माण कार्य अधूरा है, जिसके चलते ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास पूर्व विधायक द्वारा किया गया था, लेकिन चुनाव के बाद से कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है। सलेडीह से चिरुडीह मोड़ तक और पोखरिया से बलिया गाँव तक पीसीसी सड़क का कुछ हिस्सा का निर्माण हुआ है, लेकिन संवेदक की उदासीनता के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। स्थानीय ग्रामीणों में कयूम अंसारी, इदरिस अंसारी, सकुर अंसारी, मिनहाज अंसारी, रंजीत वर्मा आदि, का कहना है, कि जिस उम्मीद से सड़क का शिलान्यास हुआ था, वह अब निराशाजनक स्थिति नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है, कि यदि एक सप्ताह के अन्दर निर्माण कार्य पुनः शुरू नहीं हुआ, तो संवेदक के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस मामले में जब संवेदक रंजीत कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य विभागीय कारणों से रुका हुआ है।

# बच्चे देश के सुनहरे भविष्य : प्रधान जिला जज

## मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए बीस सदस्यीय टीम का गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बच्चों को विशेष तौर पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के सर्वोच्च न्यायालय(नालसा) के निर्देश के आलोक में धनबाद में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए फ्री लीगल सर्विस यूनिट का गठन किया गया है।



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में गठित उक्त कमेटी का अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन को बनाया गया। कमेटी में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी के रूप में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पियूष कुमार एलएडीसीएस डिप्टी चीफ के अलावा, पैनल अधिवक्ताओं के अलावा पारा लीगल वॉलंटियर को भी शामिल किया गया। कमेटी द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग, देखभाल व संरक्षण योग्य बालकों और विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के संरक्षण और पुनर्वास से संबंधित मामलों में सहायक के तौर पर कार्य किया जायेगा। उक्त बातें शुक्रवार को डालसा द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही।

उन्होंने कहा कि नालसा के निर्देश पर बच्चों को चाईल्ड फ्रेंडली लीगल एड दिया जाएगा यह यूनिट नालसा द्वारा प्रायोजित वत्सल्य तथा सहयोग योजना के तहत मिलने वाली हर सरकारी योजनाओं, सुविधाओं को भी बच्चों को दिलवाने में सहयोग करेगा। बच्चे देश के सुनहरे भविष्य है जिन्हें सवांरना और साजना हम सब का कर्तव्य है। कार्यशाला के प्रथम चरण में अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने यूनिट के सदस्यों को इस यूनिट के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के विषय मे बताया। वहीं मनोरोग विशेषज्ञ शाहनवाज जाफर ने मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के देखभाल के विभिन्न तरीकों को बताया। न्यायाधीश श्री रोशन ने बताया कि चिल्ड्रेन यूनिट में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी पियूष कुमार (चेयरमैन पीएलए) एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, पैनल अधिवक्ता अभिजीत कुमार साधु, विश्वजीत कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार निषाद, करूणा सिन्हा, हसन इमाम, हरि विश्वकर्मा, निरज कुमार सिंह, संदीप कुमार, पीएलवी चंदन कुमार, अजीत कुमार दास, नवीन कुमार, राजेश कुमार सिंह, पंकज वर्मा, निमाई प्रमाणिक, योगेश्वर नाथ, विनय कुमार सिन्हा, अनामिका सिंह, सीता कुमारी शामिल हैं।

## एक नजर में

### गरीबों के बीच डालसा ने बांटा कंबल



**धनबाद।** बढती ठंड से गरीबों को निजात दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर सरायढेला स्थित आश्रय गृह मे गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने बताया कि फुटपाथ एवं बेसहारा-बेघर लाचार गरीब महिला, पुरुषों के बीच कड़ाके की ठंड से राहत हेतु कंबल का वितरण किया गया। तथा अलाव की व्यवस्था की गई। डालसा सचिव ने बताया कि लाचार एवं बेघर लोगों को राहत पहुंचाने के लिए डालसा द्वारा गठित टीम राहत पहुंचाने के लिए तत्पर एवं प्रयत्नशील है। इस मौके पर डालसा के एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, पीएलबी हेमराज चौहान, राजेश सिंह, डालसा सहायक सौरव सरकार, अरुण कुमार, अनुराग संजय सिन्हा, संतोष कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में राजकमल के 5 छात्र दिखायेंगे अपना जौहर



**धनबाद।** नई दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 17 से 22 दिसंबर को होंने वाले गतका प्रतियोगिता में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के 4 छात्र एवं 1 छात्रा झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी विद्यालय के खेल शिक्षक पप्पू कुमार ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया की एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल ऑफ झारखंड के द्रारा खेल गांव रांची मे चयन ट्रायल का आयोजन अक्टूबर माह मे किया गया था। जिसमे राजकमल स.वि.मंदिर की पलक परमा,रणवीर ठाकुर, मिनमय दास, शुभम कुमार यादव वा राजवीर ठाकुर का चयन झारखंड राज्य की गतका टीम में हुआ है। ये सभी 15 दिसंबर को दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी



**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड के दक्षिण पंचायत स्थित मध्य विद्यालय निरसा 3 में दक्षिण पंचायत के मुखिया अजय कुमार राम की अध्यक्षता में अभिभावक शिक्षक की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों के साथ मिलकर माता-पिता विद्यालय में बच्चों के शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक विकास हेतु पहल करने में सहयोग प्रदान करने, पोक्सो एवं बाल विवाह निषेध कानून एवं उसकी रोकथाम हेतु विचार करने, उपस्थित अभिभावकों एवं माता-पिता से विद्यालय भवन के मरमती कार्यों का अवलोकन, छात्रों उपस्थित को बढ़ाने में बच्चों के माता-पिता की विशेष भूमिका, विद्यालय के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री अथवा नशापन की रोकथाम में अभिभावकों का शिक्षकों को सहयोग करने, विद्यालय में अध्ययन सभी छात्राओं का यू डाइसप्लस पोटल के माध्यम से अपार आईडी निर्माण करने आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा, वार्ड सदस्य बालिका कोड़ा, शोभा देवी, आशा देवी, सुदेश राजवंशी, सकलदेव राजवंशी, ठाकुरदास बाउरी, रेवती बाउरी, सविता बाउरी, निशा दास, लक्ष्मी बाउरी, वासुदेव, नागेंद्र सिंह, तुलसी कोरा, मधु बाउरी, चांदनी परवीन, सबीना परवीन, शीतल बॉउरी, पुष्पा देवी, विदनमंडल, ज्योति कुमारी, कुमारी सोना दास, अर्पणा बाउरी, दुलारी बाउरी, जमुना बाउरी आदि उपस्थित थे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर का मनाया गया 69वां महापरिनिर्वाण दिवस

**धनबाद।** बहुजन समाज पार्टी ने अंबेडकर चौक पर शुक्रवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इसके पहले पार्टी का झंडा बैनर लिए लोग नगर भ्रमण करते हुए श्रद्धांजलि स्थल पहुंचे थे। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुबल दास साहब ने डॉ अंबेडकर आजीवन देश के बहुसंख्यक शोषित वंचित समाज के उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने देश को पुनः सोने की चिड़िया बनाने के लिए विश्व का सबसे अच्छा संविधान देश को दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अभय कुमार, जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती, जिला महासचिव मनोज दास, बाबूलाल रविदास, बाबूराम मांझी, अशोक कनौजिया, राज कुमार, शिवकुमार दास भोला प्रसाद, भरत रविदास आदि उपस्थित थे।

# डोमापहाड़ी के दलित परिवारों के लिए रास्ता छोड़ने की मांग

▶▶ डीएफओ को फॉरवर्ड ब्लॉक ने दिया ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** पूर्वजों से जिस रास्ते का इस्तेमाल बेंगाबाद प्रखंड के डोमापहाड़ी के दलित (रजक) परिवार आवागमन के रूप में करते आ रहे हैं, उस पर वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण के लिए पिट खुदाई की जा रही है, इससे उस रास्ते आने-जाने वालों की मुसीबत बढ़ जाएगी। इसलिए दलित परिवारों के आवागमन हेतु रास्ते की जमीन पर तत्काल पिट खुदाई रोककर वन विभाग को उक्त रास्ते की भूमि का सामुदायिक पट्टा निर्गत करना चाहिए। उक्त बातें आज फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने डोमापहाड़ी के लोगों के साथ गिरिडीह डीएफओ मनीष तिवारी से मुलाकात कर उन्हें मामले से संबंधित एक ज्ञापन सौंपने के बाद कही। श्री यादव के साथ अगुवाई करने वालों में सोनबाद पंचायत के पूर्व मुखिया संजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रकांत मंडल, पंसस प्रतिनिधि अजीत सिंह, पार्टी नेता शंभू तुरी आदि थे। श्री यादव ने कहा कि, डीएफओ ने ज्ञापन में दिए गए बिंदुओं को गंभीरता से सुनने के बाद इस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने और कोई सकारात्मक हल निकालने का आश्वासन दिया। वहीं, मौजूद ग्रामीणों ने भी अपनी परेशानी बताई और रास्ते की जमीन छोड़कर पिट खुदाई का आग्रह किया। शीघ्र ही इसे लेकर जिले के डीसी को भी एक ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया, ताकि इसका हल निकले।





**मौके पर मौजूद लोग:** डोमापहाड़ी के वार्ड सदस्य अजय वर्मा सहित गोपाल वर्मा, नंदलाल रजक, महावीर रजक, पतलू रजक, अजय रजक, निवासी गोपाल वर्मा, अरुण वर्मा, कनिष रजक, दीपक रजक, बद्री रजक, नयूम अंसारी, रूबी देवी, सुजाता देवी, भगवतिया देवी, सुगिया देवी, रिंकी देवी, ललिता देवी, शांति देवी, नेहा कुमारी, पम्मी देवी, चमेली देवी, मुनकी देवी, कुंती देवी, कौशल्या देवी, उर्मिला देवी, सुहागित देवी, आरती देवी एवं कई अन्य मौजूद थे।

## नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद की सजा

**धनबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी गौरंगडीह आसनसोल निवासी रवि साव को बीस वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। गुरुवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाना धनबाद में 25 सितंबर 23 को दर्ज की गई थी प्राथमिक के मुताबिक वर्ष 2019 में पीड़िता की मुलाकात आरोपी जो पीड़ित का दूर का रिश्तेदार लगता है से एक शादी समारोह में हुई थी। वर्ष 2023 में पीड़िता की शादी हो गई जिसके बाद आरोपी उसका वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा और दिनांक 23 सितंबर 23 को फोटो वीडियो वायरल कर दिया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 7 जनवरी 24 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 17 जनवरी 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अपर लोक अभियोजक समीत प्रकाश ने छह गवाहों का परीक्षण कराया था।

## डॉ अम्बेडकर की पुण्यतिथि मना



**जोड़ापोखर।** जामाडोबा डुमरी दो नम्बर में बाबा साहब की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया। सभी ने बाबा साहब की तस्वीर पर फूल माला अर्पण कर श्रद्धांजलि किया भारतीय संविधान के निमार्ता, समाज सुधारक, बुद्धिजीवी और चिंतक डॉ भीमराव अंबेडकर ने जो देश को दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर आर के प्रसाद महेन्द्र सिंह मीनू कार्तिक हाड़ी भोला हाड़ी अंतू यादव अवधेश पंडित राम स्वरूप देवेन्द्र सिंह सतनाम सिंह कमल सिंह हरबन सिंह बिनोद ठाकुर विशुन मिस्त्री महाराणा सिंह नागु दास आदि लोग उपस्थित थे

# विवाहिता का पंखे से लटकता हुआ शव बरामद, हत्या का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के बांकुडीह गांव में एक विवाहिता का शव पंखे से लटकते हुए नारायणपुर पुलिस ने बरामद किया है। गुरुवार रात विवाहित भूमिका देवी 19 वर्ष एवं उनके पति संजय मंडल के साथ झगड़ा हुआ था। इसके बाद विवाहिता अपने मायके गिरिडीह जिले के मुफस्सिल थाना के 20 नंबर कोलड़िहा फोन कर अपने पिता को बुलाया था। मृतका की मां ने बताया कि सुबह फोन कर बताया कि पति संजय मंडल मारपीट करता है। मुझे अपने साथ ले चलें। वहीं कुछ देर बाद मेरी बेटी भूमिका देवी को फांसी लगा लेने की सूचना फोन पर दिया गया। जिसके बाद हम लोग यहां पहुंचे उसने बताया कि मेरी बेटी को मार कर फांसी के फंदे में लटका दिया है।



### थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे

घटना की सूचना पाकर नारायणपुर थाना प्रभारी चंदन कुमार तिवारी पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। कुछ देर बाद फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम के सदस्यों ने पंखे पर लगाए गए फिंगरप्रिंट लिया। फॉरेंसिक टीम के सदस्य ने बताया कि फिंगरप्रिंट से साफ हो जाएगा की मृतका फांसी लगाया है या फिर मारकर फांसी के फंदे में लटकाया गया है।

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

मृतका के पिता महेश शाह ने बताया कि मेरी बेटी को मार कर फांसी के फंदे में लटका दिया है उन्होंने कहा कि उनके दामाद संजय मंडल का दूसरी शादी मेरी बेटी के साथ हुआ था। शादी 6 माह पूर्व शादी हुआ था। शादी के कुछ माह से ही खटपट चलने लगा था।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

नारायणपुर थाना प्रभारी चंदन कुमार तिवारी ने बताया कि पंखे के फंदे से लटकता हुआ शव मिला है। फोरेंसिक टीम फिंगरप्रिंट लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद ही दृश्य साफ हो पायेगा।

# मानदेय भुगतान की मांग को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद के सफाईकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**मैथन।** चिरकुंडा नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा मानदेय भुगतान की मांग को लेकर दो दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिसके कारण क्षेत्र में साफ सफाई का कार्य ठप पड़ गया है और गंदगी से चिरकुंडा वासी परेशान हैं। सफायीकर्मियों का कहना है कि दो माह से उनका मानदेय नहीं मिल रहा है। अधिकारियों पर दबाव बनाने के बाद मात्र एक माह का मानदेय भुगतान किया गया है। अभी भी एक माह का मानदेय बकाया है। इस विषय को लेकर सफाई कर्मी नगर परिषद कार्यालय भी पहुंचे, जहां कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। कहा कि नवंबर माह का मानदेय बकाया है, उसका भुगतान किया जाए।



इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी विजय हांसदा व मुकेश निरंजन ने कहा कि कार्यालय का अभी वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है। राजस्व को बढ़ाने को लेकर कार्यालय में बैठक कर कई ठोस निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिति में सुधार लाई जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि वित्तीय स्थिति में सुधार लाकर एक सप्ताह में सभी कर्मियों का बकाया वेतन व मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## डीआरएम ने डॉ बाबा साहेब आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**धनबाद।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने भारत रत्न डा० भीम राव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डॉ भीमराव आंबेडकर को याद किया गया



**मैथन।** कुमारधुबी मैथन मोड़ स्थित डॉ अंबेडकर विद्यापीठ में शुक्रवार को परिनिर्वान दिवस पर डॉ भीम राव अंबेडकर को याद किया गया। बच्चों को डॉ अंबेडकर की जीवनी की जानकारी दी व उनके आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों के बीच डॉ आंबेडकर की जीवनी पर आधारित प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मौके पर ही सफल बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। संचालन शिक्षक चंद्रशेखर आर्य ने किया। मौके पर मुखिया पति संजय यादव, प्रधानाध्यापक परशुराम रजक, प्रभुनाथ पासवान, युगल भुइयां, काजल बाउरी, बुलन बाउरी, श्री कृष्ण राम, सुखराज राम, तुलसी राम सहित स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## एचडीएफसी बैंक का रक्तदान शिविर



**मैथन।** एचडीएफसी बैंक चिरकुंडा शाखा द्वारा शुक्रवार को बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके केशरी व डॉ. आईएम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। रक्तदान करने आ रहे लोगों का रक्त संग्रह एसजेएस ब्लड सेंटर धनबाद द्वारा किया गया। रक्तदान करने आए लोगों का ब्लड प्रेशर, वजन, ब्लड ग्रुप आदि जांच करने के बाद रक्त संग्रह किया जा रहा था। डॉ. एसके केशरी और डॉ. आईएम सिंह ने बताया कि रक्तदान महादान है। सभी लोगों को इस मुहिम में बढ़चढ़ कर भागीदारी लेनी चाहिए। कहा कि रक्तदान करने से बदन में खून मोटा नहीं होता है, जिससे हार्ट अटैक और रक्तचाप होने वाले नुकसान से काफी हद तक बचा जा सकता है। जरूरत है कि रक्तदान करने के फायदों को गांव गांव जाकर ग्रामीणों के बीच रखा जाए और उन्हें जागरूक किया जाए। बैंक के शाखा प्रबंधक बलविंदर सिंह ने बताया कि बैंक द्वारा प्रत्येक वर्ष 6 दिसंबर को पूरे भारत में रक्तदान शिविर लगाया जाता है। बैंक का उद्देश्य है कि बैंक सामाजिक कामों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले इसी कड़ी में इस शिविर का आयोजन किया गया।

## साऊथ बलिहारी में मनायी गयी बाबा साहब की पुण्यतिथि

**पुटकी।** कोल इंडिया एससी/एसटी इंप्लाइज एसोसिएशन (सिस्टा) के बैनर तले शुक्रवार को साउथ बलिहारी कोलियरी परिसर स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पुण्यतिथि मनाई गई। सभी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज का सच्चा प्रहरी बताया। कोलियरी प्रबंधक एससी सरकार, क्षेत्रीय अध्यक्ष बुद्धेश्वर टुडू, सचिव रामाश्रय प्रसाद, रामविलास राम, शंभूशरण सक्सेना, महेंद्र यादव, गंगाधर महतो, आदि मौजूद थे।

# जीटी रोड पर स्थानीय लोगों ने पकड़ा प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली से भरा ट्रक

### सूचना के बाद भी नहीं पहुंची बरवाअड्डा पुलिस

### ट्रक पकड़ने वालों को सिंडिकेट लोगों ने की पिटाई, छुड़ा ले गये ट्रक

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले के जीटी रोड पर प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली का कारोबार बेरोकटोक जारी है। इस धंधे से जुड़े लोग कोलकाता से मांगुर मछली की सप्लाई झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के अलग स्थानों पर करते है। शुक्रवार को ऐसा ही एक मामला बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर देखने को मिला। कार में सवार कुछ युवक ट्रक संख्या एचआर 55, डब्लू8256 का पीछा करते हुए मैथन की तरफ से आ रहे थे।




युवकों ने स्थानीय लोगों की मदद से उस ट्रक को इंडियन पेट्रोल पंप के पास रोकवाया। उसके बाद बरवाअड्डा पुलिस को मामले की सूचना दी। लेकिन पुलिस वहां नहीं पहुंची। इससे पहले सफेद स्कार्पियों में सवार कुछ युवक वहां पहुंच गए। ट्रक रोकवाने वाले युवकों कि पिटाई कर चलते बने। ट्रक को भी उक्त स्थल से आगे भेज दिया गया। ट्रक पकड़ने वाले युवकों का कहना था कि हमलोगों को किसी से सूचना मिली थी कि कोलकाता से गया के लिए एक ट्रक जीटी रोड से जा रहा है। उसमें थाई मांगुर मछली है। लेकिन हमारी संख्या कम होंने के कारण हम ट्रक नहीं रोकवा पा रहे थे। बरवाअड्डा में स्थानीय लोगों कि मदद से ट्रक को रोकवाया गया। उसके बाद पुलिस को भी सूचना दी गई, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। उलटे हमलोगों को सिंडिकेट के लोगों से मार भी खानी पड़ी। इससे स्पष्ट है कि पुलिस भी एसे कारोबार में संलिप्त है। जिसके कारण यह अवैध कारोबार जारी है। बताया जाता है कि इस कारोबार में मैथन का मुकेश सिंह, निमियाघाट का राजकुमार महतो तथा गया का महेंद्र साहानी शामिल है। इनकी मदद से ही बिहार-झारखंड से ट्रक पार होती है।

वहीं इस संबंध में बरवाअड्डा थानेदार सुनिल कुमार रवि ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस वहां पहुंची थी, लेकिन उससे पहले ही ट्रक वहां से आगे निकल गया था।

## जलवायु परिवर्तन और इसकी चुनौतियों पर विशेष व्याख्यान

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज में शुक्रवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का विषय था भारत में जलवायु परिवर्तन और इसकी चुनौतियाँ। मुख्य वक्ता डॉ. उमा शंकर सिंह, सेवानिवृत्त भारतीय वन सेवा अधिकारी और वनशक्ति के निदेशक ने पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधान पर अपनी गहरी अंतर्दृष्टि साझा की।

कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुआ। डॉ सिंह ने भारत में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों, बढ़ती पर्यावरणीय समस्याओं, और इनसे निपटने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस तरह से जलवायु परिवर्तन न केवल पर्यावरण, बल्कि सामाजिक और आर्थिक ढांचे को भी प्रभावित कर रहा है। कार्यक्रम का समापन एक संवाद सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने डॉ. सिंह से पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित कई सवाल पूछे। यह आयोजन सभी के



लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित हुआ। कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर. एस चहल ने वर्त्तमान परिस्थितिओं पर अपनी चिंता व्यक्त की। धन्यवाद ज्ञापन समन्वयक प्रो. दीपक कुमार तथा मंच संचालन प्रो. साधना कुमारी सिंह ने किया। इस व्याख्यान में छात्रों, शिक्षकों और पर्यावरण जागरूकता से जुड़े अन्य प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. मीना मालखंडी, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. पियूष अगरवाल, प्रो. पुष्पा तिवारी, प्रो. उदय सिन्हा, प्रो. नीता ओझा, प्रो. अभिषेक सिन्हा, प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. एकता, प्रो. ऐश्वर्यमयी, प्रो. सपना, प्रो. घनिष्ठा, प्रो. अर्नव, प्रो. ममता, प्रो. मनीषा, लाइब्रेरियन नुसरत, प्रो. प्रतिमा, प्रो. कोशिक मौजूद थे।

### निरसा कांटा में सनातन धर्म जागरण समिति की बैठक संपन्न

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में निकलेगा प्रतिवाद मार्च

खबर मंत्र संवाददाता

**मैथन।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे जघन्य अत्याचार के विरोध में सनातन धर्म जागरण समिति के बैनर तले निरसा में 10 दिसंबर को जोरदार प्रतिवाद मार्च निकाला जाएगा। सनातन धर्म जागरण समिति की निरसा कांटा में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान बाबरी मस्जिद की ढांचा गिराए जाने के दौरान शहीद हुए स्वयं सेवकों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ में डॉ. बीआर अंबेडकर के महानिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पूर्वी पाकिस्तान द्वारा भाषा के नाम पर बांग्ला वीडियो पर किए जा रहे जघन्य अत्याचार के विरोध में भारत ने बांग्लादेशों की मदद कर बांग्लादेश का निर्माण करवाया। आज बांग्लादेश पाकिस्तान बनने की राह पर अग्रसर है। हिंदुओं पर जघन्य अत्याचार किया जा रहा है। उनके पूजा स्थलों को तोड़ा जा रहा है।



उन्हें घरों से बेघर किया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बच्चियों के साथ बर्बरता की जा रही है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में भाईचारा का दम भर कर अपनी पीठ तपने वाले नेताओं की बोलती बंद है। हिंदुओं को अब इसके विरोध में मुखर होकर खड़ा होना होगा। विश्व के किसी भी देश में कहीं भी यदि सनातनी को परेशान एवं तंग किया जाएगा तो उसका जोरदार विरोध होना चाहिए। यदि अभी भी हिंदू संगठित नहीं हुई तो वह दिन दूर नहीं जब हिंदुस्तान से भी हिंदुओं को भगाया जाएगा। पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में हिंदुओं की घटती आबादी इसका उदाहरण है कि बहुसंख्यक हुए हैं। वहां पर अल्पसंख्यकों पर जघन्य अत्याचार कर उन्हें भागने को विवश कर दे रहे हैं।

प्रतिवाद मार्च को सफल बनाने को लेकर एक कमेटी बनाई गई है। कमेटी के संयोजक मनोज सिंह सह-संयोजक गौतम दासौंधी, साधन रवानी, अश्विनी बाउरी, संजय महतो, असीम भट्टाचार्य, वंदना बाउरी मीडिया प्रभारी उज्जवल दास को बनाया गया। बैठक में मुन्ना सिंह, अमरेंद्र मिश्र, खगेश ठाकुर, मुन्ना साहनी, विवेक मोदक, सुरेश बाउरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शादी कर थाने पहुंची युवती का हाई वोल्टेज ड्रामा

### माता पिता की लाख कोशिश के बाद भी घर जाने को तैयार नहीं

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** अंधे प्यार में पागल एक युवती का शुक्रवार को बरवाअड्डा थाना में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। युवती एक युवक के साथ कोर्ट मैरेज कर अपने परिजनों से बचने के लिए थाना पहुंची थी। वहीं परिजन युवती की हर बात स्वीकर कर उसे घर चलने कि गुहार लगाते दिखे। यह सिलसिला सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक चला लेकिन युवती किसी हाल में घर जाने को तैयार नहीं हुई। युवती बार बार यही बात दोहराते रही आपलोग मुझे घर लेजाकर मेरे पति से अलग कर दोगे। आप लोग यह शादी कभी स्वीकार नहीं करोगे। यदि मैं ज्यादा आपलोगों को परेशान की तो मुझे मार दोगे। इंस्पेक्टर साहब इन्हें कहिये घर चले जाये, मुझे मेरे हाल पर छोड़ दे। मैं अपने पति के साथ जहां भी रहूंगी, खुश रहूंगी।





अपनी बेटी कि बात सुनकर मां बाप, भाई और कुछ रिश्तेदारों के चेहरे सुख चुके थे। लेकिन बेटी अपनी बात पर अडिग थी। वहीं उसका पति ड्डी पत्नी के घर वालों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए बार बार रो रहा था। पुलिस से मदद कि गुहार लगा रहा था।

इस संबंध में बरवाअड्डा थानेदार सुनिल कुमार रवि ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है। युवती मेमको मोड़ के आसपास की रहने वाली है। वहीं लड़का सरायढ़ेला का है। दोंनो में बहुत दिनों से प्यार था। दोंनो बालिग है लेकिन अलग अलग बिरादरी से है। इन्होंने कोर्ट में आज शादी कर ली है। दोंनो साथ रहना चाहते है। लड़की अपने घर वालों के साथ जाने के लिए तैयार नहीं है। हमलोगों ने ड्डी पूरी कोशिश की लेकिन वह तैयार नहीं हुई। लड़की बालिग है, कानून उसे अपनी मर्जी से जीने का हक है, इसमें हमलोग क्या कर सकते है।

### पानी टंकी में मधुमक्खियों का सैकड़ों छत्ता

## आतंक के साए में रहते हैं लोग

खबर मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के भरकट्टा पानी टंकी में मधुमक्खियों के सैकड़ों छत्ते बने हुए हैं, जिससे आम लोगों समेत पुलिसकर्मियों के बीच दहशत का माहौल है। पानी टंकी के आसपास मधुमक्खियों के झुंड के कारण लोग वहां जाने से कतराते हैं। पुलिसकर्मियों को भी डर बना हुआ है कि मधुमक्खियां कभी भी हमला कर सकती हैं। इस समस्या का समाधान के लिए आवश्यक पहल की जरूरत है।

भरकट्टा निवासी जाबिर मलिक ने बताया कि मधुमक्खियों के सैकड़ों छत्ते होने के कारण लोग पानी टंकी के आसपास जाने से डरते हैं। उन्होंने कहा, मधुमक्खियों का झुंड कई बार लोगों के ऊपर मंडराने लगता है, जिससे हमेशा हमला होने का खतरा बना रहता है। यह समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जाबिर मलिक ने प्रशासन से अपील की है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए, ताकि लोग निडर होकर अपने रोजमर्रा के काम कर सकें।

निजी वाहन पुलिस चालक सुरेश विश्वकर्मा ने कहा, मधुमक्खियों की समस्या के कारण यहां काम करना मुश्किल हो गया है। कई बार मधुमक्खियां वाहनों और पुलिसकर्मियों के आसपास मंडराने लगती हैं, जिससे डर बना रहता है कि कभी भी हमला हो सकता है। यह समस्या न केवल हमारे लिए, बल्कि आसपास के लोगों के लिए भी खतरा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की अपील की, ताकि पानी टंकी के पास की स्थिति सुरक्षित हो सके।

### भाटडीह-नागदा में वन भूमि पर कोयले का अवैध खनन

# विभागीय जांच टीम के जाते ही फिर शुरू हुआ खनन

- हिरक पथ से कुछ कुछ फासले पर कई मुहाना खोलकर निकाला जा रहा कोयला
- खनन के लिए गिरीडीह और आसनसोल से आते हैं मजदूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** वन भूमि पर कोयला तस्करों द्वारा कराये जा रहे अवैध खनन कार्य का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को वन अधिकारी अपने सहयोगियों के साथ भाटडीह पहुंचे। नागदा से लेकर भाटडीह के आगे तक हिरक पथ से कुछ फासले पर जंगल में आधा दर्जन मुहाना खोल कर किये जा रहे अवैध खननस्थल को को देखा। हालांकि टीम के आने की खबर लीक हो जाने के चलते कोल तस्कर के गुर्गे मजदूरों को लेकर वहां से निकल कर सुरक्षित जगह पर जा चुके थे। जांच पड़ताल के बाद टीम वापस लौट गयी। टीम का नेतृत्व वन अधिकारी ए. के. मंजुल कर रहे थे।इधर टीम के जाने के बाद देर शाम करीब चार बजे मजदूर खनन स्थल पर पहुंच गये। मजदूरों को खनन करते देखा गया। वहीं कोल तस्करों के मसलमैन अपने साइड के बगल



सड़क पर निगरानी करते देखे गये। पावर हाउस के समीप अवैध खनन स्थल पर जा रहे खनिकों से पूछने पर बताया कि वेलोग गिरीडीह जिला के हैं। पिकअपवाहन से आते जाते हैं। तस्कर ने यह सुविधा प्रदान की है। कुछ मजदूर अपने को आसनसोल निवासी बताया। महुदा बस्ती के सामने हिरक सड़क के बगल खनन स्थल से एक पिकअप वैन कोयला लोड होकर निकली जो बारीकि पुल पर करकेबोकारो जिला प्रवेश कर गयी।

भाटडीह ओपी क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध खनन का स्थल निरीक्षण कियागया। अवैध खनन कराने वालों का पता लगाकर विधि सम्मत कारवाई की जायेगी। मुहानों की भराई के लिए बीसीसीएल प्रबन्धन को लिखा जाएगा।
**ए. के. मंजुल-वन अधिकारी**

### बढ़ता जा रहा है धंधेबाजों का मनोबल

वन विभाग की टीम पूर्व में भी भाटडीह ओपी क्षेत्र में छ्पामारी कर चुकी है। लेकिन ठोस कारवाई नही होने के चलते वन भूमि पर हो रहे अवैध खनन पर रोक नही लग पाया।

वन विभाग की टीम के आने की कोई सूचना नही है।
**अनिल मंडल-ओपी प्रभारी**

एक नजर में

## विधायक राज सिन्हा का आभार कार्यक्रम



**धनबाद।** धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने अपनी ऐतिहासिक जीत पर शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय में आभार कार्यक्रम आयोजित किया जहाँ उन्होंने भाजपा के कार्यकताओं एवं धनबाद की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी जीत उनके अकेले की जीत नहीं है यह धनबाद की जनता की जीत है।इस चुनाव में सभी का साथ मिला सभी का प्यार और स्नेह मिला।सबके आशीर्वाद से जीत मिली है और निश्चित रूप से धनबाद की जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम करूंगा।इस आभार कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विधायक राज सिन्हा को बुके देकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह, रीता वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष हरि प्रसाद लाटा, वर्तमान जिला अध्यक्ष सरवन राय भाजयुमो जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल समेत धनबाद के कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाराजा अहिबरन जी की जयंती 26 को

**गिरिडीह।** बरनवाल सेवा समिति की बैठक बरनवाल सेवा सदन में सुबोध कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में हुई। समिति के सचिव राजेंद्र लाल बरनवाल ने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी 26 दिसंबर को बरनवाल जाति के आदि पुरुष महाराजा अहिबरन जी की जयंती बरनवाल सेवा सदन में धूमधाम से मनाई जाएगी। उक्त अवसर पर बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास हेतु विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिसमें समाज के बच्चे भाग ले सकेंगे। बैठक में स्वजाति बंधुओ से सभी कार्यक्रमों में आधिकाधिक संख्या में भाग लेकर जयंती समारोह को सफल बनाने का आह्वाहन किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष लखन लाल बरनवाल, संजय कुमार बरनवाल, राकेश रंजन, विनय कुमार बरनवाल, संजय मोदी द्वय, सत्यदेव लाल, सुभाष बरनवाल, रितेश बरनवाल विनीत कुमार, युवक संघ के आयुष कुमार, अमितेश गौरव, दीपक कुमार बरनवाल, संदीप कुमार बरनवाल आदि मौजूद थे।

## पुनर्वास को लेकर कुम्हार टोला के ग्रामीणों ने मशीन को रोका

**कतरास।** कतरास क्षेत्र में संचालित एएमपीएल आउटसोर्सिंग की माइंस के बिस्तारीकरण को लेकर कुम्हार टोला के पास विवाद खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने माईन्स विस्तार का विरोध करते हुए मशीनों को रोक दिया और समुचित सुविधा के साथ पुनर्वास की मांग की। सीआईएसएफ और पुलिस पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि माईन्स के विस्तार से पहले उनका आवश्यक सुविधा के साथ पुनर्वास किया जाना चाहिए। यह आरोप लगाया कि बीसीसीएल प्रबंधन उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। जब तक पुनर्वास की मांग पूरी नहीं होती, वे माईन्स का काम शुरू नहीं होने देंगे। यहाँ से मिट्टी कटाई कर मिट्टी के सामान बनाते है। उसी से उनकी रोजी रोटी चलती है। कोलियरी के पीओ मोहन मुरारी ने बताया कि हम स्थानीय लोगों की मांगों पर विचार कर रहे हैं और समस्या का समाधान निकालने के लिए प्रशासन के साथ बातचीत कर रहे हैं।

## गोविंदपुर थाना के आगे जब्त वाहनों का विराट मेला, हटाने का मुख्य सचिव का आदेश भी बेअसर

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना के दोनों और जीटी रोड का अतिक्रमण पुलिस ने कर रखा है। जप्त की गई गाड़ियां दोनों और वर्षों से खड़ी है। एनएचएआई ने इस मामले को लेकर धनबाद जिला प्रशासन को कई बार लिखा था । जब प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की तबएनएचएआई के अध्यक्ष संतोष यादव ने झारखंड के मुख्य सचिव को लिखा था इसके बाद मुख्य सचिव ने धनबाद उपायुक्त को लिखा और गोविंदपुर थाना द्वारा रोड के दोनों और लगाए गए वाहनों को हटाने का निर्देश दिया था ।डीसी के आदेश पर उसे समय गोविंदपुर और निरसा थाना हरकत में आया था तथा निरसा में जीटी रोड के किनारे लगाए गए वहां हटा दिए गए । गोविंदपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद ने थाना से सटे वाहनों को हटाने की दिशा में कार्रवाई शुरू की थी उन्होंने थाना गेट के पश्चिम दिशा के वाहनों को हटा दिया था औरएनएचएआई मैं वहां नाली का निर्माण कर दिया है परंतु थाना गेट के पूरब दिशा तथा थाना के सामने कोलकाता रोड में रखे गए वाहनों को अभी तक नहीं हटाया है । इस कारणएनएचएआई नाली निर्माण और चौड़ीकरण काम नहीं कर पा रहा पूर्व थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद ने गोविंदपुर थाना के पश्चिम दक्षिण दिशा को खाली करा कर वाहनों को रखवाने की योजना बनाई थी परंतु वह योजना धरी की धरी रह गई और गोविंदपुर थाना के आगे से वहां नहीं हटाए गए हैं इस कारण एक और जीटी रोड का निर्माण अपूर्ण है दूसरी ओर इन वाहनों के कारण हादसे भी हो रहे हैं।

## रेलवे में मान्यता को लेकर यूनियनों के बीच मतदान संपन्न

**कतरास।** कतरासगढ रेलवे स्टेशन परिसर में तीन दिनों से चल रहे यूनियन का मतदान शुक्रवार को अंतिम दिन रनिंग कर्मियों ने मतदान किया। रेलवे में मान्यता के लिए अलग-अलग छह यूनियन प्रत्याशियों के बीच मतदान किया गया। इसके साथ छह यूनियन का भविष्य मतदान पेटी में बंद हो गया। तीन दिनों में कुल 89 .22 प्रतिशत मतदान पड़े। मतपेटी को सील किया गया। 12 दिसंबर को मतगणना के बाद स्पष्ट हो सकेगा कि किस किस यूनियन की जीत हुई। कौन यूनियन 35 प्रतिशत से अधिक वोट ला सका। यह चुनाव आल इंडिया स्तर पर किया जा रहा है। चुनाव में छह यूनियन के प्रतिनिधि भाग लिया है। यहां ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, इस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस, पूर्व मध्य रेल मजदूर कांग्रेस, पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ, स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि चुनाव मैदान में है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कतरासगढ़ आरपीएफ तथा जीआरपी पुलिस तैनात किए गए थे। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर पर्यवेक्षक डा. दुर्गेश कुमार सहित छह सदस्य शामिल थे।

## नाबालिक से छेड़खानी मामले में शिक्षक को तीन वर्ष कैद की सजा

**धनबाद।** नाबालिक छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोपी शिक्षक को पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने तीन वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर सरायढेला थाना मे 18 मार्च 24 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक शिक्षक संजय राऊत पीड़िता को ट्यूशन पढाता था 17 मार्च 24 को पीड़िता के माता-पिता घर में नहीं थे संजय पीड़िता को ट्यूशन पढ़ रहा था इसी दौरान संजय ने पीड़िता के साथ छेड़खानी की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 3 मई 24 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र समर्पित किया था 12 अगस्त 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

## डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि को परिवर्तन दिवस के रूप में मनाया गया

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा अंबेडकर चौक में बाबा साहेब की पुण्यतिथि को आज 6 महापरिवर्तन दिवस के रूप में मनाया गया। वही चिरकुंडा नगर परिषद के न्यू वर्तमान अध्यक्ष डबलू बाउरी, समाजसेवी दारा बाउरी, मदन बाउरी, चिरकुंडा नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन व गणमान्य लोगों ने बाबा साहब की तस्वीर पर फूल माला अर्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### एसकेएमयू के शिक्षकेत्तर कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल व तालाबंदी 11वें दिन भी रहा जारी

# कुलपति की भावना, आंदोलन में घी डालने का कर रही काम: महासचिव

## उच्च शिक्षा निदेशालय गई विवि की टीम का वार्ता रही विफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय मुख्यालय एवं अंगीभूत कॉलेजों में अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं तालाबंदी लगातार 11वें दिन भी जारी रहा। कुलसचिव राजीव कुमार के अनुरोध पर वेतन निर्धारण कराने गई विवि की टीम बिना किसी परिणाम के बैरंग लौट आयी। टीम सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण हेतु 5 कॉलेज के कागजातों को उच्च शिक्षा निदेशालय में समर्पित कर दिया है। उच्च शिक्षा निदेशालय के उपनिदेशक अनमोल लाल की कार्यशैली पर आपत्ति जताते हुए महासंघ अध्यक्ष परिमल कुंदन ने बताया कि वे वेतन निर्धारण से ज्यादा पूर्व के कुलपतियों द्वारा की गई नियुक्ति की गहन जांच कर रहे है। सिर्फ इतना ही नहीं, प्राचार्यों द्वारा जारी प्रमाण पत्रों को भी अवैध बता रहे है। निदेशालय द्वारा पहले नियुक्ति की जांच होगी। फिर पदों की जांच होगी उसके बाद वेतन निर्धारण करने की बात कही। संघ अध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि इतना ही नहीं, यह जांच उन सभी कर्मचारियों की होगी। जिनके वेतन को निदेशालय द्वारा पूर्व में अनुमोदित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यदि उपनिदेशक श्री लाल निदेशालय में टिके रहते हैं, तो निश्चित रूप से हम कर्मियों का वेतन निर्धारण तो कभी नहीं होगा। संघ महासचिव नेतलाल मिर्धा ने कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने शिक्षकेत्तर कर्मियों के समस्याओं के निराकरण के लिए स्वयं के स्तर से एक भी प्रयास नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर कुलपति चाहते तो आंतरिक श्रोत से भुगतान का आदेश कब का प्राप्त हो जाता। उन्होनें कहा कि आंतरिक श्रोत से कर्मियों को सातवें वेतनमान भुगतान पर कहा जाता है कि राजभवन से निर्देश प्राप्त होने के बाद ही किया जा सकता है। दूसरी ओर अगर जांच की जाए तो प्रभारी कुलपति द्वारा ऐसे काफी भुगतान आंतरिक श्रोत से किए हैं। जिनके लिए राजभवन से कभी भी पूवार्नुमति नहीं ली जाती है, सिर्फ वित्त समिति के कार्यावली (एजेंडा) का अनुमोदन प्राप्त किया जाता। एनसीसीएफ को करोड़ों का भुगतान बिना राजभवन के पूवार्नुमति के ही वर्तमान कुलपति द्वारा की जा रही। लेकिन कर्मियों के प्रति वर्तमान कुलपति की भावना, इस आंदोलन की आग में घी का काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि मांगे पूरी नहीं होने के स्थिति में आगामी 9 दिसंबर से उग्र आंदोलन होगा। विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों के सभी पठन-पाठन एवं शैक्षणिक कार्य पूरी तरह ठप हैं और सभी कर्मचारी दृढ़ संकल्पित हैं कि सातवें वेतनमान प्राप्त करने के बाद ही हड़ताल एवं तालाबंदी कार्यक्रम वापस लेंगे।



धरना प्रदर्शन करते शिक्षकेत्तर कर्मी

# पुलिस की जुल्म के खिलाफ ग्रामीण ने घंटो एनएच 80 मुख्य सड़क जाम रखा

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** साहिबगंज के महादेवगंज गांव में पुलिस और पब्लिक के बिच जबरदस्त झड़प उग्र भीड़ से बचने के लिए पुलिस को आसमान में दागनी पड़ी तीन गोलियां, पुलिस की जुल्म के खिलाफ ग्रामीण ने घंटो एनएच 80 मुख्य सड़क जाम रखा। पुलिस की मार से पीड़ित पप्पू यादव हुए गंभीर रूप से घायल साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती हालत नाजुक,जबकि थाना प्रभारी समेत दो पुलिस जवान भी घायल। आपको बताते चलें के शुक्रवार को साहिबगंज मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज का भट्टा मठिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर थाना प्रभारी मदन कुमार घायल व्यक्ति पप्पू यादव के बीच कहा सुनी हो गई ग्रामीणों के मुताबिक थाना प्रभारी मदन कुमार ने अपने पुलिस जवान के साथ मिलकर पप्पू यादव को जबरदस्त तरीके से पीट पीटकर घायल और अधमारा कर दिया दिया,बस पुलिस की इस कार्रवाई के विरोध में ग्रामीण आकर्षित हो गए और इतने में पुलिस और पब्लिक के बिच झड़प हो गई देखते ही देखते यह मामला इतना पुल पकड़ लिया के पुलिस को अपने बचव में हवा में गोलियां दागनी पड़ी,वही आकर्षित ग्रामीणों ने मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार के खिलाफ एन एच 80 मुख्य सड़क को घंटो जाम कर दिया।



## एक नजर में

### बोकारो में दो युवक एक लोडेड देसी कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**बोकारो।** बोकारो के एसपी मनोज स्वर्गियारी के निर्देश पर की गई छापेमारी में बोकारो स्टील सिटी थाना अंतर्गत दुंदीबाद भुइयां पट्टी में दो बदमाशों को पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी श्री स्वर्गियारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें दुंदीबाद के उक्त इलाके में अवैध हथियारों के साथ अपराधियों द्वारा किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की योजना बनाये जाने की सूचना मिली थी। इसी आलोक में बोकारो नगर के डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने दुंदीबाद भुइयां पट्टी की एक झोपड़ी से दो युवक के पास से एक अवैध लोडेड देसी क?ट्टा एवं एक जिंदा गोली बरामद किया और दोनों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों ने लूटपाट करने और क्षेत्र में अपना दबदबा बनाने की योजना बनाने की बात स्वीकार किया। पकड़े गए युवकों में 20 वर्षीय विकास कुमार तथा 19 वर्षीय आदित्य कुमार महतो शामिल हैं। छापामारी दल में डीएसपी श्री रंजन के साथ सिटी थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुदामा कुमार सेक्टर4 थाना प्रभारी व पुलिस निरीक्षक संजय कुमार सेक्टर 12 थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुभाष चन्द्र सिंह अवर निरीक्षक प्रभात कुमार महती बोयपाय सअनि उमेश कुमार सिंह तथा आरक्षी सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह व इलियास अंसारी शामिल थे।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को सश्रम कारावास

**गोड्डा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार के न्यायालय ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित नगर थाना क्षेत्र के मखनी कुसुम टोला निवासी दिनेश महतो को दोषी पाकर 15 वर्ष सश्रम कारावास एवं 50,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने सजा के बाद जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर एक वष अतिरिक्त कारावास से दंडित किया है। नगर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा था कि वह आठ दिसंबर 2023 की शाम बहियार शौच के लिए गई थी कि दिनेश महतो ने जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया।इस दौरान हल्ला करने पर आस पास के लोग दौडे आओर आरोपित को पकडा। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष सातगवाहों का परीक्षण कराया गया। पक्षकारों के बयान व उभय पक्षों की सुनने के उपरांत न्यायालय ने आरोपित को 15 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी। इधर अपर जिला जज चतुर्थ पियूष श्रीवास्तव के न्यायालय ने दहेज प्रताड़ना के आरोप में नगर थाना क्षेत्र के बड़ा बांझी खरकिया निवासी इरफान अंसारी को चार महीना कारावास एवं दो हजार रु रूपए जुमार्ना की सजा सुनाई ।मामले को लेकर 03 अप्रेल 2018 को दर्ज प्राथमिकी में सजनी बीवी ने पति के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाया था ।शादी 2 वर्ष शुरू हुई थी ससुराल में छह माह रही उसके बाद उसके साथ दहेज की मांग को लेकर मारपीट किया जाने लगा।

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में संस्कृति, पर्यावरण एवं जीवों की रक्षा का संदेश

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के समापन पर नन्हें छात्र-छात्राओं ने देश की समृद्ध संस्कृति पर्यावरण और समस्त प्राणियों की रक्षा का सुंदर संदेश दिया। तीन दिनों की अवधि में 400 से अधिक बच्चों ने अलग-अलग समूहों में विभिन्न श्रेणियों के तहत अपनी प्रस्तुतियां देकर सबकी भरपूर सराहना बटोरी। प्रतियोगिता के पहले दिन प्रथम कक्षा के कई विद्यार्थी शेर हाथी अजगर सहित भांति-भांति के पशु-पक्षी जलीय जीव व पेड़-पौधे का रूप धर आए और लुप्तप्राय प्राणियों की अस्तित्व-रक्षा तथा प्रकृति बचाने का संदेश दिया। कई बच्चे नेताजी सुभाषचंद्र बोस झांसी की रानी स्वामी विवेकानंद एवं विश्व की अन्य प्रसिद्ध हस्तियों के वेश में आए। दूसरे दिन कक्षा प्रेप के प्रतिभागी झारखंडी राजस्थानी आदिम जनजाति पंजाबी आदि वेशभूषा में सजकर आए जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत चित्रण किया। वहीं कई प्रतिभागी अपने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर आदि के वेश में आए तो कई ने प्रकृति बचाने तथा प्रदूषण-नियंत्रण का भी संदेश दिया। वहीं तीसरे दिन नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने पायलट पुलिसकर्मी कूली चिकित्सक आदि सामुदायिक सहयोगियों के रूप में उनकी महत्ता व उनके सम्मान पर बल दिया। प्रतियोगिता में समूहवार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल बच्चों की प्रतिभा विकसित होती है बल्कि वे अपने आसपास के वातावरण समाज आदि से अवगत भी हो पाते हैं।

### बीएसएल में पर्यावरण, सामाजिक और शासन सिद्धांतों पर कार्यशाला

**बोकारो।** बीएसएल के एसएमएस 2 एवं सीसीएस विभाग में ईएसजी सिद्धांतों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा धृति नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता सीजीएम अरविन्द कुमार ने की। जीएम नीता बा ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथि का स्वागत किया और आधुनिक व्यावसायिक परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ईएसजी पर्यावरण सामाजिक और शासन सिद्धांतों पर जागरूकता के लिए कार्यशालाओं की एक श्रृंखला शुरू की गई है। कार्यशाला का उद्देश्य टिकाऊ और जिम्मेदार व्यवसाय प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

# वेदांता ईएसएल ने चास-चंदनकियारी के 33 प्रतिभाशाली युवाओं को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने जिले के चास और चंदनकियारी प्रखंड के ग्रामीण युवाओं को सराहना और पुरस्कृत करने के लिए भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। उत्कृष्टता के इस उत्सव में शिक्षा कौशल और खेल पर केंद्रित अपने विभिन्न सीएसआर अंतर्गत कार्यक्रमों के तहत 33 उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित करना शामिल था। सियालजोरी प्लांट परिसर के अंदर स्थित वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी में आयोजित एक समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा वेदांता ईएसएल के मुख्य परिचालन अधिकारी रवीश शर्मा अमल घोष निदेशक इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट और डॉ सरोज कुमार सिंह निदेशक स्टील शामिल थे। बोकारो के इन ग्रामीण युवाओं को कंपनी के प्रेरणा प्रोजेक्ट और आस विद्यालय वेदांता ईएसएल स्किल विद्यालय और वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया था। प्रोजेक्ट प्रेरणा के तहत 13 छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रोजेक्ट प्रेरणा के अलावा आस विद्यालय के छात्रों को भी सम्मानित किया गया। स्किल विद्यालय के तहत संपन्न सोलर पीवी इंस्टॉलर कोर्स में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए दो उत्कृष्ट प्रतिभागियों की भी सराहना की गई। इस कौशल केंद्र ने अपने 80 प्रतिशत से अधिक पूर्व छात्रों को उद्योग जगत के अग्रणी संगठनों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिलाया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किये 13 वर्षीय युवा उत्कृष्ट प्रतिभागी कृतिका कुमारी सहित 6 तीरंदाजों को सम्मानित किया गया। मौके पर कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी रवीश शर्मा ने कहा कि वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड में हमने हमेशा अपने आस-पास के लोगों को स्वस्थ विविध प्रतियोगिताओं और प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है।

### चलकरी के ग्रामीणों ने रोका पीसीसी सड़क निर्माण कार्य

**बेरमो।** बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड अंतर्गत चलकरी उत्तरी पंचायत के रजक टोला में अनुपम हनुमान मंदिर से रजक टोला शमशान घाट तक लगभग एक करोड़ की लागत से पीसीसी सड़क पर सड़क बनाए जा रहे हैं। इस सड़क निर्माण में कोयला और मिट्टी मिला चोरी का बालू इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही कहा कि नियमत कम सीमेंट और अन्य सामग्री लगाया जा रहा है। सड़क के दोनों ओर दो-दो फीट ढलाई नहीं कर सूखा गिट्टी डाल कर सड़क चौड़ा किया जा रहा है।

### सिंचाई नाला में डूबने से बच्ची की मौत



शव को देखने उमड़ी भीड़

**मसानजोड़।** दुमका जिले के मसानजोड़ थाना क्षेत्र के रानीबहाल गांव के चड़कडांगाल में सिंचाई नाला में डूबने से ढेड़ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची मसानजोड़ थाना पुलिस ने बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रानीश्वर में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टर आजाद शेखर पंडित ने बच्ची किरण कुमारी, पिता उत्तम कुमार मिर्धा को मृत घोषित कर दिया हैं। जानकारी के अनुसार घर के बगल में नाला में खेलन के दौरान बच्ची गिर गई।

# मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को संरक्षण की जरूरत : पीडीए

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** मानसिक रूप से बीमार व मेधा दिव्यांगता से संबंधित नालसा 2024 स्कीम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के लीगल सर्विस युनीट फार चिल्ड्रन (एलएसयूसी) के सदस्यों का व्यवहार न्यायालय स्थित लाइब्रेरी हाल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्राधिकरण के अध्यक्ष पीडीजे राजेश कुमार वैश्य, परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को भी सभी प्रकार के संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। मानसिक रूप बीमार व्यक्ति के प्रति सहानुभूति बरतने की जरुरत है। ऐसे व्यक्तियों को अधिकार कराने की दिशा में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को क्रियान्वित कराने की जरुरत है। समाज के मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को उचित संरक्षण प्राप्त हो सके इस दिशा में सामूहिक रूप से कार्य करने की जरुरत है। नालसा के निर्देश के आलोक में गठित टीम को योजनाबद्ध तरीके से पहल करने का आह्वान किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने कहा कि स्कीम के प्रावधानों को प्रभावी रूप से समाज के मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को उपलब्ध कराने के लिए 19 सदस्यीय इकाई का गठन किया गया है। गठित इकाई में डालसा सचिव, अवकाश प्राप्त न्यायिक पदाधिकार, न्याय मित्र सह एलएडीसी, पैनल अधिवक्ता व अधिकार मित्र सह पीएलवी को शामिल किया गया। इकाई के सदस्यों को डालसा के प्रावधानों की समुचित जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर दो दिवसीय आरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता, चिकित्सीय सहायता तथा उनके पुनर्वास से संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इस इकाई का मुख्य कर्तव्य समाज के मानसिक रूप से बीमार लोगों को विधिक अधिकारों को उपलब्ध कराना होगा। इस अवसर पर गोड्डा न्याय मंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला शस्त्र शाखा)**

**आम सूचना**

विधान सभा आम चुनाव, 2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने के लिए इस कार्यालय आदेश ज्ञापांक–180/श0 दिनांक–22.10.2024 के द्वारा खूँटी जिला के शस्त्र अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्रों को संबंधित थाना/शस्त्र दुकान में जमा करने का निदेश दिया गया था।

चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न होने तथा आदर्श आचार संहिता के समाप्ति के बाद जमा किये गये सभी शस्त्र को मुक्त (Release) किये जाने का आदेश दिया जाता है।

अतः सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी अपने जमा शस्त्रों को संबंधित थाना/शस्त्र दुकान से प्राप्त कर लेंगे।

ह0/–
जिला शस्त्र दण्डाधिकारी,
–सह–उपायुक्त,खूँटी

PR 341358 District(24-25)#D



**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 • Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर टाटीटोली, बांसडीह, गुमला रोड के पास से 18 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप सं0–JH01CK5693 को जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 17.12.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 341336 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –12/2024-25**

1.विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
2.परिमान विपत्र की बिक्री की तिथि : 12.12.2024 से 13.12.2024 तक कार्यालय अवधि में।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 13.12.2024 (अपराहन 03.00 बजे तक)
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 13.12.2024 (अपराहन 03.30 बजे तक)
5.परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : i. मुख्य अभियंता (या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड, राँची, इंजिनीयरिंग हास्टल, न0-02,धुर्वा, राँची। ii. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग। iii. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, चतरा।
6.निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थानः क्रमांक 5 पर वर्णित स्थान।
7.कार्य विवरणी :–

| क्र0. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | सिमरिया–टण्डवा पथ के सेरेंगदाग बाजार के 20वें कि0मी0 में पथ के दोनो तरफ 500m पक्की RCC नाली निर्माण कार्य। | 49.50 | 5000=00 | 1,00,000=00 | 02 (दो) मांह |

निविदा की शर्तें WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट :– परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ भी सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि का आंकलन मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल,चतरा

PR 341325 (Road)24-25*D



**कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची**
**(जिला प्रबंधक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम शाखा)**
पंचम तल्ला, कमरा संख्या–504, ब्लॉक–बी, समाहरणालय भवन, रांची–834001

आमंत्रण संख्याः–राँची, दिनांक :–

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

राज्य में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान क्रय/अधिप्राप्ति हेतु धान अधिप्राप्ति योजना लागू है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बाजार में धान के मूल्य को स्थिरता प्रदान करते हुए किसानों को कम दर पर बिचौलियों के पास विवश न होना पड़े। धान अधिप्राप्ति योजना के अंतर्गत झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड नोडल एजेंसी के रुप में नामित है।

खरीफ विपणन मौसम 2024–25 में किसानों से धान क्रय/अधिप्राप्ति का कार्य दिनांक 15.12.2024 से प्रारंभ किया जाना है। किसानों से क्रय किये गये धान एवं उससे परिवर्तित सी.एम.आर. (उसना चावल) के भण्डारण हेतु रांची जिला में किराया पर निजी गोदाम लेने की आवश्यकता है, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| क्र० | भण्डारण किये जाने वाले सामग्री का नाम | गोदाम क्षमता (मे०टन में) | गोदाम की आवश्यकता (संख्या में) |
|---|---|---|---|
| 1. | धान | 1000 मे०टन | 1 |
| 2. | सी.एम.आर. | 1000 मे०टन | 1 |

उक्त आवश्यकतानुसार निजी गोदामों को किराया पर लेने हेतु गोदाम मालिकों से इच्छा की अभिव्यक्ति (दो लिफाफा पद्धति) आमंत्रित की जाती है।

| क्र० | विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1. | निविदा जारी करने वाले कार्यालय का नाम/पता | जिला प्रबंधक, झारखण्ड राज्य खाद्य निगम, जिला कार्यालय, रांची। रूम नं० 504, ब्लॉक बी, समाहरणालय भवन, रांची। |
| 2. | निविदा प्रकाशन की तिथि | 07.12.2024 |
| 3. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एव समय | 17.12.2024 (12:00 बजे मध्याह्न) |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17.12.2024 (04:00 बजे अपराह्न) |
| 5. | अग्रधन की राशि | रूपये पचास हजार |
| 6. | निविदा जमा करने का पता | रूम नं० 504, ब्लॉक बी, समाहरणालय भवन, रांची। |

न्यूनतम अर्हता –
1. गोदाम के मालिकाना हक संबंधी दस्तावेज। 2.पैन कार्ड एवं अद्यतन Income Tax Return.
3. गोदाम के अंदर या बाहर या आसपास पानी का जमाव/अग्नि/बाढ़ वाला क्षेत्र नहीं होना चाहिए।
4. किराया मात्र गोदाम क्षमता के अनुसार प्रति वर्गफीट अधिकतम 1000 मे०टन के लिए देय होगा।
5. निवेदित दर अधिकतम तीन मात्र तक के लिए मान्य होगा।
6. किराया की अवधि– गोदाम में धान/सी.एम.आर. का भण्डार रहने तक।
7. गोदाम में बिजली कनेक्शन उपलब्ध रहना चाहिए। 8.गोदाम में ट्रक आने जाने का रास्ता उपलब्ध रहना चाहिए।
9. गोदाम का फर्श सिमेंट से बना होना चाहिए। 10.गोदाम रांची जिला के रिंग रोड/नगड़ी/रातू क्षेत्र में अवस्थित होना चाहिए।

गोदाम चयन की विधि :–
1. गोदाम का चयन 'गोदाम चयन समिति' की अनुशंसा एवं न्यूनतम किराया दर के आलोक में किया जायेगा।

नियम व शर्तें –
1. गोदाम चयन होने के पश्चात् रुपये 500/– के स्टाम्प पेपर पर एकरारनामा सम्पादित करना होगा।
2. उक्त निविदा रद्द करने का एकाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
3. गोदाम के किराया के अलावे किसी प्रकार का राशि (किसी प्रकार का कर, इत्यादि) अलग से देय नहीं होगा।
4. निविदा स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ निर्धारित पते एवं तिथि तक स्वीकार्य होगा।
5. गोदाम का चयन होने के पश्चात् तीन दिनों के अंदर गोदाम Handover करना अनिवार्य होगा।
6. तकनीकी निविदा दस्तावेज/कागजात संलग्न करना अनिवार्य है :–
I. आधार कार्ड
II. पैन कार्ड एवं अद्यतन Income Tax Return (ITR).
III.आवासीय प्रमाण पत्र
IV.जमीन के मालिकाना हक संबंधी दस्तावेज/Power of Attorney.
V. Character Certificate
7. वित्तीय निविदा दस्तावेज में निम्न प्रारूप में दर का उल्लेख करना अनिवार्य होगा :–

| क्र० | सामग्री | क्षेत्रफल (Sq. Feet में) | निवेदित दर* (रू०में) प्रति वर्गफीट | निवेदित दर (शब्दों में) प्रति वर्गफीट * |
|---|---|---|---|---|
| 1 | धान | | | |
| 2 | सी.एम.आर. | | | |

* निवेदित दर के अलावे किसी प्रकार की कोई राशि देय नहीं होगी।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
राँची

PR 341402 (Ranchi)24-25*D

# मंहगी होती शिक्षा

भारत में गैरसरकारी क्षेत्र में बड़ी संख्या में बेहद महंगे निजी शिक्षा संस्थान तेजी से खड़े हो रहे हैं जो कई गुना फीस ले रहे हैं। वे शिक्षा की एक भिन्न संस्कृति विकसित कर रहे हैं। ज्यादातर सरकारी संस्थान संसाधनों के अभाव और व्यवस्था की खामियों से जूझ रहे हैं। कुलपतियों और अध्यापकों की नियुक्ति न होने से कई विश्वविद्यालयों में शिक्षा का माहौल बिगड़ रहा है। शैक्षिक परिवेश खराब हुआ। बढ़ते सरकारी हस्तक्षेप के कारण भी अनेक संस्थाओं का स्वाभाविक विकास नहीं हो पा रहा है। शोध की गुणवत्ता में ह्रास और शोध प्रकाशनों में धांधली घातक हो रही है। शिक्षा संस्थानों के विकास के लिए स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है। उच्च शिक्षा का आम माहौल युवा भारत के लिए चिंताजनक हो रहा है। नई शिक्षा नीति व्यवस्था, प्रक्रिया, विषयवस्तु, सांस्कृतिक परिष्कार तथा शिक्षा के माध्यम आदि को लेकर अनेक प्रस्ताव लेकर जरूर उपस्थित हुई परंतु उसके कार्यान्वयन में अनेक बाधाएं हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा और मातृभाषा में अध्ययन-अध्यापन को बढ़ावा देने के कार्य में कुछ प्रगति हुई है परंतु नीति के आने के चार साल बाद भी बहुत से सैद्धांतिक, व्यावहारिक और नीतिगत प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। इनको यथाशीघ्र सुलझाना होगा। गुणवत्ता, मौलिकता और प्रासंगिकता के अभाव में विश्व पटल पर भारतीय शिक्षा की प्रभावकारी उपस्थिति नहीं हो सकेगी। यदि शिक्षा के गिने-चुने कुछ उज्ज्वल द्वीपों (जैसेआईआईटी, आईआईएम और भारतीय विज्ञान संस्थान) को छोड़ दें तो ज्यादातर संस्थान निराश करने वाले होते जा रहे हैं। उच्च शिक्षा के प्रति सरकार का कामचलाऊ रवैया विकसित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को पाने में बाधक है। उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता का कोई विकल्प नहीं होता है। इसलिए शिक्षा के लिए गम्भीर प्रयास करने ही होंगे।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9**

**मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8**

**कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9**

**कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9**

**तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9**

**वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8**

**धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9**

**मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7**

**मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9**

# असुरक्षित फसलें और परेशान किसान

## जीएम मक्का का भयावह सच

**आज** भारत अपनी कृषि नीति के एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जहां हमारे नीति-निमार्ताओं पर जीएम मक्का के पैरोकारों द्वारा अलग अलग प्लेटफार्म के जरिये जीएम (जेनेटिकली मॉडिफाइड) मक्का को अपनाने का निरंतर दबाव डाला जा रहा है। जीएम मक्का के पैरोकारों के अनुसार, जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलें अपने देश की खाद्य सुरक्षा और कृषि चुनौतियों को बेहतर तरीके से हल कर सकती हैं। सतही तौर पर यह आकर्षक लग सकता है लेकिन गहराई से आकलन किया जाए तो ये तस्वीर उतनी लुभावनी नहीं है जैसी दिख रही है। पूरे विश्व में वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जीएम मक्के के दीर्घकालीन दुष्प्रभावों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

कल, मुझे चौंकाने वाली खबर पढ़ने को मिली, जिसमें बताया गया था कि जीएम फ्री इंडिया नामक संस्था के पर्यावरण कार्यकताओं ने तमिलनाडु में जीएम मक्का की अवैध खेती और देशभर में ₹प्रोसेस्ड और अनप्रोसेस्ड₹ मक्का उत्पादों में इसकी मौजूदगी को लेकर चिंता जताई है। उनका यह दावा ₹नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड्स टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट द्वारा की गई रिसर्च पर आधारित है। साइंस डायरेक्ट नामक प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित इस शोध में आधारित विधियों का उपयोग कर मक्के में जीएम मक्का के अंश का पता लगाया गया। शोध में यह पाया गया कि उनके द्वारा परीक्षण किए गए 15% से अधिक नमूनों तकनीकों के माध्यम से जीएम लक्षण पाए गए। और तो और, उनमें से लगभग 20% नमूनों में जीएम मक्का के समान कार्यात्मक विशेषताएं मौजूद थीं।

भारत में जीएम फसलों पर सख्त नियामक प्रतिबंधों के बावजूद, ऐसी खबरें ये दशार्ती हैं कि भारत में भी चोरी-छिपे जीएम फसलों का धड़ल्ले से प्रवेश हो रहा है। अब इसका कारण चाहे अवैध रूप से जीएम मक्के का आयात हो या प्रयोगात्मक परीक्षणों में लीक हो, दोनों सूरतों में जीएम मक्के का भारत के बाजार में ऐसे प्रवेश एक जबरदस्त खतरे की घंटी है। कई पर्यावरण कार्यकताओं और जीएम फ्री इंडिया जैसे संगठनों ने इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त की है तथा इसे हमारे देश के लिए एक गंभीर नियामक चूक बताया है। हमें ये समझना पड़ेगा कि यह सिर्फ नियम तोड़ने का ही मामला नहीं है; बल्कि यह हमारे नागरिकों के स्वास्थ्य, किसानों के



भविष्य, और हमारी पारिस्थितिकी और भूमि की उर्वरता के लिए एक खिलवाड़ जैसा है जिसका खामियाजा हमारी कई पीढ़ियों को भुगतना पड़ सकता है इसके अलावा, जीएम मक्का की शुरूआत भारत की विविध स्वदेशी मक्का किस्मों के लिए खतरे का



**- डॉ ममतामयी**

> भारत में जीएम फसलों पर सख्त नियामक प्रतिबंधों के बावजूद, ऐसी खबरें ये दशार्ती हैं कि भारत में भी चोरी-छिपे जीएम फसलों का धड़ल्ले से प्रवेश हो रहा है। अब इसका कारण चाहे अवैध रूप से जीएम मक्के का आयात हो या प्रयोगात्मक परीक्षणों में लीक हो, दोनों सूरतों में जीएम मक्के का भारत के बाजार में ऐसे प्रवेश एक जबरदस्त खतरे की घंटी है।

कारण बनती है, जिससे परागण और आनुवंशिक संदूषण का जोखिम उत्पन्न होता है। इससे आनुवंशिक विविधता में कमी आएगी, जिससे फसलें जलवायु परिवर्तन और बीमारियों के प्रति कम लचीली होंगी। इस घटनाक्रम में सबके लिए एक सीख है और अब ये जरूरत है कि भारत की कृषि विरासत और खाद्य प्रणालियों की रक्षा के लिए जीएम मक्का के खिलाफ विज्ञान-आधारित नीतियों को और प्रभावी बनाये जिससे भविष्य में इस तरह की स्थिति ना पैदा हो।

भारत कृषि प्रधान देश है जहाँ कृषि अधिकांशतः छोटे और सीमांत किसानों पर निर्भर है। हमारे देश में मक्के की ऐसी कई देशज किस्में उपजाई जाती हैं, जिसके लिए परंपरागत तरीके का उपयोग करते हैं और उन्हें बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर निर्भर नहीं रहना होता। कई पर्यावरणविद् ऐसी आशंका जता रहे हैं कि जीएम मक्के के आने यह संतुलन बिगड़ जाएगा, क्योंकि जीएम फसलें विदेशी कंपनियों द्वारा पेटेंट की गए बीजों पर निर्भर हैं। अगर किसान जीएम मक्का उपजाने लगे तो उन्हें को हर साल इन्हीं गिनी चुनी कंपनियों से महंगे बीज खरीदने के मजबूर होना पड़ेगा जिससे उनकी कृषि लागत बढ़ने के साथ-साथ उनकी इन कंपनियों पर निर्भरता भी बढ़ेगी।

जीएम मक्का के गुणों की बात की जाए तो इसे जेनेटिक रूप से ऐसे संशोधित किया जाता है जो इन्हें कीटनाशकों और हर्बिसाइड्स, जैसे ग्लाइफोसेट, के प्रति सहिष्णु बनाता है। हालांकि इन तकनीकों से कीट और खरपतवार नियंत्रण का दावा तो किया जाता है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सम्बन्धी रोगों और पर्यावरणीय जोखिम की संभावना बढ़ जाती है। कई अध्ययनों ने जीएम फसलों को एलर्जी, पर्यावरणीय असंतुलन और कैंसर जैसी बीमारियों से जोड़ा है। ग्लाइफोसेट का उपयोग माइक्रोबियल प्रतिरोध और विषाक्तता को बढ़ा सकता है। अतः हानिकारक कीटों के साथ साथ इससे मधुमक्खियों जैसे लाभकारी कीट भी प्रभावित होते हैं, जिससे पारिस्थितिकी और जैव विविधता में असंतुलन पैदा हो सकता है। भारत में बीटी कपास के उत्पादन के कड़वे अनुभव से ये साबित हो गया है कि ये फसलें अक्सर अपने अनुमान के मुताबिक पैदावार नहीं बढ़ा पातीं और किसानों को आर्थिक परेशानियों में डाल देती हैं।

आज के समय में वैश्विक स्तर पर, खासकर यूरोप और एशिया के कुछ हिस्सों में उपभोक्ताओं द्वारा जीएम-मुक्त खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। कई देश पुख्ता सबूतों के साथ ऐसा दावा करते हैं कि गैर-जीएम कृषि को प्राथमिकता देना न केवल व्यावहारिक कदम है, बल्कि यह कदम देश की खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता और आर्थिक उत्थान के लिए भी फायदेमंद है। उदाहरण के तौर पर यूरोपीय संघ (एव) में, कुल मक्का उत्पादन का 99% से अधिक हिस्सा जीएम-मुक्त मक्के का है। ये जीएम फसलों को अपने देश में सख्त नियामक प्रणाली से नियंत्रित करते हैं। एक डाटा के अनुसार सन 2023 में यूरोपीय संघ में लगभग 61.4 मिलियन टन जीएम-रहित मक्का उत्पादन हुआ। इसी तरह, ब्राजील ने जीएम-रहित मक्का और सोयाबीन के निर्यात-बाजार में अपनी स्थिति मजबूत की है। अगर इन देशों ने बिना जीएम बीजों को अपनाये हुए मक्के की उपज बढ़ा सकते हैं तो भारत क्यों नहीं। जीएम मक्का को अपनाना इन उपभोक्ताओं को निराश और मक्के के उपयोग से दूर कर सकता है, जो भारत की ₹सतत कृषि₹ की छवि को नुकसान पहुंचा सकता है।

कई पर्यावरणविदों और कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को खाद्य सुरक्षा के लिए जीएम मक्का की आवश्यकता कतई नहीं है।

आधुनिक प्रजनन तकनीकें मक्के के सुरक्षित और प्रभावी विकल्प प्रदान करती हैं। बिना किसी खतरे के उच्च उत्पादन, कीट प्रतिरोधी और सूखा-सहिष्णु मक्के की फसलें विकसित करने के लिए लम्बे समय से इन विधियों का उपयोग किया जाता रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के अनुसंधान संस्थानों को ऐसी टिकाऊ फसलें विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए, जो भारत की कृषि स्थितियों के लिए उपयुक्त हों।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** भाजपा सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**हेमन्त** जी को झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने की हार्दिक बधाई। पूरे झारखण्ड को यह पूर्ण विश्वास है कि आपके इस कार्यकाल में झारखण्ड विकास के नये आयाम छुएगा। अबुआ सरकार जन-जन की सरकार होगी और पंक्ति के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्तियों को भी हर सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा यह सुनिश्चित करेगी।

**-कल्पना सोरेन विधायक**

**यथार्थवाद** और सकारात्मकता का मार्ग न केवल हमारे जीवन को संतुलित करता है, बल्कि हमें आंतरिक शांति और शक्ति भी प्रदान करता है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**
**जूना अखाड़ा**

# उच्च शिक्षा की परंपरा और प्रयोग



**डॉ उषा किरण**

शिक्षा

**भारत** में नालंदा, विक्रमशिला, ओदंतपुरी और तक्षशिला आदि कई विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों की शृंखला थी, जहां अनेक विषयों का अध्यापन और अनुसंधान किया जाता था। ये सभी संस्थान समाज द्वारा पोषित किंतु व्यवस्था की दृष्टि से स्वायत्त थे। यहां के प्राध्यापक अपने विषयों के प्रामाणिक विद्वान थे और उनकी उपलब्ध कृतियां उनकी प्रतिभा और बुद्धि का कायल बनाती हैं। वैदिक ज्ञान परम्परा से जो धारा प्रवाहित हुई वह काल क्रम में ज्ञान की साधना को दिशा देती रही। इसका प्रमाण ज्ञान का प्रतिमान स्वरूप अष्टाध्यायी, योगसूत्र, नाट्यशास्त्र, चरक संहिता, अर्थशास्त्र, कामसूत्र और सूर्य सिद्धांत आदि अनेकानेक ग्रंथों में उपलब्ध होता है। दर्शन, धर्मशास्त्र, गणित, धातु-विद्या, साहित्य और कला आदि के क्षेत्रों में प्रचुर सामग्री आज भी उपलब्ध है। यह निश्चित है कि अध्ययन का क्षेत्र अत्यंत व्यापक था और वह कोरा सैद्धांतिक न होकर जीवन से जुड़ा होता था। वह शिक्षा विद्यार्थी को व्यवसायों के लिए तैयार करती थी। ज्ञान की यह परम्परा विकसित होती रही, उन पर चर्चा, खंडन मंडन और टीका-टिप्पणी का भी अवसर बना रहा। यदि ज्ञान की शास्त्रीयता बहुलतामूलक थी तो बहुज्ञता शास्त्र जानने वाली की प्रवीणता या दक्षता की कसौटी थी। भर्तृहरि के शब्दों में ह्यसिर्फ अपनी ही ज्ञान-परम्परा का ज्ञान अपर्याप्त होता है। विचारों और सिद्धांतों में पर्याप्त विविधता थी और ज्ञान की प्रामाणिकता उसके प्रयोग से जांची-परखी जाती रही। कुशलता और दक्षता को बढ़ावा दिया जाना प्रमुख सरोकार था। ज्ञान-विज्ञान के अर्जन को अवलोकन तथा तर्क की सहायता से आगे बढ़ाने का प्रयास ज्ञान की यात्रा की मुख्य विशेषता के रूप में उभरती है। सिद्धांतों को यथार्थ की ओर उन्मुख एक आलोचक दृष्टि द्वारा सतत प्रमाणित किया जाता रहा। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य जीवन के क्लेशों से पार पाना था। विद्यार्जन का कार्य सभी तरह की समस्याओं का समाधान करने वाले उपाय के रूप में स्थापित हुआ। मनुष्य का सर्वतोमुखी विकास इस शिक्षा का उद्देश्य था। शिक्षा मूल्य-सृजनका माध्यम थी। भारतीय परंपरा में शिक्षा को सामाजिक जीवन से जोड़े रखने को प्राथमिकता दी गई थी। शिक्षा और दीक्षा के द्वारा शास्त्र तथा लोक दोनों को पुष्ट किया जाता रहा और दोनों एक दूसरे को प्रभावित करते रहे । शिक्षा की चर्या कैसे हो इस पर भी वैदिक काल से ही चिंतन-मनन होता रहा। ज्ञान को आत्मसात करना और दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाना ही आचार्य और उपाध्याय का मुख्य कार्य होता था। अध्यापक का प्रवचन यदि 'संधान' था तो गुरु (पूर्वपक्ष) तथा शिष्य (उत्तरपक्ष) के बीच विद्याविषयक सम्बन्ध को 'संधि' कहा गया। ज्ञान की सामाजिक भूमिका थी तो ज्ञानसृजन भी समाज की आशा-आकांक्षा के प्रति संवेदनशील था। अपने व्यापक अर्थ में दोनों का संचालन 'धर्म' की परिधि में करने पर जोर दिया गया। इसे जीवन-विस्तार और समाज में स्थापित किया जाता रहा ।विभिन्न शास्त्रों, विद्याओं और कला-कौशलों का विस्तार आज भी विभिन्न ग्रंथों या टेक्स्ट में उपलब्ध है जो यह बताने के लिए पर्याप्त आधार प्रदान करता है कि भौतिक जगत, सामाजिक व्यवहार और आध्यात्मिक अनुभव सभी दृष्टियों से ज्ञान के उद्घाटन का प्रयास मुख्य है ।इन सबके केंद्र में मनुष्य समेत समस्त प्राणिजगत के साथ प्रकृति की रक्षा और संवर्धन का प्रयास है ।इस सोच में शिक्षा मानव पूंजी में स्थायी निवेश है जिसका उद्देश्य दायित्वपूर्ण मनुष्य निर्मित करना है ।यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि आधुनिक भारत में उच्च शिक्षा का वर्तमान रूप अंग्रेजी औपनिवेशिक काल की देन है जिसे योजनाबद्ध रूप में युक्तिपूर्वक प्रस्तुत और स्थापित किया गया ।यह शिक्षा को देश की ज्ञान-परम्परा से काट कर और उसे अप्रासंगिक बना कर लागू की गई। अपरिचित विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था ने शिक्षा तक पहुँच को न केवल सीमित कर दिया बल्कि अंग्रेजी तहजीब और तौर तरीकों को मानक के रूप में स्थापित किया। संस्कृति और ज्ञान का नया आदर्श अनिवार्य रूप से श्रेष्ठ बना कर प्रचारित किया गया। उस अंग्रेजी परस्त भारत से परे वाला शेष भारत बड़ी आसानी से हाशिए पर पहुंचा दिया गया। अपने सामान्य रूप में यह शिक्षा ज्ञान के निर्माण और प्रसार की जगह सरकारी काम-काज के लिए जरूरी मुलाजिमों को तैयार करने लायक पढ़ाई पर ही केंद्रित रही। इस तरह वह एक तरह की बाबूगिरी को तरजीह देने वाली ज्ञानप्रणाली थी और उसका विस्तार उसी रूप में किया जाता रहा । इस शिक्षा में विद्यार्थी का एकांगी विकास हो रहा था। उसकी विषयवस्तु बाहर से उधार ली गई थी और शिक्षा के नाम पर उसी के अनुकरण तथा पुनरुत्पादन का काम जोर-शोर से शुरू हुआ जो बाद में भी चलता रहा। पश्चिम को ही मानक माना गया और उसकी मान्यता पाने पर जोर दिया जाता रहा। ऐसे में नवोन्मेष, सृजनात्मक पहल, मौलिकता और विचार-स्वातंत्र्य जैसे मानदंडों में देश पिछड़ता गया।

# डिजिटल अरेस्ट का सबसे ज्यादा शिकार पढ़े-लिखे लोग मसलन डॉक्टर, अधिकारी, व्यवसायी

**रानी राज**

समाज

**आज** भारतीय समाज में डिजिटल अरेस्ट बहुत बड़ी समस्या बन कर उभरी है। यह साइबर क्राइम का नया स्?वरूप है। पिछले कुछ महीनों से लोग बहुत तेजी से इसकी चपेट में आए हैं। हैरानी की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट का सबसे ज्यादा शिकार पढ़े-लिखे लोग मसलन डॉक्टर, अधिकारी, व्यवसायी, रिटायर्ड अधिकारी और सेना के अधिकारी हो रहे हैं। यह समस्या इतनी गंभीर होती जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी डिजिटल अरेस्ट के बारे में लोगों से सावधान रहने का आग्रह करना पड़ा।

इस गंभीर होती समस्या में दो बातें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पहला यह कि ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग ही इसका शिकार क्यों हो रहे हैं? दूसरा, आखिरकार स्कैमर्स को लोगों का एकदम सटीक डेटा मिल कहां से रहा है?

यह मामला इतना गंभीर है कि पिछले तीन महीने में केवल दिल्ली-एनसीआर में डिजिटल अरेस्ट के 600 से अधिक मामले चुके हैं। इनमें लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। ये सभी पंजीकृत मामले हैं। देश भर में रिपोर्टेड और अनरिपोर्टेड मामलों की संख्या बहुत अधिक है।

हम सभी को यह समझने की जरूरत है कि डिजिटल अरेस्ट होता क्या है? दरअसल, डिजिटल अरेस्ट एक तरह का साइबर फ्रॉड होता है जिसमें धोखेबाज आपको अज्ञात नंबर से फोन या वीडियो कॉल करके पुलिस या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या आयकर विभाग का अधिकारी बनकर धमकाता है और आपसे पैसे ऐंठने की कोशिश करता है। वह आपको बताता है कि आप किसी अपराध में शामिल हैं अथवा संलिप्त हैं। वह आपसे पैसे की डिमांड करता है और कहता है कि अगर आप पैसे नहीं देते तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्कैमर इस दौरान फोन कॉल डिसकनेक्ट नहीं करने देता और एक तरीके से वह आपको आपके घर या कार्यालय में ही डिजिटल अरेस्ट कर लेता है। वह आपको डराता है और कहता है कि आपके खिलाफ वारंट जारी हो चुका है या आपकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। वह इस तरीके से फोन कॉल पर ही दबाव डालता है कि मामले को रफा-दफा करने के नाम से आपसे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं।

सबसे अहम सवाल यह है कि फ्रॉड करने वाले इन स्?कैमर्स को आपका सटीक डेटा मिलता कहां से है? ऑनलाइन स्कैमर्स, लोगों का डेटा कई तरीकों से हासिल करते हैं। फिशिंग ई-मेल या वेबसाइट स्कैमर्स, ई-मेल या एसएमएस के जरिए फिशिंग लिंक भेजते हैं। ये लिंक क्लिक करने पर, यूजर फेक वेबसाइट पर पहुंच जाता है। वहां से स्कैमर्स, लोगों की जानकारी चुरा लेते हैं। स्कैमर्स, मोबाइल डिवाइस को मालवेयर से संक्रमित कर सकते हैं। इससे, डिजिटल वॉलेट ऐप से सीधे भुगतान जानकारी चुराई जा सकती है। स्कैमर्स, असली ऐप या वेबसाइट की तरह दिखने वाले नकली ऐप या वेबसाइट बनाते हैं। लोग कई बार ऐसे ऐप को अपने डिवाइस पर अनजाने में डाउनलोड कर लेते हैं। आज सोशल मीडिया का जमाना है और स्कैमर्स, सोशल इंजीनियरिंग हमलों का इस्तेमाल करके, यूजर को भुगतान डेटा साझा करने के लिए धोखा देते हैं। इसके अलावा स्कैमर्स, यूजर के डिवाइस और भुगतान टर्मिनलों के बीच संचार को बाधित करते हैं। उसके साथ ही वे भुगतान डेटा पर कब्जा कर लेते हैं।

कई बार ऐसा होता है कि हम सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षित वाई-फाई का इस्तेमाल कर लेते हैं। फ्राड करने वाले इसी दौरान हमारे डिवाइस पर ऐक्?सेस लेकर हमारा डाटा चुरा लेते हैं। दूसरा अहम सवाल यह है कि पढ़े लिखे लोग भी स्कैमर्स के जाल में क्यों फंसते हैं? इसका प्रमुख कारण हैं लोगों के अंदर पुलिस और जांच एजेंसियों का डर। इस डर के दो कारण हो सकते हैं। पहला कारण जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में है। उसे यह जानकारी नहीं होती कि क?या कोई जांच एजेंसी फोन और वीडियो कॉल पर स्टेटमेंट रिकॉर्ड करती है अथवा बचाने के नाम पर ऑनलाइन पैसा भी मांगती है। दूसरा कारण भी बहुत महत्वपूर्ण है। अगर पीड़ित व्यक्ति सचमुच गलत काम कर रहा है तो वह आसानी से स्?कैमर्स के झांसे में आ सकता है। लेकिन अगर व?यक्ति गलत काम कर ही नहीं रहा तो उसके डरने का सवाल ही नहीं उठता। वह स्कैमर्स का डटकर मुकाबला करेगा और अगर वह चाह ले तो स्कैमर्स को एक्सपोज कर भी कर देगा।

आज जिस तरीके से डिजिटल अरेस्ट के मामले बढ़ रहे हैं, उसको देखते हुए लोगों को अत्यधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है। अनावश्यक आने वाले लिंक, कॉल से सतर्क रहें। आज हर व्यक्ति को समझने की जरूरत है कि वे इस तरह के मामलों के झांसे में न आए। संदिग्ध या अनावश्यक कॉल को न उठाए।

इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि पुलिस या कोई भी सरकारी एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर किसी भी तरह के मामले की जांच या स्टेटमेंट रिकॉर्ड नहीं करती है। अगर ऐसी कोई कॉल आपके पास आती है तो अपने घरवालों, परिवार और दोस्तों को इस तरह के फ्रॉड के बारे में बताएं ताकि वे भी सतर्क रहें। फ्रॉड का शिकार होने अथवा उसका शक होने पर डरने की जगह साइबर सेल से संपर्क कर इसकी जानकारी देकर आप देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

**(वित्त अधिकारी बिहार सरकार)**

## स्पीड न्यूज

### डीएवी बरकाकाना की छात्रा रिद्धि ने कराटे अंडर-19 में जीता गोल्ड



**रामगढ़।** नोएडा में आयोजित ऑल इंडिया डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2024 के कराटे अंडर-19 में डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना की कक्षा आठ की छात्रा रिद्धि आनंद ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिवार, विद्यालय, सीसीएल नयानगर क्षेत्र एवं पूरे रामगढ जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में देशभर से आए डीएवी विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय ने रिद्धि की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि रिद्धि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से हमारे विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी है। रिद्धि के पिता अमित कुमार एवं माता स्वेता सिन्हा ने बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि रिद्धि की मेहनत एवं समर्पण के साथ उनके प्रशिक्षक शशि पांडे का कुशल प्रशिक्षण का ही यह परिणाम है । यह हमारे लिए काफी गर्व और खुशी का क्षण है। हम अपनी बेटी की हर उपलब्धि में उसके साथ हैं और उसे भविष्य में और ऊंचाइयों पर पहुंचते देखना चाहते हैं।

### रजरप्पा में खान सुरक्षा सप्ताह मना



**रजरप्पा।** खान सुरक्षा निदेशालय, भारत सरकार के तत्वाधान में गुरुवार को सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में 67वाँ वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह, 2024 के निरीक्षण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा निदेशालय के उप निदेशक (मेकेनिकल) रविन्द्र बोंथा उपस्थित थे। वहीं संयोजक के रूप में आम्रपाली परियोजना के परियोजना पदाधिकारी मो. अकरम तथा मुख्यालय की ओर से उमेश मेहरोत्रा उपस्थित थे। श्रमिक संगठन से राजेंद्र चौधरी, प्रदीप पटवा, महेंद्र मिस्त्री, कर्मा मांझी, झलकू महतो, आरपी सिंह, मो. शाहिद, विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

### बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चलें



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल उत्तरी पंचायत के अंबेडकर भवन में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि वीरेंद्र पासवान, उप मुखिया विमलेश कुमार आदि शामिल थे।

### कुजू में मनी अंबेडकर की पुण्यतिथि



कुजू। भारतरत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का पुण्यतिथि कुजू चौक में मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम की अध्यक्षता में सर्वप्रथम बाबा साहब की तस्वीर के समक्ष अगरबत्ती जलाकर पुष्पांजलि अर्पित की गई। धर्मराज राम ने भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगों को बताया कि किस प्रकार से मध्यप्रदेश के महू जिले से निकलकर पूरे देश-विदेश तक अपनी पहचान सिर्फ और सिर्फ शिक्षा के बल पर हासिल किया। कार्यक्रम में तरुण अग्रवाल, मेघलाल रविदास, संतोष मेहता, आकाश ओझा, अकबर खान, शकील खान, मुकेश शर्मा, सुरेश राम,राजू राम आदि शामिल थे।

### छोटकी लारी में मना महानिर्वाण दिवस



रजरप्पा। प्राथमिक विद्यालय, छोटकी लारी में शुक्रवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 68वें महानिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने डॉ. अम्बेडकर के विराट व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर एक कुशाग्र बुद्धि व विलक्षण प्रतिभा के छात्र थे। उनके पास न खाने के लिए पैसा था न सोने के लिए समय। वे प्रतिदिन लगातार 18 घंटों तक ज्ञान साधना में लीन रहते। मौके पर प्राचार्य भोला करमाली सहित कृपाल महतो, मोगिश अहमद, सतीश गुप्ता सहित व बच्चे उपस्थित थे।

### उज्जवला दीदियों को मिलेगा सिलाई मशीन



**कुजू।** जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, अगर हमलोग भी एक नहीं रहेंगे तो आने वाले दिनों में हमारे साथ भी ऐसा ही होगा। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष सह भाजपा रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने कही। प्रजापति शुक्रवार को बोंगावार स्थित मोती राम कॉम्प्लेक्स में आयोजित उज्जवला फाउंडेशन के मासिक बैठक में उज्जवला दीदियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उज्जवला दीदियो को जानकारी दिया कि मकर संक्रांति के बाद आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से उनके बीच सिलाई मशीन व कंप्यूटर का वितरण किया जायेगा। बैठक में प्रकाश केशरी, कौशल्या देवी, शांति देवी, मनसरी देवी, रिंकु देवी, अनिता देवी, गुड़िया बनो, संगीता देवी, तमन्ना देवी, मीरा देवी, ललिता देवी, मुनिया देवी, मंजू देवी, छोटन प्रजापति आदि शामिल थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन

**हिंदू समुदाय पर हमला मानवता के लिए एक बड़ा धब्बा : शैलेष कुमार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** पंचमाधव स्थित आइलेक्स पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। छात्रों ने बांग्लादेश में यूनुस सरकार का पुतला फूंका और मुर्दाबाद नारा लगाया। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार न केवल निंदनीय हैं, बल्कि यह मानवता के लिए एक बड़ा धब्बा हैं। ऐसी घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाना हमारी जिम्मेदारी है। हमें इन मुद्दों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और पीड़ित समुदाय का समर्थन करना चाहिए। विद्यालय की प्रबंधक सुषमा भारती ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि हमारी एकजुटता और मानवता के प्रति हमारे कर्तव्य को व्यक्त करने का प्रयास है। हमारे बच्चों ने यह संदेश दिया है कि वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में आगे हैं, बल्कि सामाजिक मुद्दों के प्रति भी जागरूक हैं। विद्यालय प्रशासन ने प्रदर्शन के माध्यम से बच्चों और समाज को यह संदेश दिया कि केवल अकादमिक सफलता ही पर्याप्त नहीं है। छात्रों को सामाजिक और वैश्विक समस्याओं की जानकारी होना और उनके प्रति संवेदनशील रहना बेहद जरूरी है। इस विरोध प्रदर्शन में छात्रों ने अपने कड़े विचार और समर्थन व्यक्त कर यह साबित किया कि युवा पीढ़ी भी बड़े बदलाव का हिस्सा बन सकती है। विद्यालय में यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# रामगढ़ में युवक का अगवा कर फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार


**▸▸ रामगढ़ बस स्टैंड से पांच दिसंबर को अनिल कुमार को अशफाक ने किया था अगवा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** शहर के एक युवक का अपहरण कर अपराधी फिरौती मांग रहे थे। लेकिन अपराधियों की योजना रामगढ़ पुलिस की सक्रियता से विफल हो गई। पुलिस ने अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर एक अपराधी को गिरफ्तार किया। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 5 दिसंबर को को उन्हें सूचना मिली कि रामगढ़ बस स्टैंड से एक युवक का अपहरण कर पैसों की मांग की जा रही है। पैसा नही देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। एसपी रामगढ़ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत युवक की स-कुशल बरामदगी हेतू एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम (एसआइटी) का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि गठित (एसआइटी) टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान करते हुए हजारीबाग लोहसिंघना मैदान के पास पुलिस टीम पहुंची तो मैदान से दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। भागते हुए एक व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम मोहम्मद अशफाक उर्फ राजू उम्र 32 वर्ष पिता मोहम्मद कमरूद्दीन, पता-गोदखर रोड, पेलावल थाना-कटकमसांडी (पेलावल), जिला-हजारीबाग बताया। पकड़े गए व्यक्ति से भागने वाले व्यक्ति के बारे में पूछताछ किया तो उसक नाम तौसिफ जावेद, उम्र 31 वर्ष, पता-कल्लु चौक, थाना-लोहसिंघना, जिला-हजारीबाग बताया। पकड़े गए व्यक्ति से सख्ती से भागने का कारण पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि एक युवक अनिल कुमार को रामगढ़ बस स्टैंड से अपहरण कर लोहसिंघना मैदान, हजारीबाग में पड़ा कबाड़ बस में रखे हुए है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा कबाड़ बस से अपहृत अनिल कुमार को हाथ बंधे हालत में पाया गया जिसे स-कुशल बरामद किया गया। अपहृत अनिल कुमार को अपहरण करने के आरोप में पकड़े गए व्यक्ति अशफाक को गिरफ्तार किया गया एवं घटनास्थल पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल होंडा साईन मोटरसाईकिल नं० जेएच02बीडी-2981, अपहृत का मोबाईल फोन बरामद किया। । छापामारी में शामिल एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, पुअनि सुमंत कुमार राय व अन्य शामिल थे।

### सात दिनों से बंद तोपा कांटा घर हुआ चालू



**कुजू।** राहुल दुबे गैंग के अपराधियों के धमकी के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच तोपा कांटा घर का कार्य शुरू हुआ। कांटा घर खुलने के बावजूद अपराधी राहुल दुबे के फोन से मिली धमकी से भयभीत ट्रांसपोर्टर,डीओ धारक, लिफ्टरो ने एक भी हाईवा, ट्रक लोडिंग पॉइंट पर नहीं भेजा। हालांकि जिले के वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर कुजू पुलिस सीसीएल के अधिकारी व कर्मियों के सहित कांटा घर के सुरक्षा में दिन रात तैनात है। पुलिस कर्मियों के तैनाती के बावजूद पैंथर मोबाइल व पुलिस की गश्ती टीम परियोजना के सुरक्षा में लगातार गस्ती कर रहे हैं। वहीं डरे-सहमे ट्रांसपोर्टर ,डीओ होल्डर, लिफ्टरों का कहना है कि जान पर खेल कर हाईवा व ट्रक लोडिंग पॉइंट पर भेजना सही नहीं है। इधर 7 दिनों से घाटो व केदला वासरी के लिए होने वाला ट्रांसपोर्टिंग कार्य बाधित है। वहीं लोकल सेल सेंटर से ट्रकों से कोयला उठाव नहीं हो पा रहा है।

## अधूरे कार्य होंगे पूरा : कमलेश



**कुजू।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व मंत्री रामेश्वर उराँव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक का शुक्रवार को श्री राम चौक में भव्य स्वागत किया गया। सभी नेतागण राँची से कांग्रेस नेता उदय साव की विगत दिनों अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारकर हत्या के बाद उनके परिवार जनों से मिलने व पुलिस प्रसाशन से मिलकर दोषी को सजा दिलाने को लेकर हजारीबाग जाने के क्रम में कुछ देर के लिए रूके थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार केबिनेट में सभी समुदायों का ख्याल रखते हुए प्रमंडलीय स्तर पर संतुलन बना कर विस्तार किया गया है। जिसमे पिछली महागठबंधन की सरकार में जो कार्य अधूरे रह गए हैं, उनसभी को पूरा किया जायेगा। इस बार भी हेमंत सरकार विकास की एक लंबी रेखा खींचने को तैयार है। स्वागत करने वालो में प्रदेश सचिव धर्मराज राम, सीपी संतन, अकबर खान, शकील खान, आकाश ओझा, सागर महतो, मोसिन खान, मो नौशाद, सेराज आलम, मुकेश साहू, राजू साव, जावेद आलम,सुलेमान आलम, बबलू सिद्दीकी, हसन खान,पिंटू राम,आरिज हुसैन,सलीम शेख,बरकत आलम आदि शामिल थे।

## मांडू के सभी क्षेत्रों में होगा विकास : तिवारी महतो



**कुजू।** हमारी जीत एक सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उक्त बातें मांडू विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक तिवारी महतो ने कही। श्री महतो शुक्रवार को सुगिया, नावाटांड, काचाडाड़ी, धनबेड़वा, उखरबेड़वा, चमारीडेरा, धवैयाडीह, लोहसिंघना, बड़कीडुंडी, रतवे, बलिया, बरमसिया सहित अन्य क्षेत्रों में आशीर्वाद आभार यात्रा के दौरान ग्रामीण जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरा एक ही संकल्प है कि मांडू विधानसभा के सभी क्षेत्र के लोगों का विकास। उन्होंने कहा कि सबकी मेहनत और आशीर्वाद मैं आज यहां तक पहुंचा हूं, और मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं जिस तरह से आप सभी ने मुझपर भरासो जताकर विधायक बनाया है, ठीक उसी प्रकार आप सभी के समस्याओं का समाधान और विकास होगा। आशीर्वाद आभार यात्रा के दौरान ग्रामीण जनता ने तिवारी महतो को फूल माला पहनाकर व बूके देकर भव्य स्वागत किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य तापेश्वर महतो, सूबेदार महतो, मुखिया प्रतिनिधि शक्ति महतो, जयकिशोर महतो, नेवालाल महतो, मनोज कुमार, पवन यादव, चितू महतो, तुलसी महतो, भुनेश्वर महतो, टेकलाल, शीतल महतो, बालदेव महतो, छेदी महतो, अशोक धोबी, बीरबल मुंडा, सहदेव महतो, छोटन महतो, बिनोद प्रजापति,तुलेश्वर प्रसाद,लालधारी महतो सहित एनडीए के कार्यकर्ता शामिल थे।

## बरही में बने ओवरब्रिज : कांग्रेस



**बरही।** बरही और चौपारण में एनएच-2 राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में अनियमितताओं और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने सड़क परियोजना निदेशक से मुलाकात की। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजाम उद्दीन अंसारी, ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, ओबीसी जिला महासचिव सुनील साहू और कांग्रेस नेता जितेंद्र गिरी सहित अन्य नेताओं ने इस मुद्दे पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को शिकायत सौंपी और जल्द सुधार न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। डॉ. निजाम उद्दीन अंसारी ने कहा कि बरही में रोजाना लगने वाले जाम से लोग परेशान हैं। इसके समाधान के लिए क्षेत्र में ओवरब्रिज निर्माण की मांग की गई, ताकि न केवल यातायात सुचारू हो, बल्कि दुर्घटनाओं को भी रोका जा सके। इसके अलावा, तिलैया रोड पर सर्विस रोड के अधूरे निर्माण को भी लेकर स्थानीय लोगों को हो रही कठिनाइयों का मुद्दा उठाया गया।

## हरली बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी से अभिभावक नाराज



**दारु।** बालिका आवासीय विद्यालय हरली स्कूल में 130 छात्रा पढ़ रही है। इस विद्यालय में छात्राओं को पढ़ाने के लिए एक वार्डन सहित तीन शिक्षिका है।कम संख्या में शिक्षिका रहने के कारण छात्रों की पढ़ाई सही ढंग से नही हो पा रही है। विद्यालय परिसर में गुरुवार को शिक्षक और अभिभावकों की बैठक बुलाई गई थी बैठक में अभिभावक गुस्सर में नजर आये, उनका कहना था कि वह बच्चों को रखकर आवासीय शिक्षा दिलाने का प्रयास कर रहे हैं पर जब विद्यालय मे शिक्षक पूरी नहीं रहेंगे तो पढ़ाई बच्चों कैसे होगी । हरली के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार वर्मा ने कहा कि पिछले एक वर्षों से वह लोगों के साथ मिलकर यहां के शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की मांग विभाग से कर रहे हैं पर अब तक विभाग इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।

## एनटीपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने पीवीयूएनएल का किया दौरा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनटीपीसी लिमिटेड की मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) और आईआरएस अधिकारी रश्मिता झा ने शुक्रवार को पीवीयूएनएल पतरातू का दौरा किया। दौरे के क्रम में उन्होंने पीवीयूएनएल के महाप्रबंधकों (जीएम), विभागाध्यक्षों (एचओडी) और साइट प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर वार्ता की।

इस दौरान सीवीओ ने सामुदायिक विकास पहल के तहत आयोजित मशरूम प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। नेताजी हॉल बिरसा मुंडा भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वर्ण रेखा महिला समिति की अध्यक्षा रीता सिंह ने उनका स्वागत किया। पतरातू परियोजना स्थल के दौरे के दौरान उन्हें आरके सिंह (हेड ऑफ प्रोजेक्ट्स पीवीयूएनएल), देवदीप बोस (महाप्रबंधक, संचालन और रखरखाव), अनुपम मुखर्जी (महाप्रबंधक, परियोजनाएं) और जियाउर रहमान (मानव संसाधन प्रमुख) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

सभी अधिकारियों ने सीवीओ को विभिन्न परियोजना स्थलों का दौरा कराया और परियोजनाओं की प्रगति और कार्यों की जानकारी दी। दौरे के माध्यम से सीवीओ ने न केवल परियोजनाओं की समीक्षा की, बल्कि सामुदायिक विकास के तहत चल रही पहलों को भी प्रोत्साहित किया। यह दौरा पीवीयूएनएल के कार्यों और स्थानीय समुदाय के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण रहा।

## एक नजर में

### विन्ध्यवासिनी कॉलेज में ओरिएंटेशन संपन्न



**पदमा।** मां विन्ध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में नए विद्यार्थियों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम का शुक्रवार को दूसरा दिवस संपन्न हुआ आज के कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर अंशु रोजलीन लकड़ा ने किया। डॉ प्रियंका कुमारी के समन्वयन में चल रहे इस चार दिवस के कार्यक्रम के दूसरे दिन आज डॉ नीतू उपाध्याय निर्देशन में विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन संपन्न करवाने के उपरांत मल्टीपरपज हॉल में सर्वप्रथम डॉक्टर तनुजा गुप्ता द्वारा मेंटर मेंटी सेशन प्रस्तुत किया गया जिसमें महाविद्यालय की पॉलिसी, प्रोसीजर, एलोकेशन एवं कम्यूनिकेशन पक्ष पर चर्चा हुई। प्रो. जितेंद्र झा ने स्टूडेंट यूनियन लीडर कमेटी के उद्देश्यों, प्रक्रियाओं तथा लाभ से अवगत कराया। प्रो. सरिका मेहता ने कोड ऑफ कंडक्ट फॉर स्टूडेंट एंड स्टाफ्स पर विस्तार से चर्चाएं किया। डॉ. विरेंद्र चौरसिया ने शिकायत समाधान रिड्रेसल तथा कंप्लेंट हैंडलिंग से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। डॉ. प्रियंका कुमारी ने प्रोफेशनल एथिक्स तथा सॉफ्ट स्किल से नए प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। प्रो. शनिदेव कुमार ने शिक्षक प्रशिक्षण कोर्स में मूल्यों के महत्व तथा व्यावहारिक पक्ष पर अपने विचार व्यक्त किया तथा डॉ. सुनील कुमार वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही द्वितीय दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### मलकोको में अंबेडकर को दी गयी श्रद्धांजलि



बरही। मलकोको पंचायत संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। प्राचार्य गुलाब कुमार ने बताया कि डॉ. अंबेडकर ने केवल एक विशेष जाति या वर्ग के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के अधिकारों और समानता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार और संघर्ष आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। विद्यालय के शिक्षक दिनेश कुमार यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का संघर्ष जितना बड़ा समझा जाता है, वह उससे कहीं अधिक है। उन्होंने समाज के हर व्यक्ति को अधिकार दिलाने के लिए असाधारण प्रयास किए। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के शिक्षक सकलदेव यादव, दिनेश कुमार दास, सूरज दास, शिव कुमार यादव, मनु कुमार, विवेक कुमार, पूजा कुमारी, नीतू कुमारी, ललिता कुमारी, अनिल दास, और सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का माहौल शिक्षाप्रद और भावपूर्ण रहा।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर में साइकिल वितरित

**बरही।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर में सत्र 2024-25 के वर्ग अष्टम के छात्र-छात्राओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 77 छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, ज़िला परिषद सदस्य मंजू देवी, समाजसेवी गणेश यादव, समाजसेवी रंजीत चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, शिक्षा ब्रांड एंबेसडर परमेश्वर यादव, उप मुखिया रोहित यादव, प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष महेश सिंह, अध्यक्ष हरिताभ यादव और आशीष यादव ने संयुक्त रूप से साइकिल वितरित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. सुनील यादव ने की, जबकि संचालन शिक्षिका रश्मि द्विवेदी ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक देवेंद्र कुमार, रश्मि टोप्पो, फैयाज आलम, विक्रम प्रजापति, अताउल्लाह अंसारी, किरण देवी, आरती देवी और लिपिक प्रत्युष बनर्जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा।

### उच्च विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने गणेश



टाटीझरिया। झरपो पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति का चुनाव मुखिया सह बीस सुत्री अध्यक्ष शिबु प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में किया गया । चुनाव में मुख्य रूप से प्रवेक्षक सीआरपी नवीन कुमार,दयाल प्रसाद उपस्थित हुआ। चुनाव गुरू वंदना के साथ शुरू हुआ। उसके बाद विद्यालय पोषक क्षेत्र झरपो,भराजो,गोधिया,अमनारी, बेडमका,नारायणपुर से 12 सदस्य का चुनाव किया गया जिसमें गणेश माली,निर्मल प्रसाद,रामविलास शर्मा,सरयु राम,करण राणा,नवीना देवी,उषा देवी,आरती यादव,पुनम देवी,संजु देवी,ललिता देवी,बेबी देवी चयन किया गया।

### आरोग्यम अस्पताल में जांच शिविर नौ को

हजारीबाग। हजारीबाग जिले का प्रतिष्ठित एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल द्वारा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को समर्पित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मुफ्त जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह शिविर 09 दिसंबर दिन सोमवार समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संचालित रहेगा स्थान आरोग्यम अस्पताल परिसर में हजारीबाग। शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच रक्तचाप बी.पी,प्लस, ब्लड शुगर, मुफ्त दवाइयों का वितरण,सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत महिलाओं के लिए विशेष सेवाएँ, विशेषज्ञ डॉक्टरों से नि:शुल्क परामर्श। *पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 7319942219, 7319942220, 7319942210 यह शिविर स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और महिलाओं व बच्चों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

### आंगनबाड़ी का प्रमुख व उप प्रमुख ने किया निरीक्षण



**हजारीबाग।** पंचायत प्रमुख बीना देवी और उप प्रमुख रविकांत सिंह ने शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए कई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार और प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान केशुरा आंगनबाड़ी केंद्र 1 और 2, अमृत नगर और शेखा आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति चिंताजनक पाई गई। केशुरा आंगनबाड़ी केंद्र में 11:30 बजे तक एक भी बच्चा मौजूद नहीं था, जबकि बाकी केंद्रों में रजिस्ट्रार का सही तरीके से रखरखाव नहीं किया जा रहा था।इसके साथ ही, शेखा प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। वहां की पठन-पाठन व्यवस्था पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरिया और चंदवार तथा पशुपालन विभाग चंदवार का निरीक्षण किया गया। जांच में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कई अनियमितताएं सामने आईं, और पशुपालन विभाग में नियमित कर्मचारी उपस्थित नहीं थे। इसके अलावा, खाता संचालन में भी खामियां पाई गईं। प्रमुख बीना देवी ने संबंधित विभागों को सख्त हिदायत दी कि जल्द से जल्द सभी खामियों को दूर किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण से प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

स्पीड न्यूज

### परसुराम परिवार के आग्रह पर कुणाल ने टीएमएच में बकाया माफ कराया

**जमशेदपुर।** परशुराम परिवार जमशेदपुर के द्वारा मांगो संकोसाई कालिकानगर निवासी गरीब ब्राह्मण परिवार के एक (30 वर्षीय) नवयुवक का बीते हुए कल दिनांक 3 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे टी एम एच में निधन हो गया था जिसका बकाया बिल रुपए 60,000/ हो गया था जिस वजह से उसका पार्थिव शरीर कल परिवार वालों को नहीं मिल पाया तो फिर आज परशुराम परिवार , जमशेदपुर के आग्रह से बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक माननीय कुणाल सारंगी जी के सार्थक प्रयास के द्वारा पूरा बकाए बिल को माफ करवा कर उस नवयुवक का पार्थिव शरीर उनके परिवार को सुपुर्द किया गया।

### रामदास सोरेन को मंत्री बनाये जाने पर झामुमो ने बांटे लड्डू



**जमशेदपुर।** झारखण्ड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा झारखण्ड सरकार के मंत्री पदो का पूर्ण रूप से विस्तार किए जाने की खुशी एवम पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत घाटशिला विधानसभा के विधायक रामदास सोरेन को झारखण्ड सरकार में मंत्री बनाए जाने की खुशी में झामुमो युवा मोर्चा के जिला सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में सोनारी कागलनगर चौक में आतिशबाजी कर सभी राहगीरों, दुकानदारों एवम कार्यकर्ताओं के बीच लड्डू वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से झामुमो जिला युवा मोर्चा के जिला के सचिव गोपाल महतो, लालटू महतो, कमल महतो, सचिन महतो, शिवशंकर महतो, अजय कर्मकार,अंकित सिंह, रोकी सिंह,गौतम धीवर, सूरज धीवर, आकाश महतो, चित्तो महतो, सोनू दास, रोहित लोहरा, परीक्षित लोहरा, कोकिल, गणेश महतो, विष्णु महतो के साथ कई झामुमो नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कई लोगों का जीवन बचा रहे रक्तदाता

**जमशेदपुर।** आज भाग दौड़ के जीवन में जब लोग अपने परिवार के सदस्यों के लिए भी घंटा आधा घंटा समय नहीं दे पाते, वैसे समय में एक रक्तदाता एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट डोनेशन) के माध्यम से दूसरों का जीवन बचाने के कार्य में अपने दो से तीन घंटा समय देते हैं। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम अपने रक्तदाताओं को कार्यकर्ता का स्वरूप मानता है, जो किसी के जीवन बचाने के लिए इस प्रकार सामने आकर रक्त व उससे जुड़े कम्पोनेन्ट दान करते हैं। इसी माह टाटा स्टील के अरुण कुमार ने 25वां एसडीपी डोनेशन किया। टाटा स्टील के ही दिलीप कुमार आचार्य ने 19वां एसडीपी दान कर 57वां रक्तदान पूरा किया। बसंत कुमार ने 5वां एसडीपी दान कर अपना 25 रक्तदान पूरा किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# छात्रों के उद्यमों को बढ़ाने और उनके विचारों को वास्तविकता में बदलने में मदद करता है एक्सएलआरआई

## उद्यमियों के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन

### एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर ने एलिवेटएक्स के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया






खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर ने 29 और 30 नवंबर 2024 को अपने प्रतिष्ठित एलिवेटएक्स-एक्सएलआरआई के प्रीमियर स्टार्टअप कॉन्क्लेव के बहुप्रतीक्षित तीसरे संस्करण की सफलतापूर्वक मेजबानी की, जो नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता में सफलता सफलता मिली। इस कॉन्क्लेव में उभरते उद्यमियों, उद्योग के नेताओं, निवेशकों और दूरदर्शी लोगों का एक शानदार मिश्रण एक साथ आया, जिसने व्यावहारिक चर्चाओं और नेटवर्किंग के लिए एक असाधारण मंच तैयार किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में 25 से अधिक प्रमुख उद्यमी, निवेशक और विचार नेता शामिल हुए, जिन्होंने खुदरा, एफएमसीजी, उपभोक्ता तकनीक, स्वास्थ्य सेवा, फिनटेक और टियर 2 और टियर 3 शहरों में ऐप के उपयोग में वृद्धि सहित कई विषयों पर अमूल्य अंतदृष्टि साझा की। मुख्य सत्र और पैनल चर्चाओं का नेतृत्व उद्योग की कुछ सबसे प्रभावशाली आवाजों द्वारा किया गया, जिनमें डॉ वैद्य (अधिग्रहित) के संस्थापक और वी 3 वेंचर्स के सह-संस्थापक अर्जुन वैद्य, रेज कॉफी के संस्थापक भरत सेठी, लाहौरी जीरा के सह-संस्थापक सौरभ मुंजाल, जिप इलेक्ट्रिक के सह-संस्थापक और सीईओ आकाश गुप्ता, भारत सरकार के डीएसटी का प्रतिनिधित्व करने वाले राज कुमार शर्मा, स्टैकू टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक अतुल राय, यूनिकॉन डॉट एआई के सह-संस्थापक पलाश अनेजा, लिविंग सिटीज अर्थ, नीदरलैंड के सह-संस्थापक शेरोन गैल-ओआर, फंडामेंटम के सह-संस्थापक और जीपी आशीष कुमार इन उद्योग जगत के नेताओं ने महत्वाकांक्षी उद्यमियों के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए, साथ ही नवाचार, विकास और व्यवधान की अपनी व्यक्तिगत यात्राएं भी साझा कीं।

हमें एलिवेटएक्स 2024 की मेजबानी करने पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है, जिसने भारत और उससे परे के कुछ सबसे प्रतिभाशाली दिमागों को एक साथ लाया। इस सम्मेलन ने न केवल आज के उद्यमियों की अभिनव भावना को उजागर किया, बल्कि एक ऐसा स्थान भी प्रदान किया, जहां विचार पनप सकें और नेटवर्क फल-फूल सकें। एक्सएलआरआई हमेशा से उद्यमियों की अगली पीढ़ी को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर के निदेशक डॉ फादर केएस कैसिमिर ने कहा कि नवाचार, उद्यमिता और उद्यम विकास में एक्सएलआरआई का एमबीए कार्यक्रम अपने छात्रों की उद्यमशीलता की भावना को आकार देने में महत्वपूर्ण रहा है इस वर्ष के एलिवेटएक्स कार्यक्रम ने, वेंचरस्पार्क्स और इनोवेटएक्स जैसी एक्सएलआरआई की प्रमुख पहलों के साथ, छात्रों और उभरते उद्यमियों को उद्योग के नेताओं और निवेशकों के साथ बातचीत करने, अपने व्यवसायों को बढ़ाने के लिए बहुमूल्य प्रतिक्रिया और अंतदृष्टि प्राप्त करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया है। यह सम्मेलन उद्यमिता के भविष्य पर चर्चा का केंद्र बन गया, जहां प्रतिभागियों ने यूनिकॉर्न संस्थापकों, निवेशकों और स्टार्टअप इकोसिस्टम दिग्गजों के साथ बातचीत की। एलिवेटएक्स ने सहयोग को बढ़ावा दिया, नवाचार को बढ़ावा दिया और छात्रों को अपने उद्यमों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया। जैसे ही सम्मेलन समाप्त हुआ, एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर ने भविष्य पर अपनी नजरें टिकाईं, एलिवेटएक्स के अगले संस्करण के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करना जारी रखने के लिए उत्सुक, जहां नवाचार एक बार फिर केंद्र में होगा।

## जमशेदपुर अक्षेस में म्युनिसिपल कानून, बिल्डिंग बाईलॉज के उल्लंघन का मामला

# सभी 1800 भवनों को फेजवाइज पार्टी बनायें : हाईकोर्ट

>> अंतिम निर्णय से पहले सम्बंधित बिल्डरों और अन्य पक्षों द्वारा दायर हलफनामों में उनका पक्ष सुनना होगा कि नियमों की अनदेखी क्यों की गई और सरकारी नोटिसों की तामिला क्यों नहीं करायी गई




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जनहित याचिका 2078/2018 की उच्च न्यायालय में हो रही सुनवाई में में शुक्रवार का दिन एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। माननीय अदालत के शुक्रवार के आदेश से ऐसा प्रतीत होता है कि म्युनिसिपल कानून, बिल्डिंग बाई-लाज और बिल्डिंग परमिट का बिल्डरों द्वारा अक्षेष के अधिकारियों की मिलीभगत से घोर उल्लंघन कर 1800 से अधिक किये गये अवैध निमार्णों वाले शहर जमशेदपुर के इतिहास के लिए यह एक निर्णायक दिन साबित होगा।

शुक्रवार की इस महत्वपूर्ण सुनवाई में झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री राव और न्यायाधीश दीपक रौशन की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को सुना और पिछले आदेश में दिये गये तमाम भवनों और बिल्डरों को पार्टी बनाने की कठिनाई को समझा।

पिटीशनर के अधिवक्ता ने माननीय अदालत को बताया कि यह पीआईएल है और इतने बड़े पैमाने पर अनियमितता जमशेदपुर में हुई है कि लगभग 1800 भवनों को पार्टा बनाना कठिन है। माननीय अदालत ने व्यवस्था दी कि सभी भवनों को फेज वाइज पार्टी बनाया जा सकता है। क्योंकि अवैघ निर्माण में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार घ्वस्तिकरण ही एक मात्र रास्ता है।

अतः अंतिम निर्णय से पहले सम्बंधित बिल्डरों और अन्य पक्षों द्वारा दायर हलफनामों में उनका पक्ष सुनना होगा कि नियमों की अनदेखी क्यों की गई और सरकारी नोटिसों की तामिला क्यों नहीं करायी गई। माननीय अदालत ने पिटीशनर के अधिवक्ता के प्रार्थना पर आश्वस्त किया कि न्यायालय अवैघ निर्माण पर कार्रवाई जरूर करेगी। माननीय न्यायलय ने अगली तारीख पर अन्य भवनों की सूची के साथ इस मामले में पार्टी बनाने का निर्देश दिया है। आज जिन भवनों की सूची दी गयी है।

उन सब को न्यायालय नोटिस जारी करेगी ताकि अगली तारीख पर वर्तमान सूची वाले बिल्डर अपना पक्ष रखें अन्यथा माननीय कोर्ट बगैर कोई दूसरा मौका दिए उनके खिलाफ आदेश पारित करेगी। शुक्रवार की सुनवाई में एक बात और स्पष्ट किया गया कि याचिका में जो प्रार्थना की गई है कि ऐसे अधिकारी जिनकी गैर - ज़िम्मेदारी से ऐसे निर्माण फलित हुए हैं उनके खिलाफ अलग से कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। माननीय अदालत के निर्देशों के अनुसार अक्षेष के उन तमाम अधिकारियों को व्यक्तिगत तौर पर पार्टी बनाया जायेगा जिन्होंने बिल्डिंग बाई लॉज का उल्लंघन कर नक्सा पारित किया और भ्रष्टाचार कर अवैध निर्माण करवाये और जमशेदपुर की इकॉलोजी को पूरी तरीके से बरबाद कर दिया।

पिटीशनर के अधिवक्ता ने बताया कि माननीय अदालत के पिछले आदेश के अनुसार सभी अवैध बने भवनों और उनके बिल्डरों को पार्टी बनाया जायेगा ताकि किसी भी तरह के पक्षपात का आरोप न लगे। पिटीशनर ने बताया के वे अपने अधिवक्ताओं से बात कर रहे हैं ताकि माननीय सुप्रीम कोर्ट में एक एसएलपी दायर कर पीआईएल पर जारी दिशा निदेशों के अनुसार सभी भवनों और बिल्डरों को पार्टी बनाने के बजाय एक पब्लिक नोटिस के द्वारा सबको सूचित किया जा सके। पिटीशनर की तरफ से अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव और एम आई हसन ने बहस की।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ बैठक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को बैठक व्यवहार न्यायालय कैम्पस में डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में विभिन्न बैंक के अधिकारियों के साथ संपन्न हुई। उक्त बैठक में एलडीएएम के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक समझौते युक्त मामले का समाधान करने पर जोर दिया। साथ ही बैंक अधिकारियों से कहा गया कि वे ऐसे मामलों की पहचान करें जिनमें समझौते के माध्यम से निपटारा किया जा सकता है। इनका निवारण लोक अदालत के मंच पर किया जा सके। डालसा सचिव ने सभी बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लें और राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

## टाटा मोटर्स यूनियन के महासचिव का अभिनंदन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स यूनियन मे आर के सिंह को पुनः महासचिव बनने की खुशी एवं माइल्सटोन उपलब्धि के लिए भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के कोल्हान प्रो सचिव एवं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह टाटा मोटर्स सी टी आर डिवीजन के रत्न जिन्होंने सी आई आई कम्पटीशन मे 6 टाइम्स सिल्वर गोल्ड मैडलिस्ट सैयद मुजफ्फरूल हक एवं उनके साथियो द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन फूलो का माला, पुष्प गुच्छा, अंग वस्त्र पहनाकर मुंह मीठा कर किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप सें केंद्रीय शांति समिति के शकील सिद्दीकी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व नगर उपाध्यक्ष सह टाटा मोटर्स कर्मी फारुख अहमद, भारतीय मनावधिकार सह टाटा मोटर्स कर्मी संदीप मैथि, सैयद रिजवान, मिश्रा जी, नौशाद खान, प्रकाश, अली, सुकेश, अहमद, सहनवाज, मुन्ना, कुमार, असलम, टुन्नू आदि मौजूद रहे।

## आरवीएस अकादमी में लैंग्वेज लैब का उदघाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी, डिमना रोड, मानगो ने अपनी उपलब्धियों में एक और मील का पत्थर जोड़ते हुए अपने परिसर में अत्याधुनिक भाषा प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। शुक्रवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में स्कूल के चेयरमैन बिन्दा सिंह, प्रधानाचार्या वीशा मोहिंद्रा, उप-प्रधानाचार्या अनीता तिवारी, शिक्षकगण और उत्साही छात्रों ने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। यह भाषा प्रयोगशाला, जो सनाकों द्वारा विकसित उन्नत सॉफ्टवेयर से सुसज्जित है, स्कूल में भाषा सीखने के तरीके को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, चेयरमैन बिन्दा सिंह ने शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस भाषा प्रयोगशाला की स्थापना हमारी यह प्रतिबद्धता दशार्ती है कि हम अपने छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ उपकरण प्रदान करें। प्रधानाचार्या वीशा मोहिंद्रा ने अपने संबोधन में भाषा सीखने के महत्व को रेखांकित किया और इसे छात्रों की वैश्विक दृष्टिकोण और संज्ञानात्मक क्षमताओं के विकास में सहायक बताया। उन्होंने कहा, ₹यह भाषा प्रयोगशाला न केवल भाषाई कौशल को मजबूत करेगी बल्कि छात्रों में आत्मविश्वास भी पैदा करेगी कि वे अपनी बात प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

## बागबेड़ा में सात से नौ दिसंबर तक आयोजित होगा नेत्र जांच शिविर

खबर मंत्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से नेत्र शिविर स्व चन्द्रावल देवी-हरिकिशन जी गुप्ता के पुण्य स्मृति में 7 से 9 दिसंबर तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित किया जायेगा। 7 दिसंबर को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच कर मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन किया जायेगा। इन मरीजों का ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण रविवार को जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया, डॉ राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया जायेगा। ये जानकारी रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने प्रदान किया। शिविर का संयोजन शंकर गुप्ता, अमित गुप्ता एवं अनुप गुप्ता द्वारा किया जायेगा।

## सीएसआईआर-एनएमएल में आयोजित एमसीबीए-2024 कॉर्पोरेट प्रशिक्षण का समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

> बिभूति नारायण सिंह ने कहा कि लो ग्रेड आयरन ओर को युटीलाइज करने का तरीका हमें बताया गया है वो काफी कारगर साबित होगा

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के विभिन्न संयंत्रों से आए एक्सक्यूटिव ट्रेनी हेतु चार दिवसीय कॉर्पोरेट प्रशिक्षण (एमसीबीए-2024) मिनरल कैरैक्टाईजेशन बेनिफिसियेशन एवं एग्लोमोरेशन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलता पूर्वक समापन हो गया। समापन सत्र से पूर्व प्रतिक्रिया सत्र का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी ट्रेनी से अपनी अपनी प्रतिक्रिया देने का आग्रह किया गया। सभी एक्सक्यूटिव ट्रेनी ने एन एम एल मे हो रहे अनुसंधान एवं विकास कार्यों की खूब सराहना की एवं सेल प्रबन्धक और एन एम एल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चार दिवसीए प्रशिक्षण कार्यक्रम में खनिज प्रसंस्करण के क्षेत्र में नई तकनीक से स्पाइरल, फ्लोटेशन, मैगनेटिक सेपरेटर, फ्लुडाईजेसन, पेलेटाइजेसन इत्यादि को करीब से सीखने एवं जानने का अवसर मिला है, जो हमारे दिन प्रतिदिन हो रहे कार्यो मे बहुत सहयोगी साबित होगा। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के बुलानी माइंस से आये उप महाप्रबंधक बिभूति नारायण सिंह ने कहा कि लो ग्रेड आयरन ओर को युटीलाइज करने का तरीका हमें बताया गया है वो काफी कारगर साबित होगा। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड रिसर्च के क्षेत्र में एन एम एल के साथ मिलकर कार्य करेगी ताकि हमारा उत्पादन एवं गुणवत्ता में बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम के उप संयोजक अभिषेक कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 दिसंबर से 6 दिसम्बर तक प्रतिदिन दो सत्र में आयोजित किया गया था, प्रथम सत्र में हमारे वैज्ञानिक द्वारा संबंधित विषय पर व्याख्यान दिया गया तथा दूसरे सत्र में बृहत स्तरीय प्रायोगिक संयंत्र (पायलट प्लांट) में डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया है, इसके बावजूद भी कोई समस्या होने पर हमारे वैज्ञानिक आपके सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। राष्ट्रिय धातुकर्म प्रयोगशाला के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी ने सभी एक्सक्यूटिव को प्रमाण पत्र प्रदान किया तत्पश्चात संबोधित करते हुये कहा कि मुझे आशा है आपके द्वारा लिया गया प्रशिक्षण खनिज प्रसंस्करण के क्षेत्र मे बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। खनिज प्रसंस्करण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ देवब्रत मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं कहाकि आप सभी ट्रेनी द्वारा दी गयी प्रतिक्रिया ही हमे आगे और बेहतर कार्यक्रम करने में सहयोग प्रदान करेगी। कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन में खनिज प्रसंस्करण विभाग के वैज्ञानीक डॉ राजेंद्र कुमार रथ, डॉ अरी विद्याधर, अजित कुमार स्वाइन, डॉ गणेशचालवाडी, अविषेक कुमार, कालीचरण हेंब्रम, अभिजीत मानसिंह, डॉ कुमारी रूबी, उमाचन्द्र उरांव, मोनिका साहू, ज्योति कुमार के साथ- साथ सभी तकनीकी अधिकारी एवं कर्मचारी का अहम योगदान रहा।

## एक नजर में

### महिला विवि की छात्राओं ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्रों को बताया खेल-कूद के लाभ



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के एनएसएस विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय स्पेशल कैंप के तीसरे दिन उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटिया बस्ती कदमा में कक्षा 1 से आठवीं तक के बच्चों के लिए अनेक जागरूकता एवं मनोरंजक कार्यक्रम किए गए। इस कार्यक्रम में बच्चों को नुक्कड़ नाटक द्वारा मोबाइल फोन के नुकसान से अवगत कराते हुए, शारीरिक खेलकूद को बढ़ावा देने के विषय में बताया गया है। साथ ही सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। जितने भी कल्याणकारी योजनाएं सरकार बच्चों के लिए चला रही है बच्चे उसे जाने समझे और अपने अभिभावकों को इससे अवगत कराएंगे। जिससे वे उन योजनाओं का लाभ उठा सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ ग्लोरिया पूर्ति डॉ डी पुष्प लता, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ छगनलाल अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्व सरोजिनी देवी की पुण्यतिथि पर नारायण भोज



**जमशेदपुर।** सरोजिनी मेमोरियल ट्रस्ट, जमशेदपुर के तत्वावधान में स्व सरोजिनी देवी की 40वीं पुण्यतिथि सादगी के साथ मनाई गई। जिसके तहत दोपहर में गांधीआश्रम-बाराद्वारी, अंत्योदय आश्रम-पार्वती घाट तथा सेवा आश्रम-बमार्माइंस के कुल 501 दरिद्र नारायण को भोजन उपरांत कपड़े तथा दक्षिणा राशि का वितरण किया। इस अवसर पर सरोजिनी मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक/चेयरमैन एम एस शेखर राव, धर्मपत्नी एम वेकंट लक्ष्मी, पुत्र एम कार्तिक राव, दामाद आई संतोष, पुत्री एम माधुरी तथा संस्थान के स्टाफ मेम्बर्स भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि ट्रस्ट के अधिन झारखंड राज्य में अलग अलग स्थानों में आई टी आई तथा रांची के बुंडू स्थित डिप्लोमा इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित किया जाता है जो ना सिर्फ तकनीकी शिक्षा में अग्रणी नाम है। यहां से प्रशिक्षित छात्र/छात्रायें नौकरी के अतिरिक्त स्वरोजगार के माध्यम से स्वयं स्थापित हैं।

### राबिया एजुकेशनल ट्रस्ट ने कुष्ठ रोगियों के बीच बांटे गर्म शॉल



**जमशेदपुर।** राबिया एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के ट्रस्टी जावेद अख्तर खान एवं मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर मुख्तार आलम खान, अहमद उल्लाह खान ने ठंड से बचने के लिए कुष्ठ रोगियों को अपने हाथों से शाल ओढ़ाया ताकि ठंड के मौसम में जो लोग भीख मांग कर अपना गुजरा करते है उन्हें ठंड न लगे इससे बचने के लिए ऐसे कुष्ठ रोगियों को शाल दिया गया।जावेद अख्तर खान ने कहा के आने वाले दिनों में ट्रस्ट के तरफ से इस तरह के बेसहारा जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर उन्हें इस तरह की सेवाएं ठंड के मौसम में दी जाती रहेगी।मुख्तार आलम खान ने कहा के पिछले 25 वर्षों से राबिया एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट ने हमेशा बेसहारा जरूरतमंद लोगों की मदद की है और आगे भी इसे पीछे नहीं हटेगी और जब भी ऐसी जरूरत पड़ेगी उनके लिए राहत का काम ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। काफी समय से ट्रस्ट के द्वारा सबर बस्तियों के लिए सेवाएं प्रदान की जा रही है।

### बाबा साहेब की स्मृति में 41 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** बोधिसत्व बाबासाहेब डॉ आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर शुक्रवार को जमशेदपुर ब्लडबैंक बिस्टुपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। टाटा स्टील फाउन्डेशन के मैनेजर अभिशेष मुखी दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किये। बाबासाहेब के मिशन और उनके विचार को समाज में प्रत्यारोपित करने के लिए रविदास समाज पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर लगातार कई साल से शिविर आयोजित करते आ रहा है। मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबासाहेब का ही विचार है कि महापुरुषों को मरने के बाद भी जिवित रखने के लिए उसकी विचारधारा,साहित्य तथा इतिहास को जीवित रखना होगा। अध्यक्ष सरयु रविदास सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों को धन्यवाद दिए। शिविर में कुल 41 युनिट रक्त संग्रह हुआ। कार्यक्रम में मां हरि बालक प्रसाद, विश्राम राम, रामजी, सावन कुमार मोहन दास, श्यामलाल, कवि दास, शंकर दास, गया प्रसाद, शोभा कुमारी, रुपेश रजक, महादेव कालिंदी, सुनिल कु साल, हरिबश, ओम, अमरेन्द्र राम, बंदना देवी डॉ संजय कुमार हरिकिसटो मुखी, महेन्द्र प्रसाद, विन्देश्वर राम, विद्या राम एवं रामलाल आदि शिविर में योगदान दिया।

## स्पीड न्यूज

### बिश्रामपुर सीओ ने अवैध रूप से भंडारण किये बालू किया जब्त



विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी ने शुक्रवार को अवैध रूप से भंडारण किए गए लगभग पंद्रह ट्रैक्टर बालू जब्त किया। बालू का यह अवैध भंडारण बिश्रामपुर थाना क्षेत्र स्थित राजगुरवा पहाड़ के पास हरहेपा गांव किनारे आबादी से दूर सुनसान जगह पर खाली पड़े भूमि में किया गया था। सीओ राकेश तिवारी ने जब्त बालू को तत्काल पुलिस के हवाले कर कार्रवाई में जुट गए। मिली जानकारी के अनुसार माफियाओं द्वारा रेहला व बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में बालू का अवैध उत्खनन, ढुलाई, भंडारण धड़ल्ले से किया जा रहा है। इसके लिए सारी रात दर्जनों ट्रैक्टर रेहला कोयल नदी के विभिन्न घाटों से बालू का उत्खनन व उठाव कार्य में लगे रहते हैं जिसे ऊंचे दामों पर बेचा जाता है अगर ग्राहक से सौदा तय हो गया तो उसके बताए जगह पर रात में ही बालू गिरा दिया जाता है। ग्राहक नहीं मिला तो उसे वीरान जगह डंप कर जमा किया जाता है जिसे बाद में वहां से उठाकर बेचा जाता है। बिश्रामपुर सीओ को भंडारण की आज गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद सीओ बालू डंप किए गए स्थल पर पहुंचे। वहीं से उन्होंने इसकी सूचना रेहला व बिश्रामपुर पुलिस दोनों को दी। पहले तो दोनों थाना के पदाधिकारी यह यह कहते रहे कि स्थल हमारे थाना क्षेत्र में नहीं आता। लगभग 45 मिनट बाद रेहला व बिश्रामपुर पुलिस एक साथ पहुंची। भंडारण स्थल बिश्रामपुर थाना के क्षेत्राधिकार में ही था। पुलिस के विलंब से पहुंचने पर सीओ राकेश तिवारी नाखुश और आहत दिखे।

### पांकी में बीएसएनएल के हाईस्पीड इंटरनेट सेवा का हुआ शुभारंभ



पांकी पलामू। भारत के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा को पहुचानें का प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल इंडिया के अंतर्गत एक ओएलटी जो की एक इंटरनेट से संबंधित उपकरण है। पांकी प्रखंड में बीएसएनल द्वारा इसका शुभारंभ किया गया। इस दौरान बीएसएनएल डालटनगंज के वरीय अधिकारी आरके सिंह, उप महाप्रबंधक डालटनगंज, प्रबंधक संजीव कुमार, उप मंडल अभियंता अंजनी कुमार, तथा टीप जेवी डिजिटल नेटवर्क के बाबूलाल यादव उपस्थित थे। इस दौरान पांकी के ग्रामीणों के साथ एक सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। जिसके दौरान लोगों को इस सेवा की सारे प्लांस से अवगत कराया गया है। सभी बीएसएनएल की नई सेवा को देखकर सुखद आश्चर्य व्यक्त किया। ग्रामीणों को कम दर वाली टैरिफ प्लान के बारे में भी बताया गया। ग्रामीणों द्वारा बीएसएनएल की इस सेवा के प्रति बहुत ही अच्छी प्रतिक्रिया दिखाई। इस सेवा की विशेष जानकारी 8969715024 पर डायल कर प्राप्त की जा सकती है।

### चैनपुर कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में किसान गोष्ठी आयोजित



चैनपुर(पलामू)। चैनपुर प्रखंड प्रमुख कार्यालय में कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर किसानों के बीच मृदा के महत्त्व के बारे में जानकारी दी गई। एटीएम प्रियंका कुमारी ने बताया कि मृदा, यानी मिट्टी मानव जीवन के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण संसाधन है। जीवन में मिट्टी के महत्त्व के बारे में बताने और इसके गुणवत्ता को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए हर 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस के रूप में मनाया जाता है। लोगों को मिट्टी के प्रति जागरूक करना, बेहद जरूरी हो गया है। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस–2024 का थीम 'मिट्टी की देखभाल माप, निगरानी व प्रबंधन' रखा गया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी के द्वारा किसानों के बीच स्वाइल हेल्थ कार्ड, बोरॉन एवं जिंक का भी वितरण किया गया। मौके पर किसान मित्र, जनसेवक एवं किसान शामिल थे।

### किशोर से विशेष अपेक्षाएं : अविनाश वर्मा



मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने नवगठित हेमंत सरकार में शामिल सभी मंत्री को बधाई देते हुए विशेष रूप से पालमू निवासी और झारखंड के अनुभवी नेताओं में से एक राधा कृष्ण किशोर को प्रथम मंत्री के रूप में स्थान मिलने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वर्मा ने नई सरकार से उम्मीद जताते हुए आशा व्यक्त की है कि राधा कृष्ण किशोर के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल का विशेष विकास होगा और जितनी भी दीर्घकालीन और अल्पकालीन योजनाएं जनता के हित में अधूरी है वो नए आयाम स्थापित करेंगी। वर्मा ने राधा कृष्ण किशोर से विशेष अपेक्षा करते हुए क्षेत्र के विकास में अपने 50 वर्षों के राजनीतिक अनुभव के साथ विकास की सोंच को अमली जामा पहनाने का अनुरोध किया है जिसके जवाब में मंत्री ने जनसहयोग से जनहित में उचित और सार्थक कम उठाने का आश्वासन दिया है जो हम सबों के साथ पूरे क्षेत्र के लिए उत्साह का विषय है।

### जांच अभियान में दर्जनों वाहन जब्त


मेदिनीनगर। शहर के सदिक चौक पुल के पास ट्रैफिक पुलिस द्वारा सघन जॉच अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहनों का जांच किया गया। जिसमें दो पहिया वाहनों के कुछ चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड और बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे। उनके वाहन को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने डॉ भीम राव अंबेडकर की 68वीं पुण्य तिथि मनाई



मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 68वीं पुण्य तिथि मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की और संचालन संजय कुमार ने किया। कल्याण छात्रावास में स्थापित डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकम की शुरूआत की गई। उदय राम ने कहा कि बाबा साहेब मानव नहीं बल्कि महामानव थे जिनका निधन 6 दिसंबर 1956ई को हुआ था। उन्होंने संविधान लिख कर दलितों का हक अधिकार दिया। साथ ही सम्पूर्ण समाज के लिए काम किये। इस अवसर पर सुरज कुमार, अक्षय कुमार, अरुण पासवान, उत्तम कुमार, दीपक कुमार, सुधीर कुमार, शिव नारायण साव, जयपाल मोची, श्याम पाठक, संतोष विश्वकर्मा एवं सतीश दुबे ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। राम नरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बाबा साहेब व्यक्ति नहीं विचार थे : गिरवर



सतबरवा पलामू। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम के अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके प्रतिमा पर फूल माला चढ़ा कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। गिरवर ने कहा कि बाबा साहेब व्यक्ति नहीं विचार थे। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षण तक शोषित पीड़ित जनों के लिए लड़ते रहे। मनोज कुमार भुइयां ने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से महिलाओं, आदिवासियों, दलित, पिछड़ी तथा अल्पसंख्यकों को अभिव्यक्ति का आजादी दिया है।

## कम राशन देने वाले डीलरों पर होगी कार्रवाई : डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को नीलांबर पितांबरपुर मौर्या फार्म हाउस में नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक की। इस दौरान विधायक डॉ मेहता ने सभी जन वितरण दुकानदारों को अपने कार्य शैली सुधारने की चेतावनी दी। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि किसी भी कीमत में कम राशन वितरण करने वाले डीलर बख्शे नहीं जाएंगे। लाल कार्ड धारी को प्रति यूनिट 5 किलो राशन देना होगा। इसी तरह पीला कार्डधारी को 35 किलो राशन वितरण करना होगा। निर्धारित मात्रा से कम राशन वितरण करने वाले डीलरों पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से शिकायत मिल रही है कि डीलर निर्धारित मात्रा से कम राशन दे रहे हैं। लाल कार्ड धारी को प्रति यूनिट 5 किलो की जगह चार और साढ़े चार किलो ही राशन वितरण कर रहे हैं। जबकि पीला कार्ड धारी को 35 किलो की जगह 25 किलो राशन डीलरों के द्वारा वितरण किया जा रहा है, जो नियम का विरुद्ध है। चना दाल वितरण में भी डीलरों के द्वारा कार्ड धारियों से अवैध पैसा वसूली की जा रही है। जबकि दाल का वितरण निशुल्क करना है। विधायक ने बताया कि पांकी विधानसभा में अधिकांश जन वितरण दुकानदार काफी मनमानी कर रहे हैं। जो उसे सुधार लाने की जरूरत है। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि अगर डीलर अपनी कार्यशैली में बदलाव नहीं करते हैं तो उनका लाइसेंस रद्द किया जाएगा। विधायक ने सभी डीलरों का निर्देश दिया है कि वे निर्धारित मात्रा में राशन का वितरण करें। विधायक ने एमओ आलोक पांडेय को निर्देश दिया है कि जो डीलर पीला कार्ड और डबल राशन कार्ड का लाभ ले रहे है, उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। विधायक ने कहा कि राशन वितरण को लेकर जन आंदोलन किया जाएगा। मौके पर एजीएम विनय कुमार, नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष बिंदु तिवारी, वीरेंद्र मेहता, ललित मेहता, अजय पासवान, सुधीर तिवारी, मुन्ना असलम, दुलारचन सिंह, दिलीप तिवारी, मुन्ना दुबे, रामनाथ राम समेत कई डीलर मौजूद थे।

## टीएसपीसी का मंत्री उर्फ अभियंता गिरफ्तार

### नगीना दस्ता का सक्रिय सदस्य है : एएसपी राकेश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य जितेंद्र सिंह उर्फ मंत्री जी उर्फ अभियंता जी को नौडिहा बाजार थाना पुलिस ने बाराखाड़ डैम के पास हिरासत में लेकर पूछताछ किया। उसने अपना नाम जितेंद्र सिंह पिता स्व अदरू सिंह ग्राम सलैया खुर्द थाना नौडिहा बाजार का रहनेवाला बताया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एएसपी राकेश कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन को गुप्त सूचना प्राप्त थी कि टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य जितेंद्र सिंह भोवराहा पहाड़ी के तरफ से बाराखाड़ डैम पहुंचनेवाला है जो किसी काम से अपने घर आनेवाला है। इस सूचना के आलोक में नौडिहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी किया गया। जिसे बाराखाड़ डैम से गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी सिंह ने बताया कि इसके विरूद्ध नौडिहा बाजार थाना व छतरपुर थाना में 17 सीएल एक्ट के अलावा कई नक्सली कांडों में संलिप्त रहने का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि टीएसपीसी के नगीना दस्ता में यह सक्रिय सदस्य था। प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, सअनि टुनटुन कुमार शामिल थे। जबकि छापेमारी दल में थाना प्रभारी के अलावे सअनि अजय कुमार राय, दीपक कुमार, आरक्षी नागेंद्र राम व अन्य शामिल थे।

## परिनिर्वाण दिवस पर भाजपाईयों ने डॉ अंबेडकर को किया याद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डॉ भीमराव अंबेडकर के 68वां महा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी के अध्यक्षता में थाना रोड स्थित अंबेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर अमित तिवारी ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों और विचारों की रक्षा करना आज के दौर की सख्त जरूरत है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा ने कहा कि कहा कि बाबासाहेब ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लोकतांत्रिक मूल्यों की वकालत करने के लिए समर्पित कर दिया। वहीं प्रदेश कार्य समिति सदस्य दुर्गा जौहरी ने कहा कि उनके आदर्शों और विचारों के साथ-साथ संविधान के लिए उनके सर्वोत्तम योगदान की रक्षा करना समय की सख्त जरूरत है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजया नंद पाठक, परशुराम ओझा, अभिमन्यु तिवारी, सोमेश सिंह, प्रिय रंजन कुमार, रूपा सिंह, मंजू गुप्ता, विपुल गुप्ता, रीना किशोर, विजय कुशवाहा, श्रवण गुप्ता, शुभम प्रसाद, अनिमेष सिंह, अनिल सोनी, निवेदन अग्रवाल, राजहंस अग्रवाल, अजय सिंह, शैलेश सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सफलता चमत्कार से नहीं संघर्ष और दृढ़ संकल्प के साथ मिलती हैं : बीडीओ

### हिन्डालको ने लोहड़ा हाई स्कूल में किया कैरियर काउंसेलिंग का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



शिविर में बोलते बीडीओ डॉ अमित कुमार झा।

**मेदिनीनगर।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड की कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के सीएसआर ईकाई द्वारा शुक्रवार को पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के सुरत प्लस टू उच्च विद्यालय लोहड़ा में कैरियर काउंसेलिंग का आयोजन किया। इसका उदघाटन पाटन पड़वा के बीडीओ एवं सीओ डॉ अमित कुमार झा, सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा, सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती, सेफ्टी आफिसर अमरेन्द्र सिंह, वीटीओ आर आर शुक्ला, प्राचार्य दिव्या टोप्पो ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीडीओ डॉ अमित कुमार झा ने कहा कि सफलता कोई चमत्कार से नहीं मिलता है बल्कि सफलता पाने के लिए संघर्ष कड़ी मेहनत और ईमानदार प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियो से कहा कि कभी भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए। सफलता पाने के लिए बार बार प्रयास करते रहना चाहिए। बीडीओ ने कहा कि बेहतर कैरियर बनाने में पैसा कभी बाधक नहीं बनता है। डॉ अमित ने ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इस तरह का कैरियर काउंसेलिंग आयोजित करने के लिए हिन्डालको प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के बेहतर कैरियर निर्माण में काफी सहयोग मिलेगा। सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा ने कहा कि विद्यार्थियों को कभी भी तनाव में नहीं रहना चाहिए। हमेशा सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरी लगन व निष्ठा के साथ प्रयास करना चाहिए सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। आक्सब्रीज स्टार के निदेशक राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि इस तरह का आयोजन पहले बड़े शहरों होता था, लेकिन हिन्डालको ने ग्रामीण क्षेत्रों में यह आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के प्राचार्य दिव्या टोप्पो ने किया। मौके पर अनीता भगत, सुहानी कुमारी आदि मौजूद थे।

## विवाह पंचमी को आकर्षक झांकी के साथ राम सीता की निकली बारात

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिले के केतात गांव स्थित प्रसिद्ध रमजानकी मंदिर में विवाह पंचमी के दिन कई धार्मिक अनुष्ठान हुआ जिसके बाद आकर्षक झांकी के साथ मंदिर प्रांगण से बारात निकली गई। बैंड बाजा के साथ निकली बारात को पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। बारात पंचमुखी हनुमान मंदिर से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंचा। जहां पूरे विधि विधान के साथ भगवान राम व माता सीता का विवाह संपन्न कराया गया। इस अनुष्ठान से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मौके पर पूर्व डीएसओ सह मंदिर निर्माण के प्रणेता शशि नाथ चौबे, डॉ प्रकाश परिमल, आलोक चौबे, दिनेश्वर चौबे, शिक्षक राजेश चौबे, बच्चा चौबे, मुकेश चौबे,आयुष चौबे, शोभित चौबे व ग्रामीण मौजूद थे।

## मध्यान भोजन में बरती गयी अनियमितता की हुई जांच

### दैनिक खबर मन्त्र में छपी खबर का असर

प्रेम रंजन तिवारी



**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर प्रखंड के भड़गांवा पंचायत के टोला चमरदोहरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक रामेश्वर पासवान द्वारा छात्र छात्राओं को मध्याह्न भोजन देने में अनियमितता बरती गई थी। वहीं शिक्षक द्वारा मेनू के अनुसार मध्यान भोजन में गुरुवार को चावल दाल हरी सब्जी चोखा और भुजिया देना था जबकि बच्चों को रसोईया द्वारा चावल दाल और चोखा ही दिया गया था। इसी मामले की खबर को विगत गुरुवार 6 दिसंबर को दैनिक अखबार खबर मंत्र में प्रमुखता से प्रकाशित होने पर जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार ने विद्यालय पहुंचे तथा मामले की जांच की। इस दौरान उन्होंने बताया कि दैनिक अखबार में प्रकाशित मामले के अनुसार सत्य पाया गया। बताया कि हमारे द्वारा जांच करने पर मध्यान भोजन में बच्चों को अंडा देना था जो कि नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि जांच में सत्यता पाई गई है, जिला अधिकारी को जांच रिपोर्ट सौंपेंगे।

### छतरपुर शहर को सौंदर्यकरण के लिए सरकारी जमीन पर बनेगा पार्क और बस स्टैंड : सीओ

छतरपुर पलामू। छतरपुर अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार ने छतरपुर शहर को सौंदर्यकरण को लेकर नोटिस निकाला। इस नोटिस के जरिये सीओ ने कहा कि छतरपुर में बनने वाले बस स्टैंड और पार्क का जल्द ही निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर की जनसंख्या जिस तरह से बढ़ रही है उसके अनुकूल यहां के लोगों को वैसी सुविधा मुहैया नहीं हो पा रही है। बस स्टैंड नहीं होने के वजह से आए दिन छतरपुर शहर में सड़क जाम हो जाता है जिस कारण कई जरूरतमंद मुसाफिर एवं एंबुलेंस भी फंसे रह जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए छतरपुर अंचलाधिकारी के द्वारा मौजा छतरपुर मंदेया बाईपास के पास खाता 01 प्लाट 528 में 1.80 एकड़ जमीन चयनित कर बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। वहीं खाता 01 प्लाट 257 रकबा 1.50 एकड़ मौजा छतरपुर में पार्क का निर्माण जल्द ही करने का निर्णय लिया गया हैं। इस संबंध में उन्होंने बताया कि उक्त भूमि से संबंधित किसी को कोई आपत्ति हो तो 19 दिसंबर तक कार्यालय में आकर अपनी आपत्ति दे सकते हैं। कहा कि उक्त निर्धारित समय समाप्ति के बाद इससे संबंधित कोई भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### आग लगने से धान और पुआल जलकर खाक जिप सदस्य संग्राम सिंह प्रभावित परिवार से मिले



पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के सगुना पंचायत के ग्राम नवादा में मुरली साव व बिहारी साव के खलिहान में रखे लगभग 50 क्विंटल धान के पुआल में आग लग गई। जिसमें लगभग 10 क्विंटल धान की क्षति पहुंची है, जिसकी कीमत लगभग 25000 और पुआल की कीमत लगभग 15000 का नुकसान हुआ है। इधर आग लगने की जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने भुक्तभोगी से मिलकर उनका हाल जाना। कहा कि ये काफी गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। ये लोग दूसरे के खेती बारी कर अपना जीवन यापन करते हैं। अब तो खाने को भी लाले पड़ गये हैं। इनके साथ पालतू पशु को भी चारा का परेशानी हो गया है। मौके पर जिला परिषद ने प्रभावित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने घटना स्थल से अंचल अधिकारी को मुआवजा के लिए बात किया। जिला परिषद ने कहा कि प्रभावित परिवार को हरसंभव मदद किया जाएगा।

### पाटन मनरेगा कर्मी ने विधायक राधाकृष्ण किशोर को मंत्री बनने पर दी बधाई

पाटन (पलामू)। पाटन छतरपुर के विधायक राधाकृष्ण किशोर उर्फ चुनू राम को मंत्री बनने पर पाटन प्रखंड कार्यालय के सभी मनरेगा कमीर्यों मनरेगा संघ के प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र उपाध्याय तथा बीएफटी संघ के जिला एवं प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने हार्दिक बधाई दी है। मनरेगाकर्मियों ने कहा कि पाटन छतरपुर विधानसभा के इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर उर्फ चुनू राम को विधायक पद के लिए प्रचंड जीत हासिल करने एवं मंत्री मण्डल मे मंत्री पद की शपथ लेते देख सभी मनरेगा कर्मी मे अपार हर्ष है।

## बराही धाम में बनेगा विश्व का सबसे ऊंचा मां दुर्गा का मंदिर

>> 14 अप्रैल 2025 को होगा भव्य भूमि पूजन समारोह

गौतम पटेल





**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड का ऐतिहासिक बराही धाम अब विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने जा रहा है। यहां 351 फीट ऊंचा मां दुर्गा मंदिर और 151 फीट ऊंचा नवग्रह मंदिर बनाया जाएगा। यह मां दुर्गा का विश्व का सबसे ऊंचा मंदिर होगा। इसकी आधारशिला 14 अप्रैल 2025 को भूमि पूजन के साथ रखी जाएगी। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम समिति ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इस भव्य परियोजना की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने की। इस मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह, सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, संजय कुमार सिंह, अयोध्या सिंह टिकैत, कुश कुमार सिंह, हीरा सिंह, मुखिया सुदामा यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने बताया कि बराही धाम में विश्व की सबसे बड़ी मां भगवती की मंदिर बनाने का निर्णय शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा लिया गया है। साथ ही यंहा 151 फिट की नवग्रह का मंदिर बनाया जाएगा। यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि इससे क्षेत्र में पर्यटन और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह ने बताया कि 105 फीट ऊंची हनुमानजी की प्रतिमा पहले ही बराही धाम को विशिष्ट बनाती है। यह प्रतिमा विश्व की पहली दक्षिणमुखी हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित है। उन्होंने बताया कि 105 फीट की हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान खुदाई में शेर पर सवार मां दुर्गा की प्रतिमा प्राप्त हुई थी। इसके बाद ही विश्व की सबसे ऊंची मां दुर्गा मंदिर बनाने का ट्रस्ट के लोगों ने संकल्प लिया था। इस धाम में विगत दो वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया जाता है।

**कई धर्मप्रेमियों के व ग्रामीण रहे मौजूद**

मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम के सदस्यों के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे मौके पर आचार्य शिव कुमार झा, कमला सिंह, राजेश्वर सिंह, धनंजय सिंह बब्लू सिंह जितेन्द्र कुमार सिंह धर्मप्रेमी मनोज कुमार गुप्ता, पिंटू सिंह, प्रभात कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, मंगल यादव, बलि यादव आदि मौजूद थे।

## जनसमस्याओं के समाधान को लेकर राज्य सरकार संवेदनशील : दीपक तिवारी

### नयी कैबिनेट में शामिल सभी मंत्रियों को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झामुमो के युवा नेता व इंडियन रोटी बैंक के झारखंड प्रदेश कॉर्डिनेटर दीपक तिवारी ने राज्य के जिलों में कार्यरत पदाधिकारियों, कर्मचारियों से राज्य सरकार के विकास में सहभागी बनने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन आमजनों की समस्याओं के निष्पादन को लेकर तत्पर रहें। योजनाओं के लाभ से वंचित व पीड़ित व्यक्तियों के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें संतुष्ट करने का कार्य करें। उन्होंने कहा है कि राज्य में झामुमो नेतृत्व की सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ विकास कार्यों में जूट गई है। हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही राज्य में विकास की लंबी लकीर खींची है। कैबिनेट विस्तार के बाद सरकार में शामिल मंत्री विकास कार्यों को गति देने में जूटे हैं। उन्होंने नयी कैबिनेट में शामिल सभी मंत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राज्य के जनता की समस्याओं का निराकरण को लेकर सरकार तत्पर और प्रतिबद्ध है। उन्होंने जिला, प्रखंड व पंचायत स्तरीय सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य कर्मियों से सरकार के प्रति सहयोगात्मक रवैया अपनाने का अनुरोध किया है। स्थानीय प्रशासन संवेदनशील रवैया अपनाते हुए जनता की हरेक समस्याओं का समाधान कर उन्हें संतुष्ट करने का कार्य करें। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की सत्ता हथियाने को लेकर तरह-तरह के षडयंत्र रचा, लेकिन राज्य की जनता ने उन्हें सबक सिखाने का काम किया और अबुआ सरकार को पूर्ण जनादेश देकर अबुआ राज का गठन किया।

उन्होंने कहा कि सरकार ने 'मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना' से राज्य की महिला-बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। पदाधिकारी-कर्मी इस भरोसा पर खरा उतरें और लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें।

## राधाकृष्ण किशोर को मंत्री बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

लोगों ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनाकर राज्य हित में अच्छा कदम उठाया है

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड में विधायक राधा कृष्ण किशोर के झारखंड सरकार में मंत्री बनाये जाने पर लोगों ने जश्न मनाया। किशोर को मंत्री बनाये जाने की खबर मिलते ही पाटन प्रखंड के लोगों ने चौक चौराहों पर आतीशबाजी किया। वहीं खुशी में मिठाई बांटी गई। पाटन छतरपुर विधायक राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनाये जाने पर समाजसेवी दया सिंह, डिकु सिंह, नावा खास मुखिया मनोज कुमार, पंकज सोनी, रिषि उपाध्याय, चंद्रकांत उपाध्याय, शक्ति शंकर गुप्ता सहित कई लोगों ने बधाई दी है। मौके पर लोगों ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनाकर राज्य हित में अच्छा कदम उठाया है। कांग्रेस ने पाटन छतरपुर के जनता की मांग को किशोर को मंत्री बनाकर पूरा किया है। किशोर ने कांग्रेस के नेतृत्व को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि जो भी विभाग कि जिम्मेवारी मुझे मिलेगी उसका निर्वहन ईमानदारी के साथ करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने पटना पुस्तक मेले का किया उद्घाटन



एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित पटना पुस्तक मेले का आज उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने पुस्तक मेला में विभिन्न प्रकाशनों के लगाये गये स्टॉल का जायजा लिया। सेंटर फॉर रीडरशिप डेवलपमेंट के तत्वावधान में लगाया गया पटना पुस्तक मेला 6 से 17 दिसम्बर तक चलेगा। पटना पुस्तक मेले में इस बार की थीम 'पेड़, पानी, जिंदगी, पर्यावरण बदलो अभी रखा गया है। पुस्तक मेले में लगायी गयी पेंटिंग प्रदर्शनी तथा विकसित भारत @ 2047 फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियान का फीता काटकर मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। पुस्तक मेले के आयोजक मंडल ने मुख्यमंत्री को पौधा एवं पुस्तक भेंटकर स्वागत किया। पटना पुस्तक मेला प्रांगण में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्रम संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने स्टॉल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जरिए लोगों को विशेष भू-सर्वे के संबंध में दी जा रही सेवाओं एवं सहूलियत के संबंध में दीपक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। पुस्तक मेला परिभ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जल और हरियाली सुरक्षित रहेगा, तभी जीवन सुरक्षित होगा। क्योंकि, जल और हरियाली के बीच ही जीवन संभव है।

इसको लेकर हमलोगों ने वर्ष 2019 में जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की थी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्रा सहित पटना पुस्तक मेले की आयोजक मंडली एवं बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी उपस्थित थे।

## कैथी लिपि की पुस्तिका का किया आवलोकन



मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग के स्टॉल पर आज कैथी लिपि की पुस्तिका का आवलोकन किया। पटना गांधी मैदान में लगे राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्टॉल पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आकर विभाग के जरिए रिलीज की गई कैथी लिपि की पुस्तिका का अवलोकन किया। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को इस पुस्तिका की विशेषता के बारे में जानकारी देते हुये बताया की बिहार में जितनी तरह की कैथी लिपि प्रचलित हैं, उनसभी का समावेश इसमें किया गया है। इसके अलावा एसीएस ने मुख्यमंत्री को बताया कि भूमि सर्वेक्षण से संबंधित सर्वे प्रश्नोत्तरी भी यहां उपलब्ध है। बिहार में तिरहुत, मगध एवं मैथिल क्षेत्रों में पुराने खतियान कैथी लिपि में हैं, जिससे आमलोगों को इनको समझने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आमलोगों की सुविधा के लिये विभाग के वेबसाइट्स पर भी इसे अपलोड कर दिया गया है, जहां से लोग इसे निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। मीडियाकर्मियों से बातचीत में अपर मुख्य सचिव ने बताया कि हमारी कोशिश है कि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो और मेला घूमने आने वाले लोग राजस्व विभाग के स्टॉल पर आकर विभाग की सेवाओं का लाभ भी ले सकें। साथ ही लोग अपने गांव का नक्शा निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम कोई नई भाषा सीखते हैं, उसी तरह से कैथी लिपि की यह पुस्तिका लोगों को अपने पुराने खतियान समझने में मदद करेगी। भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे प्रियदर्शिनी ने इस पुस्तिका की विशेष जानकारी देते हुए बताया कि कुछ जिलों के पुराने खतियान कैथी लिपि में हैं। सर्वे कर्मियों सहित आमलोगों को भी इसे समझने में परेशानी होती थी। वेबसाइट पर यह निःशुल्क डाउनलोड के लिये उपलब्ध है। निदेशालय जल्द ही इसे प्रिंट करवाकर एक पुस्तक के रूप में आमलोगों को एक नियत शुल्क पर उपलब्ध करवायेगा। इससे सर्वे संबंधित कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आयेगी। अपर मुख्य सचिव ने मेला घूमने आये नागरिक की सर्वे संबंधित समस्या का ऑन-द-स्पॉट निराकरण किया। पटना पुस्तक मेले में पालीगंज ब्लॉक से आए संजय कुमार ने अपनी समस्या विभाग के अपर मुख्य सचिव, दीपक कुमार सिंह के समक्ष रखी। संजय कुमार की समस्या ऑनलाइन म्यूटेशन के आवेदन से संबंधित थी। अपर मुख्य सचिव ने विभाग के स्टॉल पर कार्यरत कर्मी को त्वरित समाधान का निर्देश दिया। कुछ ही देर में उनकी समस्या का समाधान हो गया।

## भाजपाईयों ने पुण्यतिथि पर भीमराव अंबेडकर से ली प्रेरणा

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पिंडरा गढ़वा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश के उत्थान के लिए काम किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय ठाकुर, मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र विश्वकर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता अरविंद, महामंत्री सुरेन्द्र राम, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, मनोज कुशवाहा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान के साथ मनाया अंबेडकर जयंती

**कांडी।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि भाजपा कार्यालय कांडी में मंडल अध्यक्ष शशिरंजन दुबे की अध्यक्षता में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। मंडल कार्यालय में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। उन्होंने हमेशा गरीबों के उत्थान के लिए कार्य किया। मौके पर राम लखन प्रसाद, रामलखन चंद्रवंशी, अंजू देवी, लालू शाह, श्रीराम पांडेय, बुधन राम आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी आमजनों की समस्याएं



समस्याएं सुनते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन कर फरियादियों की समस्याएं सुनी एवं उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन समेत अन्य समस्याएं सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सर्वप्रथम भवनाथपुर अंचल कार्यालय में कार्यरत अमित केरकेट्टा ने अपने आवेदन के माध्यम से डीसी से उनके उपर लगे आरोप से मुक्त करने संबंधित अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि उनके उपर लगे आरोप निराधार है। उन्होंने संबंधित अधिकारी के समक्ष अपना स्पष्टीकरण दे चुकें है इसके बावजूद भी उन्हें पिछले लगभग डेढ़ वर्षो से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। भवनाथपुर के मिथिलेश चौरसिया ने बताया कि उनके यहां के नन्द कुमार सेठ द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण का अतिक्रमण किया गया है तथा मंदिर में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। अतः उन्होंने मंदिर प्रांगण को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर डीसी से अनुरोध किया।

मेराल के रविंद्र कुमार चौबे ने अभिलेखागार गढ़वा से खतियान की प्रति उपलब्ध कराने के लिए डीसी से अनुरोध किया। प्रखंड कार्यालय रंका से आये राहुल कोरवा ने अपना आवेदन देते हुए बताया कि उन्हें माइग्रेन तथा हृदय रोग की शिकायत है जिसकी वजह से उन्हें निरंतर चिकित्सीय परामर्श के लिए जाना पड़ता है। अतः उन्होंने डीसी से जिला मुख्यालय के किसी विभाग में पदस्थापित करने के लिए निवेदन किया। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों का समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सभी अपूर्ण योजनाओं को एक सप्ताह में करें पूरा : डीसी

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को डीसी सह जिला दण्डाधिकारी शेखर जमुआर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा किया। बैठक में सभी संबंाित विभागों के पदाधिकारियों ने एक-एक कर अपने विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन डीसी के समक्ष प्रस्तुत किया। समीक्षा बैठक में डीसी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत योजनाएं, आंगनबाड़ी योजना, पोषण ट्रैकर, 15वें वित्त समेत अन्य योजनाओं एवं कार्यों की गहन समीक्षा की। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने समीक्षा के उपरांत सभी पदाधिकारियों से कहा कि जितने भी योजनाएं अभी तक अपूर्ण है, उसे एक सप्ताह में पूर्ण करते हुए सूचित करें। जिले का कोई भी योग्य व्यक्ति सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से वंचित न रहने पाये। जिला प्रशासन इसको पूर्ण करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हम सभी टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए इन सभी योजनाओं को पूर्ण कर लेंगे। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, भूमि उपसमाहर्ता सह पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, समाज कल्याण पदाधिकारी अलका कुमारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## डीसी एवं एसपी ने कैडर्स को पुरस्कार ने नवाजा

### नामधारी महाविद्यालय में एनसीसी दिवस



पुरस्कृत करते डीसी व एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामाारी महाविद्यालय में 76वां एनसीसी दिवस समारोह बड़े ूमााम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। दोनों अतिथियों को गार्ड अफ अनर दिया गया। समारोह के दौरान सांसतिक कार्यक्रम में उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि एनसीसी देश की सेवा, अनुशासन और समाजसेवा के प्रतीक के रूप में कार्य करता है, जो विद्यार्थियों को देशप्रेम और नेतृत्व की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि वह स्वयं एनसीसी के एक कैडेट रह चुके हैं और एनसीसी के अनुभवों ने उन्हें जीवन में अनुशासन और समर्पण की भावना सिखाई है।

## एक ही रात चार घरों से लाखो की चोरी

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में चोरो ने एक ही रात चार घरो से लाखो की चोरी कर फरार हो गये। पीड़ित सुदामा तिवारी, धीरेंद्र शाह उर्फ नोकिया,नगीना शाह व अनुज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि करीब बारह लाख रुपये के समान लेकर चोर फरार हो गए। सुदामा तिवारी और अपने परिवार को लेकर किसी शादी समारोह में गए थे , इसी बीच चोर घर के मेन गेट के ताला को तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए और जेवरात पैसा व कपड़ा रखा हुआ बैग लेकर फरार हो गये। जब इस बात के सूचना श्री तिवारी को मिला तो अपने परिवार को लेकर अपने घर पहुंचे तो देखें मेन गेट के ताला टूटा हुआ है और सामान गायब हैं। घर मे कपड़ा बैग बिखरा हुआ मिला। वहीं दूसरे तरफ धीरेंद्र शाह उर्फ नोकिया के पत्नी और बेटी दूसरे घर पर सोई थी और बेटा व बहू दूसरी मंजिल पर सोया था,जब सुबह में देखा तो दरवाजा टूटा हुआ था चोरों ने दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश कर जेवरात पैसा व कपड़ा रखा हुआ बैग लेकर फरार हो गये थे। दूसरे तरफ नगीना शाह के घर दरवाजे तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए और नगद राशि लेकर फरार हो गये वही अनुज कुमार श्रीवास्तव के घर पर पहुंचे चोरों को कोई वस्तु हाथ नहीं लगा।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने 50 गरीबों को प्रदान किया कंबल



कंबल वितरण करते सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने गढ़वा जिला मुख्यालय के सार्वजनिक स्थलों पर ठंड से ठिठुर रहे 50 गरीबों को कंबल प्रदान किया। ठंडक से राहत मिलने पर गरीबों ने सेवा प्राधिकार के लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। बता दें कि प्राान जिला एवं सत्र न्यायाीश सह जिला विाकि सेवा प्राािकार गढ़वा के अयक्ष नलिन कुमार ने जिला विाकि सेवा प्राािकार गढ़वा के सचिव रवि चौारी को इसके लिए आदेष दिया था। इस आदेष के बाद प्राधिकार की टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, फुटपाथ पर विश्राम कर रहे गरीब, अनाथ, असहाय लोगों को ढूंढ निकाला। वे ठंड से ठिठुर रहे थे। उनके तन पर फटे पुराने चादर थे। ऐसे 50 से अधिक व्यक्तियों को प्राधिकार की ओर से कंबल प्रदान किया गया तथा उन्हें रैन बसेरा में विश्राम करने की सलाह दी गई। पांच लोगों को रेन बसेरा में विश्राम करने के लिए ले जाया गया। ताकि वे सुरक्षित विश्राम कर सकें। मौके पर पीएलवी ष्णा नन्द दुबे, रामाशंकर चौबे, गढ़वा नगर परिषद के सीएमएम, महिला आश्रय गृह की सुनीता पांडेय आदि उपस्थित थी।

## कंटेनर से 44 लाख रूपये का शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



बरामद शराब

**गढ़वा।** नगर ऊंटारी पुलिस ने गुरुवार को एक कंटेनर से 44 लाख रूपये का शराब बरामद किया है। साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में राजस्थान के बाड़मेर जिले के गुडामलानी थाना क्षेत्र के पादरडीह गांव निवासी पुरखाराम बिश्नोई का पुत्र गणपत लाल, हरियाणा के गुड़गांव जिले के न्यू कलोनी थाना क्षेत्र के मनोहर नगर बशी रोड पटौदी चौक मोहल्ला निवासी ताराचंद सैनी का पुत्र पिंटू सैनी एवं उसी गांव के स्व. फकीरचंद का पुत्र अमित कुमार का नाम शामिल है। इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। एसपी श्री पांडेय ने बताया कि उन्हें गुरुवार को 11:10 पर गुप्त सूचना मिली था कि लुायिाना पंजाब से अवैा विदेशी शराब लोड कंटेनर उत्तर प्रदेश के विडमगंज की ओर से होते हुए बिहार एवं झारखंड के अन्य स्थानों पर जाने वाली है। इसके बाद उनके निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर उंटरी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। इसके बाद छापामारी दल ने नगर ऊंटारी थाना गेट तथा नगर उतरी थाना क्षेत्र के सीरिया टोगर में अवैध शराब के परिवहन के विरुद्ध चेकिंग अभियान लगाया। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान एक कंटेनर वाहन संख्या यूपी 21 ईटी 0940 तेजी से आया। इसी क्रम में चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान के द्वारा रोका गया। उन्होंने बताया कि कंटेनर में लोड सामान के बारे में पूछा गया तो चालक के द्वारा इलेक्ट्रनिक सामान लोड होने की बात बतायी गई। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रनिक सामान से संबंधित दस्तावेज पुलिस को दिया।

इसके बाद पुलिस ने चालक से कंटेनर वाहन खोल कर दिखाने के लिए कहा तो चालक ने उसमें अवैध विदेशी शराब लोड होने की बात बताया। एसपी ने बताया कि पुलिस और सेल्स टैक्स अफिसर से बचने के लिए अवैा विदेशी शराब लोड कंटेनर के आगे आगे कर में दो लोग स्कोट कर रहे थे। उसे भी छापामारी दल के द्वारा दोनों लोगों को पकड़ा गया। उन्होंने ने बताया कि पुलिस ने कंटेनर वाहन में लोड 285 कार्टून विदेशी शराब, इलेक्ट्रनिक सामान से संबंधित फर्जी दस्तावेज, एचआर 26 डीजेड 2900 कार बरामद किया है। उन्होंने बताया कि मैगडॉवल्स शराब 9120 पीस 190 कार्टून, व्हाइट ब्लू 2160 पीस 45 कार्टून एवं बुडवाईसर मैग्नम 123050 कार्टून शराब शामिल है। उन्होंने बताया कि इसकी बाजार मूल्य लगभग 44 लाख रुपए है। छापामारी दल में एसडीपीओ के अलावे पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, नगर ऊंटारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार रवि, जितेंद्र कुमार, सुंदर सोरेन, सहायक अवर निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, संजय पासवान, आरक्षी कौशल कुमार द्विवेदी, निकेतन यादव, दशानंद महतो, नितेश कुमार श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### अभी नहीं तो कभी नहीं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिला पाएंगे नीतीश : तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आज संवाद यात्रा के क्रम में बेगूसराय पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार नीतीश कुमार के कंधों पर टिकी है। यदि अब भी वे बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिला पाते हैं तो फिर कभी नहीं दिला पाएंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग सिर्फ 17 माह सरकार (जदयू-राजद) में रहे। इस दौरान 10 लाख नौकरियां उन्हीं (नीतीश) के हाथों से दिलवाई, चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी बनाने का रास्ता साफ किया। आइटी, स्पोर्ट्स, टूरिज्म पालिसी मजबूत की। निवेशकों को बिहार में आमंत्रित किया लेकिन उसके बाद कुछ नहीं हुआ। कोई नई स्कीम नहीं चली। यदि हम सत्ता में आते हैं तो सामाजिक सुरक्षा के तहत दिव्यांग, विधवा, वृद्ध आदि को चार सौ की जगह 1500 रुपये पेंशन देंगे। तेजस्वी ने कहा कि प्रत्येक परिवार को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त कराएंगे। विपक्ष में होने के नाते राज्य सरकार पर भी दबाव बनाएंगे कि वे प्रत्येक परिवार को अभी से दो सौ यूनिट बिजली फ्री दे। तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री थक चुके हैं। अब उन्हें भाषण देने से भी रोका जा रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है कि इस बार के दोनों सदन में मुख्यमंत्री ने एक भी गंभीर विषय पर कुछ नहीं बोले। मुख्यमंत्री सदन के नेता होते हैं, उनसे सभी को अपेक्षा रहती है। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री को बोलने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में आपराधिक ग्राफ बढ़ा है। घटनाओं की सही से जांच तक नहीं हो पा रही है। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री का सिर्फ चेहरा इस्तेमाल कर रहे हैं।

### परमान नदी में 3.80 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं को डीएम ने किया प्रवाह

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित परमान नदी किनारे त्रिसुलिया घाट पर 'रिवर रैचिंग' कार्यक्रम के तहत मत्स्य अंगुलिकाओं को नदी में छोड़ा । इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि मत्स्य अंगुलिकाओं छोड़ा जाना नदी के पुनर्स्थापना के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उक्त कार्यक्रम में 3.80 लाख (तीन लाख अस्सी हजार) मत्स्य अंगुलिकाओं को नदी में छोड़ा गया है। मत्स्य विकास पदाधिकारी अररिया बताया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत यह कार्यक्रम पूरे बिहार में चलाया जा रहा है। इस योजना के द्वारा नदी में पर्याप्त मात्रा में मत्स्य अंगुलिकाओं होने से नदी का पुनर्स्थापना होगा। वही, इस अवसर में मत्स्य विभाग के संयुक्त निदेशक प्रसार एवं प्रशिक्षण गौरी शंकर, उप मत्स्य निदेशक पूर्णिया शंभू राय, जिला मत्स्य पदाधिकारी अररिया नागेंद्र कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अररिया श्री नितेश कुमार पाठक, मत्स्य विकास पदाधिकारी अररिया चंदन कुमार एवं संबंधित पदाधिकारी सहित मत्स्य कृषक उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री से मिले तारकिशोर प्रसाद

**पटना।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने आज केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी से नई दिल्ली स्थित संसद कक्ष में मुलाकात की। तारकिशोर प्रसाद ने देश को विश्वस्तरीय रोड कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री नितिन जयराम गडकरी मुलाकात कर प्रस्तावित ₹पटना-पूर्णिया ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे₹ परियोजना को कटिहार तक विस्तारित करने के लिए आग्रह-पत्र दिया है। उन्होंने कहा कि मुलाकात काफी सार्थक रही। गडकरी ने अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। तारकिशोर ने कहा कि इस एक्सप्रेस-वे को कटिहार से जोड़ने पर मात्र 5-6 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। इस एक्सप्रेस-वे को कटिहार तक विस्तारित करने से मनिहारी एवं पड़ोसी राज्य झारखंड स्थित साहेबगंज के बीच गंगा नदी पर निमार्णाधीन पुल होते हुए सड़क सम्पर्कता मिलेगी। ऐसा होने से नार्थ-ईस्ट भारत सहित बिहार एवं झारखंड के करोड़ों लोग लाभान्वित होंगे।

### राज्य के आला अफसरों ने फ्लड-प्लेन जोनिंग पर किया मंथन

**पटना।** बिहार में बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए फ्लड-प्लेन जोनिंग अपनाने की संभावनाओं और चुनौतियों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए आज एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से फ्लड-प्लेन जोनिंग से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने फ्लड-प्लेन जोनिंग को प्रचारित किया है। इसमें बाढ़ की प्रकृति और आवृत्ति के अनुसार विभिन्न नदियों की बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का वर्गीकरण और उनके उपयोग की सीमा तय की गई है। उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने फ्लड-प्लेन जोनिंग को बाढ़ प्रबंधन के लिए एक प्रभावी गैर-संरचनात्मक उपाय माना है। बैठक में प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने केंद्र सरकार के जरिए फ्लड-प्लेन जोनिंग के संबंध में उपलब्ध कराये गये 'तकनीकी दिशा-निदेर्शों के प्रारूप' के अनुरूप बिहार में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में होने वाले स्वीकृत और प्रतिबंधित विकास कार्यों तथा बिहार की परिस्थितियों के अनुरूप उसके प्रभाव की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बिहार में इसे लागू करने में पेश आने वाली संभावित चुनौतियों की विस्तृत चर्चा की, जिस पर बैठक में विचार-विमर्श किया गया। मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने इस संबंध में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी से विस्तृत अध्ययन कराने और केंद्र सरकार से उपलब्ध कराये गये 'तकनीकी दिशा-निदेर्शों के प्रारूप' पर राज्य सरकार का मंतव्य उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

### जयनगर-नई दिल्ली गरीब रथ बिना बोगी के दो किलोमीटर निकली आगे

**पटना।** समस्तीपुर रेल मंडल के मधुबनी जिला अन्तर्गत जयनगर के लक्ष्मीपुर हॉल्ट के पास आज जयनगर-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस की बोगियां इंजन से अलग हो गई। इस दौरान इंजन बिना बोगी के ही लगभग दो किलोमीटर आगे निकल गयी। ट्रेन के गार्ड ने इंजन के ड्राइवर से संपर्क किया। इसके बाद इंजन को फिर से बोगी से जोड़ा गया, जिसके बाद ट्रेन रवाना हुई। ट्रेन में बैठे यात्रियों ने बताया कि जयनगर से प्रस्थान करने के बाद खजौली रेलवे स्टेशन पास करने के बाद ठाहर रेलवे गुमटी के समीप धीरे-धीरे रुक गई। फिर डिब्बे से इंजन अलग होकर ललित लक्ष्मीपुर के आगे तक चली गई थी। यात्रियों ने देखा कि ट्रेन एकाएक रुक गई। उतर कर देखा तो इंजन डिब्बे से अलग होकर काफी दूर जा चुका था। गनिमत यह रही कि ट्रेन उस समय ज्यादा रफ्तार में नहीं थी, जिसके कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस दौरान आनन फानन में रेलकर्मियों ने भी अपनी गलती सुधारी और 40 मिनट के इंतजार के बाद ट्रेन को फिर से रवाना कर दिया।

### कलयुगी पिता ने गला दबाकर की अपने संतान की हत्या

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र नगर परिषद के वार्ड 21 गंगापुर मोहल्ले में बीते देर रात एक कलयुगी पिता ने अपने ही संतान को नाजायज कह कर उसकी हत्या कर दी। घटना से पहले पत्नी से मारपीट भी किया फिर मासूम की हत्या गला दबाकर कर दी। घटना के बाबत बताया जा रहा है कि राजा साह को शक था कि उसकी पत्नी रूबी कुमारी का किसी युवक से अवैध संबंध है और रोशन कुमार (ढाई माह) उसी युवक का बेटा है। इस बात को लेकर अक्सर पति-पत्नी में झगड़ा होता था। कल शाम को भी राजा अपने बेटे को नाजायज संतान कहकर पत्नी के साथ मारपीट की थी। इसके बाद देर रात बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी।

स्पीड न्यूज

## जेपी नड्डा आज टीबी उन्मूलन अभियान की करेंगे शुरूआत

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को हरियाणा के पंचकूला में भारत में टीबी की घटनाओं और मृत्यु दर की चुनौतियों से निपटने के लिए 100 दिवसीय सघन अभियान की शुरूआत करेंगे। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्य की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी मौजूद रहेंगे।

## 'वनवास' की कहानी दिल को छू गयी : नाना पाटेकर



मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का कहना है कि जब उन्होंने फिल्म वनवास की कहानी पहली बार सुनी तो वह उनके दिल को छू गयी। गदर 2 की जबरदस्त सफलता के बाद, निर्देशक अनिल शर्मा अब अपनी नई फिल्म वनवास के साथ एक और इमोशनल और सोचने पर मजबूर करने वाली कहानी पेश करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में नाना पाटेकर उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर लीड रोल्स में हैं।गदर : एक प्रेम कथा जैसी फिल्मों के लिए जाने जानें वाले अनिल शर्मा ने इस इमोशनल ड्रामा को डायरेक्ट और प्रोड्यूस करने के साथ ही लिखा भी है।

## चित्रकूट : ट्रक-बस में भिड़ंत,छह की मौत

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के रापुरा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह बोलेरो कार और ट्रक की आमने-सामने हुई टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब 5:30 बजे एनएच-35 पर एक तेज रफ्तार बोलेरो की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गयी।

## पानीपत : फैक्ट्री में आग से दो मजदूर जिंदा जले

चंडीगढ़। पानीपत की धागा फैक्टरी में बुधवार रात लगी आग में पांच कर्मचारी झुलस गए। जिनमें दो की मौत हो गई व तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान सुमित और तसमिल के रूप में हुई है।

## बीजापुर में 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर शुक्रवार को 5 हार्डकोर नक्सलियों ने समर्पण किया है।इन सभी पर 11 लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सलियों ने बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ.जितेन्द्र यादव, सीआरपीएफ 202 कमांडेंट अमित कुमार, उप पुलिस अधीक्षक सुदीप सरकार व अन्य सीआरपीएफ व पुलिस के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। सभी नक्सली पुलिस पार्टी पर फायरिंग, लूट, हत्या, आगजनी जैसे बड़ी घटनाओं में शामिल रहे हैं।

## कन्नौज में सड़क हादसा, आठ मरे

कन्नौज। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार को डबल डेकर बस के खड़े वाटर टैंकर से टकरा जाने से आठ यात्रियों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। एसपी ने बताया कि यात्रियों को लेकर लखनऊ से दिल्ली जा रही बस दोपहर को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर पास खड़े वाटर टैंकर से टकरा गयी। आठ लोगों की मौत हो गयी।

# राज्यसभा में नोटों की बरामदगी को लेकर हंगामा

### भाजपा सांसदों ने कांग्रेस से मांगा जवाब, खड़गे बोले-नियमों के तहत हो जांच

एजेंसी




नयी दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को हंगामे के कारण गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों पर चर्चा नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। भाजपा सांसदों ने शुक्रवार को सदन में नोटों की बरामदगी को लेकर कांग्रेस से जवाब मांगते हुए नारे लगाए। उपसभापति हरिवंश ने सत्ता पक्ष के सदस्यों को शांत कराने का प्रयास किया।

उन्होंने सदस्यों से कहा कि सदन की कार्यवाही चलने देना चाहिए। उन्होंने आईयूएमएल राज्य सदस्य अब्दुल वहाब से एजेंडे में उनके नाम के तहत सूचीबद्ध अपना प्रस्ताव पेश करने को कहा। जब वहाब अपना प्रस्ताव पढ़ रहे थे, तब सत्ता पक्ष के सदस्य खड़े होकर नारे लगाते रहे। उसी दौरान विपक्ष के कुछ सदस्य भी बोलने लगे, लिहाजा उपसभापति ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह सदन की कार्वाही शुरू होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि गुरुवार को सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने सूचित किया कि सीट नंबर 222 के पास से नकदी बरामद हुई है। यह सीट तेलंगाना से राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है। इस मामले की जांच नियमों के अनुसार की जा रही है। सभापति ने जैसे ही यह बात कही, विपक्षी सांसद नाराज हो गए और शोर मचाने लगे। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीच में खड़े हो कर कहा कि नियमों के तहत जांच होनी चाहिए। जब तक मामले की जांच चल रही है और यह साबित नहीं हो जाता, तब तक सभापति को अभिषेक मनु सिंघवी का नाम नहीं लेना चाहिए था। इस पर सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि यह असाधारण घटना है, इसकी जांच होनी चाहिए। इसके बाद दोनों पक्षों की सहमति से शून्य काल शुरू किया गया। इसके तहत फेंजल चक्रवात, नशे की लत, तमिलनाडु में पर्यटन के विकास , गैर संचारित बीमारियों की रोकथाम, पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना, अदालतों में लंबित मामले, निजी सेक्टर में काम के दौरान तनाव पर सांसदों ने अपनी बात रखी। 12 बजे प्रश्नकाल शुरू हुआ, जिसमें किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के मुद्दे, ग्रामीण विकास और जैविक खेती पर प्रश्न पूछे गए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सभी कृषि उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। चौहान ने सदन को बताया कि किसानों की सभी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। यह मोदी सरकार है और मोदी की गारंटी को पूरा करने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जब दूसरी तरफ के हमारे मित्र सत्ता में थे, तो उन्होंने रिकॉर्ड पर कहा था कि वे एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को स्वीकार नहीं कर सकते, खासकर उपज की लागत से 50 प्रतिशत अधिक देने की बात पर यह कहा था। इसके सारे रिकॉर्ड हैं।सभापति ने शिवराज सिंह चौहान की तारीफ करते हुए उन्हें किसान का लाड़ला बताया। ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह के विकास के मुद्दे पर ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डॉ चंद्रशेखर पम्मासानी ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने संस्थाओं को विस्तार देकर उनकी आजीविका को बढ़ाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

## लोकसभा में नहीं हुआ कोई कामकाज

नयी दिल्ली। लोकसभा शुक्रवार को एक बार स्थगित होने के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। इस दौरान भाजपा नेता निशिकांत दूबे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश में विदेशी हस्तक्षेप के मुद्दे पर गंभीर आरोप लगाए। लोकसभा में सुबह विपक्ष ने अपनी मांगों को लेकर हंगामा किया। इसपर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष से पूछा कि किया वे सदन को चलने नहीं देना चाहते। उन्होंने विपक्ष के आचरण पर आपत्ति जताई और कार्यवाही को 12 बजे तक स्थगित कर दिया।

## अडाणी मुद्दे को लेकर विपक्ष ने किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली। कांग्रेस के नेतृत्व में कई विपक्षी दलों के सांसदों ने शुक्रवार को अडाणी मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारी काले रंग का मास्क पहने हुए थे, जिन पर स्लोगन लिखे हुए थे। विरोध प्रदर्शन में कई इंडी गठबंधन वाली पार्टियों के नेताओं ने हाथों में संविधान की एक प्रति भी ले रखी थी। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारियों में शामिल राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत विपक्षी सांसदों ने अडाणी के प्रति कथित पक्षपात पर चिंता जताई। विरोध करने वाले सांसदों ने मोदी अडाणी, भाई भाई नारे वाले मास्क पहने हुए थे और सरकार पर विवादों के बीच अडाणी को बचाने का आरोप लगाया। राहुल और प्रियंका गांधी ने संविधान की प्रतियां हाथ में लिये हुए थे। उन्होंने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर इसके महत्व पर जोर दिया और संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया।



अडाणी मुद्दे पर संसद भवन के बाहर शुक्रवार को प्रदर्शन करते राहुल और प्रियंका।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों दुकानों व मंदिरों पर हमला

### सुनामगंज में उपद्रवियों ने 100 घरों को किया क्षतिग्रस्त

एजेंसी



ढाका। बांग्लादेश में सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्ण कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के बाद चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। दुनियाभर में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जुल्म-ओ-सितम की तीखी आलोचना हो रही है। इस सबके बीच सुनामगंज में फेसबुक पोस्ट के बाद हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हमले के बाद तनाव बढ़ गया है। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, 21 वर्षीय हिंदू युवक आकाश दास की फेसबुक पोस्ट पर जारी एक तस्वीर से दूसरे समुदाय के लोग भड़क गए। नफरत की आंधी ने मंगलवार रात सुनामगंज के दोवाराबाजार उपजिला के सुदूरवर्ती गांव मंगलारगांव में कोहराम मचाया। हिंदुओं के घरों, दुकानों और मंदिरों पर जमकर तोड़फोड़ की गई। दोवाराबाजार पुलिस स्टेशन के प्रभारी जाहिदुल हक ने इसकी पुष्टि की। मंगलारगांव से सुनामगंज पहुंचे लोकनाथ मंदिर प्रबंध कमेटी के महासचिव खोकन रॉय के अनुसार, भीड़ ने लोकनाथ मंदिर पर भी हमला किया। इस दौरान 15 लाख रुपये से अधिक का कीमती सामान चोरी हो गया। उन्होंने दावा किया कि लगभग 100 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सोने के आभूषणों की दुकानों और हिंदू स्वामित्व वाली दुकानों में लूटपाट की गई। हालांकि पुलिस ने लूटपाट की घटनाओं से इनकार किया है।

## विदेश सचिव सोमवार को जायेंगे बांग्लादेश

नयी दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री 9 दिसंबर को बांग्लादेश जाएंगे। इस दौरान वे अपने समकक्ष और अन्य नेताओं एवं अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिन्दुओं के हालात और हिन्दू धमार्चार्यों की गिरफ्तारी के मुद्दे पर प्रवक्ता ने भारत के रुख को एक बार फिर दोहराया और कहा कि लोगों के कानूनी अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए और उन्हें स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ट्रायल मिलना चाहिए।

# संविधान को लेकर ढोंग करने वाले बांग्लादेश के हालात पर मौन : योगी

एजेंसी

- जब तक बांग्लादेश में जिन्ना का जिन्न रहेगा तब तक ऐसी अराजकता होती रहेगी
- बाबा साहेब ने कहा था, देश का बंटवारा मत होने दीजिए



लखनऊ। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि संविधान की प्रति दिखा कर ढोंग करने वाले आज बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्ध और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रही जुल्म ज्यादती पर मौन साधे हुये हैं। विधानसभा मार्ग स्थित आंबेडकर महासभा परिसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के निर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को कट्टरपंथियों द्वारा मारा जा रहा है। उन्हें जलाया जा रहा है। उनकी संपत्तियों को लूटा जा रहा है। इतना ही नहीं माता और बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। योगी बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि देश को बंटने मत दो। अगर ऐसा हुआ तो आर-पार की लड़ाई शुरू हो जाएगी, जो आज हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि जब तक बांग्लादेश में जिन्ना का जिन्न रहेगा तब तक इस तरह की अराजकता होती रहेगी। वहां पर गरीबों और वंचितों का शोषण हो रहा है। यह पाप 1947 में देश के विभाजन के रूप में सभी के सामने आया था। उसी का बदसूरत स्वरूप बांग्लादेश के रूप में फिर हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने 1946-47 में ही जनता को इसे लेकर आगाह कर दिया था, उन्होंने कहा था कि देश का बंटवारा मत होने दीजिए। अगर यह हो गया तो आर-पार की लड़ाई शुरू हो जाएगी, जो आज हमारे सामने है। मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि आज कुछ लोग समाज को धोखा दे रहे हैं। वह समाज में झूठ फैला रहे हैं। यह वही लोग हैं, जो उस समय हैदराबाद के निजाम और उनके रजाकारों द्वारा दलितों के गांव जलाए जा रहे थे तो चुप थे। उस दौरान उनका शोषण हो रहा था। उन पर अत्याचार किया जा रहा था। उस समय भी बाबा साहब आंबेडकर ने खुला पत्र लिखा था कि हैदराबाद के निजाम की रियासत के सभी दलितों, जिन पर अत्याचार हो रहा है, वह निजाम की रियासत को छोड़कर महाराष्ट्र की ओर चले जाएं, लेकिन अपना धर्म और मत न बदलें।

# अष्टलक्ष्मी महोत्सव में देश और दुनिया देखेगी पूर्वोत्तर का सामर्थ्य : प्रधानमंत्री

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मंडपम में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि दिल्ली पूर्वोत्तरमय हो गई है। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय महोत्सव में देश और दुनिया को पूर्वोत्तर का सामर्थ्य देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर महोत्सव को समर्पित एक डाक टिकट का भी विमोचन किया। पहली बार मनाया जा रहा तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 8 दिसंबर तक चलेगा। मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में निवेश के लिए उत्साह है। बीते एक दशक में हमने पूर्वोत्तर रीजन के विकास में अद्भुत यात्रा देखी है लेकिन यहां तक पहुंचना सरल नहीं था। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर को भारत की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए हमने हर संभव कदम उठाये। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान नार्थईस्ट के विकास के लिए अलग मंत्रालय बनाया गया। बीते दशक के दौरान हमने पूर्वोत्तर के साथ दिल्ली और दिल के अंतर को कम करने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों ने पिछले दशक में 700 से अधिक बार पूर्वोत्तर के राज्यों का दौरा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम पूर्वोत्तर को भावना, अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी की त्रिमूर्ति से जोड़ रहे हैं।

## 85 केंद्रीय विद्यालय व 28 नवोदय विद्यालय खुलेंगे

नयी दिल्ली। देश भर के अलग अलग जिलों में 85 नये केन्द्रीय विद्यालय और 28 नये नवोदय विद्यालय खोले जायेंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विन वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कर्नाटक के शिवमोगा जिले में मौजूदा केंद्रीय विद्यालय का विस्तार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन सभी विद्यालयों को खोलने पर 8 हजार 232 करोड़ रुपए के खर्च का अनुमान है।

केन्द्रीय विद्यालय योजना के तहत सभी कक्षाओं में दो अतिरिक्त अनुभाग जोड़कर केंद्र सरकार के कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की सुविधा प्रदान की जाएगी। केन्द्रीय विद्यालयों पर 5 हजार 872 करोड़ रुपए का खर्च आने का अनुमान है।

# रेपो रेट 11वीं बार यथावत, नहीं होगा सस्ता लोन

एजेंसी

- रेपो दर 6.5 %, एसडीएफआर 6.25 %, एमएसएफआर 6.75 प्रतिशत बरकरार : शक्तिकांत
- सीआरआर घटकर चार प्रतिशत , बैंकों में 1.16 लाख करोड़ नकदी उपलब्ध होगी
- 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को पहले के 7.2 प्रतिशत से कम कर 6.6 प्रतिशत किया गया



मुंबई। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में आयी शिथिलता और खुदरा महंगाई में हाल की तेजी पर कड़ी नजर रखते भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को लगातार 11वीं बार नीतिगत दरों विशेषकर रेपो दर को यथावत रखने का फैसला किया जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है। हालांकि नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 0.5 प्रतिशत कम करके 4 प्रतिशत कर दिया है जिससे बैंकिंग तंत्र में 1.16 लाख करोड़ रुपये आ गया है। मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार की वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया और यह अभी भी इसी स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद चालू वित्त वर्ष की पांचवी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि एमपीसी ने मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। समिति के छह में से चार सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और मौद्रिक नीति के रूख को न्यूट्रल रखने का निर्णय लिया गया है।

समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है जबकि नकद आरक्षित अनुपात को 4.5 प्रतिशत से कम कर 4.0 प्रतिशत कर दिया गया है इससे बैंकिंग तंत्र में 1.16 लाख करोड़ रुपये आ गये हैं। उन्होंने कहा कि सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि अनुमान को पहले के 7.2 प्रतिशत से कम कर 6.6 प्रतिशत किया गया है। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही 6.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी गयी है।

## किसानों को बिना किसी गारंटी के मिलेगा दो लाख रुपये तक कर्ज

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को किसानों के लिए बिना किसी गारंटी के 2 लाख रुपये का तक का लोन मुहैया कराने की घोषणा की है। फिलहाल ये सीमा 1.6 लाख रुपये है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने एमपीसी की समीक्षा बैठक में लिये गए फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि मुद्रास्फीति और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल की लागत में वृद्धि के मद्देनजर गारंटी मुक्त कृषि ऋण की सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय किया गया है। शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक ने बढ़ती महंगाई से परेशान किसानों को राहत देने के उद्देश्य से ये फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने को लेकर छोटे और सीमांत किसानों का दायरा बढ़ेगा।

## शेयर बाजार में तेजी पर ब्रेक, सेंसेक्स 56.74 अंक लुढ़का

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, रिलायंस, इंफोसिस, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक समेत सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले पांच दिनों की तेजी शुक्रवार को थम गई। सेंसेक्स 56.74 अंक की गिरकर 81,709.12 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 30.60 अंक फिसलकर 24,677.80 अंक पर आ गया। हालाकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा, जिससे मिडकैप 0.36 प्रतिशत बढ़कर 47,669.72 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत की छलांग लगाकर 57,050.71 अंक हो गया। बीएसई में कुल 4088 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2399 में लिवाली जबकि 1590 में बिकवाली हुई वहीं 99 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

